# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


इस कार्रवाई के साथ बीस एकड़ में बनाया गया ड्रग्स केस के आरोपी मछली परिवार का अवैध साम्राज्य तबाह हो गया, मछली परिवार के कब्जे से अब तक करीब 100 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन कब्जे में ली गई



सरकारी जमीन पर कब्जा कर 15 हजार वर्गफीट एरिया में बनाई थी

**सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने में 21 दिन की देरी**

# पांच घंटे में 'मिट्टी' में मिला दी गई मछली परिवार की आलीशान कोठी

**महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर कर दिया पथराव सख्ती के बाद खदेड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ड्रग्स केस के आरोपी मछली परिवार पर 21 दिन बाद फिर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की वजह से कार्रवाई को रोकना पड़ा था। गुरुवार को जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर हथाईखेड़ा स्थित अनंतपुरा में 15 हजार वर्गफीट में बनाई गई 25 करोड़ लागत से बनी कोठी को ढहा दिया। टीम ने पांच घंटे में अवैध कोठी को जमींदोज किया है। कार्रवाई के पहले कोठी में रखा एक ट्रक सामान भी निकाला गया था।

इस कार्रवाई के साथ यहां बीस एकड़ में बनाया गया मछली परिवार का अवैध साम्राज्य तबाह हो गया है। यहां ड्रग्स माफिया यासीन और शाहवर मछली के अवैध सम्राज्य को खत्म कर दिया। जहां पर एक एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर आलीशान कोठी, गार्डन सहित अन्य अवैध निर्माण किए गए थे। टीम ने कोठी को छोड़कर अन्य इमारतों को 31 जुलाई को तोड़ा गया था। तीन मंजिला कोठी में 35 से अधिक कमरे, बड़े-बड़े हॉल थे। जिनमें सभी सुविधाएं मौजूद थीं। कोठी के एक तरफ बड़ा आंगन था, तो वहीं दूसरी तरफ पार्क, झूला घर, गैरेज बने हुए थे। मछली परिवार के कब्जे से अब तक करीब 100 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन कब्जे में ली गई है।

## 25 करोड़ की तीन मंजिला कोठी में 35 कमरे थे

- हथाईखेड़ा स्थित अनंतपुरा में थी यह कोठी
- कोठी को छह पोकलेन और जेसीबी ने ढहाया



### एक एकड़ के कब्जे को भी हटाया

हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि शाहवर मछली और भतीजे यासीन मछली व उसके परिवार के लोगों ने हथाईखेड़ा के पास कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में करीब 20 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा था। जहां तीन फार्म हाउस, एक वेयर हाउस, एक कारखाना, एक अवैध मदरसा, पांच दुकानें अवैध रूप से बनाई गई थीं। जिनको प्रशासन ने 31 जुलाई को जमींदोज कर दिया था। इस दौरान यहां 15 हजार वर्गफीट में बनी आलीशान कोठी सहित एक एकड़ में हुए कब्जे पर कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के कारण रोक दी गई थी। गुरुवार को कोठी को तोड़कर जगह को कब्जे में लिया गया है।

### शाम 5 बजे तक गिरा दी गई कोठी

कोठी को जमींदोज करने के लिए छह पोकलेन, जेसीबी लाए गए थे, जिनमें से पहले तीन ने एक तरफ का हिस्सा तोड़ना शुरू किया था। इस बीच एक पोकलेन बंद हो गया तो कार्रवाई धीमी हो गई। ऐसे में अधिकारियों ने सभी मशीनों को कोठी को दोनों तरफ से तोड़ने की कार्रवाई शुरू करवा दी। ऐसे में शाम पांच बजे तक पूरी कोठी ताश के पत्तों की तरह भर भराकर गिर गई।

### करीब 200 पुलिस वाले तैनात रहे

कोकता हथाईखेड़ा में सारिक मछली द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने नगर निगम के अलावा भारी पुलिस बल तैनात रहा। देहात के सभी 7 थानों के थाना प्रभारी थाने के बल के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा जिला पुलिस बल और पिपलानी, गोविंदपुरा सहित आसपास के थाना प्रभारी मौजूद रहे। थाना के स्टाफ के अलावा एसएएफ, क्यूआरएफ और जिला पुलिस बल के जवानों को कार्रवाई के दौरान तैनात किया गया। करीब 200 पुलिस वाले तैनात रहे। 12 प्रशासनिक अफसरों का अमला तैनात रहा।





### नोटिस देकर की गई यह कार्रवाई

अनंतपुरा हताईखेड़ा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे कर बड़े-बड़े निर्माण किए गए थे। जिसको लेकर नोटिस देकर कार्रवाई की गई है। गुरुवार को अवैध कोठी को तोड़कर करोड़ों की सरकारी जमीन से कब्जा छुड़वाया गया है।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भाजपा और डीएमके से गठबंधन नहीं: विजय



**नई दिल्ली।** एक्टर विजय की तमिलागा वेट्टी कल्याणगम (टीवीके) पार्टी अगले साल तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में राजनीतिक डेब्यू करेगी। मदुरै में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजय ने ये संकेत दिए कि उनकी पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी न तो डीएमके और न ही भाजपा के साथ गठबंधन करेगी।

### अब थ्री लेयर हुआ सीएम रेखा गुप्ता का सुरक्षा घेरा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बुधवार को 'जन सुनवाई' के दौरान हुए हमले के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड-श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सीआरपीएफ के जवान गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

**आम आदमी को मिलेगी राहत: जीएसटी में बदलाव को लेकर मंत्रिसमूह की मंजूरी**

# जीएसटी में खत्म होंगे अब 12 व 28% वाले स्लैब

लक्जरी कारों पर 40% की दर से कर लगाया जाएगा, जो पहले 50 फीसदी से ज्यादा था

केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालन करने वालों की संख्या बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की मौजूदा चार दरों वाली संरचना को 2 दरों से बदलने की योजना को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी रेट्स को युक्तिसंगत बनाने को लेकर मंत्रिसमूह की गुरुवार को हुई एक खास बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

इस प्रस्ताव के तहत अब जीएसटी में दो स्लैब 5% और 18% ही होंगे। बाकी 12% और 28 फीसदी वाले स्लैब को हटा दिया जाएगा। पैनल ने यह भी सिफारिश की है कि लक्जरी कारों पर 40% की दर से कर लगाया जाए, जो पहले 50 फीसदी से ज्यादा था। मंत्रिसमूह के सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा। जीएसटी काउंसिल द्वारा अपनी आगामी बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए इन सिफारिशों पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा*

## जीएसटी में दो स्लैब 5% और 18% ही होंगे

जीएसटी काउंसिल की बैठक में अंतिम मंजूरी

अच्छी खबर




### सस्ते होने वाले सामान

1 जो चीजें पहले 12% स्लैब में थीं, उनमें से लगभग 99% को अब 5% स्लैब में शिफ्ट किया जाएगा
उदाहरण: दाल, आटा, चावल, दूध, डेयरी प्रोडक्ट्स, कुछ आवश्यक दवाएं। इसका मतलब है कि रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं पहले से काफी सस्ती हो जाएंगी।

2 जो चीजें पहले 28% स्लैब में थीं, उनमें से लगभग 90% को 18% स्लैब में ले जाया जाएगा
उदाहरण: मोबाइल फोन, कपड़े, होटल सेवाएं

### महंगे होने वाले सामान



- सिन गुड्स (40% स्लैब): शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, फास्ट फूड, शुगर, कॉफी, पोर्नोग्राफी आदि
- इन पर टैक्स अब 40% रखा गया है, जिससे खपत कम करने का प्रयास है।
- सामान्य तौर पर ये सामान महंगे रहेंगे या और महंगे हो सकते हैं।

### चीजें होंगी सस्ती

*अगर जीएसटी काउंसिल इसकी मंजूरी देता है तो 12 फीसदी के तहत 99 प्रतिशत वस्तुओं को 5 फीसदी वाले टैक्स स्ट्रक्चर में डाला जाएगा। जबकि 28 प्रतिशत रेट्स वाले 90 फीसदी वस्तुओं की कैटेगरी चेंज करके 18 फीसदी वाले कैटेगरी में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे वस्तुओं के दाम में कमी आएगी। केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालने करने वालों की संख्या बढ़ेगी।*

### बीमा और हेल्थ पर टैक्स छूट से 9700 करोड़ का बोझ

मंत्रिसमूह ने व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के प्रस्ताव की भी समीक्षा की, जिससे सालाना लगभग 9,700 करोड़ का राजस्व प्रभाव पड़ सकता है। अधिकांश राज्यों ने इस योजना का सपोर्ट किया है। लेकिन यह भी कहा है कि इसका लाभ सीधे पॉलिसी होल्डर्स को मिलना चाहिए।

**पीएम मोदी ने संसद नहीं चलने देने पर बोला हमला**

# विपक्ष में भी कई प्रभावशाली वक्ता हैं पर राहुल की वजह से उनको नहीं मिलता मौका

बिरला की चाय पार्टी में विपक्षी सांसदों ने भाग नहीं लिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष के कई नेता प्रतिभाशाली और अच्छे वक्ता हैं, लेकिन राहुल गांधी की वजह से उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता। पीएम ने अनौपचारिक तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी इसलिए व्यवधान करती है क्योंकि विपक्ष में भी कुछ ऐसे नेता हैं जो राहुल गांधी से बेहतर बोलते हैं और वो ऐसा नहीं चाहते। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी एक चाय पार्टी के दौरान की, जिसमें किसी भी विपक्षी सांसद ने भाग नहीं लिया और यह एनडीए के नेताओं तक ही सीमित रही।

### लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

*लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकालीन समय के स्थगित होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने टी पार्टी दी। टी पार्टी में पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रियों समेत एनडीए के नेता पहुंचे लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष का एक भी सांसद इसमें शामिल नहीं हुआ। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।*

### अब मैक्रों ने पीएम मोदी को लगाया फोन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की। बातचीत की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता दोहराई।

**मोदी सरकार का बड़ा फैसला: पाकिस्तान से खेल संबंध खत्म**

# भारत और पाकिस्तान के बीच नहीं होगा कोई द्विपक्षीय खेल मुकाबला

एशिया कप में खेलने के लिए क्रिकेट टीम पर रोक नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह का कोई खेल संबंध नहीं रखेगी।

खेल मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान किसी भी द्विपक्षीय खेल मुकाबले में शामिल नहीं होंगे, लेकिन क्रिकेट टीम को अगले महीने एशिया कप खेलने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय ने भारत के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में नई नीति का अनावरण किया, जिसमें पाकिस्तान पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू है। खेल मंत्रालय की नीति का हवाला देते हुए जारी खबरों में कहा गया कि पाकिस्तान से जुड़े खेल आयोजनों के प्रति भारत का दृष्टिकोण उस देश के साथ व्यवहार करने की उसकी समग्र नीति को दर्शाता है।'



### कितनी बार टेस्ट में आमने-सामने?

*भारत और पाकिस्तान की टीम टेस्ट में कुल 59 बार एक-दूसरे का आमना-सामना कर चुकी है, जिसमें से 9 मैच भारत ने जीते, जबकि पाकिस्तान की टीम ने 12 टेस्ट मैच अपने नाम किए। वहीं, दोनों टीमों के बीच कुल 38 टेस्ट मैच ऐसे रहे जो ड्रॉ पर समाप्त हुए। वहीं, टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर 28 मार्च 2004 को मुल्तान स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में भारतीय टीम ने पारी घोषित करने से पहले 5 विकेट पर 675 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था।*

**सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की तल्ख टिप्पणी**

# हाइकोर्ट के जजों पर हर दिन कितना पैसा खर्च हो रहा, वे यह सोचें न्याय सबका अधिकार, अमीर-गरीब के बीच खाई पाटने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कुछ हाईकोर्ट जजों के काम के प्रति समर्पण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ जज पूरे समर्पण से काम कर रहे हैं और न्याय के पथप्रदर्शक बनकर अपने दायित्वों को निभा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ जज ऐसे हैं, जिनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक है।जस्टिस सूर्यकांत ने कहा जिन लोगों के समर्पण में कमी है, मैं उनसे एक विनती करना चाहता हूं- जब भी आप रात में सोने के लिए जाएं तो लेटने के बाद तकिए पर अपना सिर रखें तो अपने आप से एक सवाल पूछें कि- मुझ पर जनता का कितना पैसा हर दिन खर्च हो रहा है?

हमने न्याय के मंदिर बनाए हैं, लेकिन उनके दरवाजे उन्हीं लोगों के लिए संकरे होते जा रहे हैं जिनकी सेवा के लिए ये अदालतें बनाई गई थीं

### न्याय तक पहुंच समृद्धि का विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए



*उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जो बात मुझे परेशान करती है, वह है एक विरोधाभास जिसे हमने अनजाने में पैदा कर लिया है, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में न्याय तक पहुंच लंबे समय तक समृद्ध वर्ग का विशेषाधिकार बना रहा। जब कानूनी फीस आम नागरिक की मासिक आय से कहीं अधिक हो जाए, जब अदालत की प्रक्रियाओं को समझने के लिए साक्षरता की आवश्यकता हो और लाखों लोगों में यह साक्षरता न हो, जब अदालतों के गलियारे स्वागत की जगह डराने लगें तो हम एक कठोर सच्चाई से रूबरू होते हैं।*

### कानून को हर भाषा और हर गांव तक पहुंचना चाहिए

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत, जो नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कानून को हर भाषा बोलनी चाहिए, हर गांव को सिखाना चाहिए और न्याय की हर पुकार का जवाब देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर लोकतंत्र को जीवित रखना है तो न्याय हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचना चाहिए।*


## नामांकन के बाद रेड्डी का पहला बयान

# उपराष्ट्रपति चुनाव भारत के विचार की पुष्टि का विषय, व्यक्ति विशेष पर नहीं

### विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी रेड्डी ने नामांकन किया दाखिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी



और राहुल गांधी की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। दाखिले के बाद उन्होंने अहम टिप्पणी भी की। उन्होंने यह भी बताया कि अगर वे उपराष्ट्रपति निर्वाचित किए जाते हैं तो क्या करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद रेड्डी ने कहा कि यह चुनाव महज एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, बल्कि भारत के उस विचार की पुष्टि के बारे में है जहां संसद ईमानदारी से काम करती है। जहां असहमति का भी सम्मान किया जाता है और संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करती हैं। रेड्डी ने कहा कि आज मुझे विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का सम्मान मिला।

**मुझे सम्मान दिया गया**



शीर्ष नेता रहे कार्यक्रम में मौजूद

**निष्पक्षता के साथ निभाऊंगा भूमिका**

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पर संसदीय लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। यदि मैं निर्वाचित होता हूं तो मैं निष्पक्षता, गरिमा तथा शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका निभाने का वचन देता हूं।

**असहमति का सम्मान हो और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा**

उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक व्यक्ति के बारे में नहीं है। यह हमारे संस्थापकों द्वारा परिकल्पित भारत के विचार की पुष्टि करने के बारे में है। एक ऐसा भारत जहां संसद ईमानदारी से काम करे, जहां असहमति का सम्मान किया जाए और जहां संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करें।

**विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति आभार जताया**

इस दौरान विपक्षी उम्मीदवार रेड्डी ने विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति भी गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में विश्वास और हमारे लोगों में आशा के साथ मैं इस यात्रा पर निकल रहा हूं। हमारी लोकतांत्रिक भावना हम सभी का मार्गदर्शन करती रहे।

**80 सांसदों ने नामांकन पत्र पर किए हस्ताक्षर**

विपक्षी नेताओं के अनुसार, विभिन्न दलों के 80 सांसदों ने उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में नामांकन पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद न्यायमूर्ति रेड्डी ने सभी से उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि वह 'विनम्रता, जिम्मेदारी और संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की गहरी भावना' के साथ राजनीतिक क्षेत्र में कदम रख रहे हैं।

**देश की विविधता में एकता में निहित**

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज और लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित एक नागरिक के रूप में सार्वजनिक जीवन ने उन्हें यह सिखाया है कि भारत की असली ताकत प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, संवैधानिक नैतिकता की रक्षा में निहित है। यह हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा परिकल्पित उस भारत की अवधारणा की अभिपुष्टि करने के बारे में है।

**यह रहा गणित**
**सत्तापक्ष एनडीए भारी**

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है। बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ एनडीए को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। वाईएसआरसीपी जैसी पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

**उत्तराखंड में बर्ड फ्लू 3200 मुर्गियों की मौत**

**कुमाऊं।** उत्तराखंड के कुमाऊं में बर्ड फ्लू ने कहर बरपाया है। ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा



और किच्छा क्षेत्र के पोल्ट्री फार्मों में अब तक करीब 3200 मुर्गियों की मौत हो चुकी है। किच्छा में 2222 मुर्गियों में फ्लू है। खटीमा में भी सैकड़ों मुर्गियों की मौत ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर ला दिया है। पशुपालन वन विभाग हाई अलर्ट पर हैं।

**पंजाबी सिंगर औलख को जान से मारने की धमकी**


पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें



फोन कॉल में ये धमकी दी गई है, जो एक विदेशी नंबर से कॉल और वॉट्सएप मैसेज के जरिए दी गई है। औलख ने तुरंत इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। औलख फतेहाबाद के रहने वाले हैं।

**ईसी और जेडीएस ने चुनाव पर सुझाव साझा किए**


**नई दिल्ली।** जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने केआर शिवकुमार के नेतृत्व में




मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी से मुलाकात की और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुझाव साझा किए। निर्वाचन सदन में जेडीएस के साथ यह बैठक हुई है।

**लव मैरिज के लिए 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा**

**ब्यावर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के रास थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुआ एक वाकया फिल्मी



सीन से कम नहीं रहा। यहां मस्तान पुत्र भंवर सिंह नामक युवक अपने ही परिवार की लड़की से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन परिजनों ने इस रिश्ते को सिरे से ठुकरा दिया। वह हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया।

**अभिनेत्री के आरोप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा**

**पलक्कड़।** केरल में मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री रिनी एन जॉर्ज ने कांग्रेस पार्टी के एक नेता



पर उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के एक दिन बाद कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दे दिया। हालांकि वह केरल विधानसभा में पलक्कड़ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

## पैसे वाले खेलों पर प्रतिबंध लगाने वाला ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पास

# बैंक और वित्तीय संस्थानों को भी होगी 3 साल तक जेल या 1 करोड़ रुपए का लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नी दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है।

संसद ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया। राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिना बहस के इसे मंजूरी दे दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है। विपक्षी सदस्यों की ओर से प्रस्तुत संशोधनों को अस्वीकार करने के बाद उच्च सदन ने इसे मंजूरी दे दी। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा और गुरुवार को राज्यसभा से पारित हो गया। इसमें ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर भी रोक लगाने और बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या हस्तांतरण करने से रोकने का प्रावधान है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे।

**राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिना बहस के इसे मंजूरी दी**

**राष्ट्रपति के हस्ताक्षर को भेजा**



इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री वैष्णव ने किया था पेश

**लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा**

इन गेम्स के कारण बच्चों और युवाओं को इसकी लत लग जाती है। उन्हें वित्तीय नुकसान भी होता और इस कारण आत्महत्याएं भी होती हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग हर साल ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में करीब 20,000 करोड़ गंवाते हैं। सरकार ने महसूस किया है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए एक बड़ी समस्या है।

**विज्ञापनदाताओं को 2 साल तक की जेल और या 50 लाख तक का जुर्माना**

कानून का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 1 करोड़ तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऐसी सेवाओं का विज्ञापन करने वालों को दो साल तक की जेल और/या 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे। बार-बार अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें 3-5 साल की जेल और अधिक जुर्माना शामिल है। हालांकि, यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वालों को अपराधी नहीं मानता, बल्कि उन्हें पीड़ित मानता है।

**ड्रीम 11, फैंटेसी गेम्स पर भी लागू होगा: वैष्णव**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण समाज में एक कुरीति फैल रही है। हमारे आने वाली पीढ़ियों पर इसका असर पड़ रहा है। नशे की तरह ये इस तरह से देश में एक समस्या बन चुका है। यह सभी प्रकार के गेम पर समान रूप से लागू होगा।

**एयर इंडिया व एयर इंडिया एक्सप्रेस को 9568 करोड़ रुपए का घाटा**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कर से पहले कुल मिलाकर 9,568.4 करोड़ का घाटा हुआ। पिछले वित्त वर्ष में, अकासा एअर और स्पाइसजेट ने कर से पहले 1,983.4 करोड़ और 58.1 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया, जबकि इंडिगो को कर से पहले 7,587.5 करोड़ का लाभ हुआ। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में ये आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि अभी ये आंकड़े अस्थायी हैं।

**नाराज सांसद ने उठाई मांग**

**सांसदों से वसूला जाए संसद सत्र का खर्च**

संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहा। लोकसभा में चर्चा के लिए 120 घंटे का समय तय था, लेकिन चर्चा हुई महज 37 घंटे ही। अंतिम दिन केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के निर्दलीय सांसद उमेश पटेल ने सदन में गतिरोध के लिए सांसदों के वेतन में कटौती की मांग करते हुए संसद भवन परिसर में प्रोटेस्ट किया। सांसदों को दोषी ठहराया।

**स्पीकर बिरला ने सदस्यों को लगाई फटकार**

## अहम मुद्दों पर चर्चा बाधित की जा रही, देश की जनता सब देख रही

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजनीतिक दलों से अपने बर्ताव



पर नियंत्रण रखने का आह्वान किया। बिरला ने कहा कि संसद के अंदर और बाहर सांसदों की भाषा गरिमामय होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सांसदों को लताड़ लगाते हुए कहा कि सदन में विपक्ष का आचरण लोकतंत्र के मूल्यों के अनुरूप नहीं रहा। ये संसद की गरिमा के अनुसार नहीं है। देश की जनता देख रही है कि किस तरह से अहम मुद्दों पर चर्चा को बाधित किया जा रहा है।

**हंगामे की भेंट चढ़ा सत्र, 37 घंटे ही चर्चा**

उन्होंने बताया कि इस सत्र में 419 सवाल किए गए, जिसमें से सिर्फ 55 के मौखिक उत्तर दिए जा सके। चर्चा का समय 120 घंटे निर्धारित किया गया था, लेकिन 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए।

**यह सभी के लिए आत्मचिंतन का समय**

गुरुवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही तुरंत ही स्थगित कर दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई, जिसमें बिरला ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान बार-बार कार्यवाही बाधित करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए आत्मचिंतन का समय है।

**यहां भाषाएं सदन के अनुरूप नहीं रहीं**

उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और संसद परिसर में की जा रही नारेबाजी और सुनियोजित व्यवधान हमारी परंपरा नहीं है। विशेषकर इस सत्र में जिस भाषा का प्रयोग किया गया है, वह सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। हमें स्वस्थ परंपराओं का पालन करना चाहिए। सदन के अंदर गरिमापूर्ण चर्चा के प्रयास होने चाहिए। मैं लगातार सुनियोजित विरोध और नारेबाजी देख रहा हूं। संसद के अंदर और बाहर हमारी भाषा अनुशासित और गरिमामय होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन हमारा सामूहिक प्रयास यह होना चाहिए कि हम संसद की गरिमा, शांति और मर्यादा बनाए रखें।

**प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में रहे मौजूद**

लोकसभा के इस सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आदि मंत्रीगण उपस्थित थे।

**बिहार एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पूरा गतिरोध रहा**

संसद में इस बार बिहार एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पूरा गतिरोध रहा। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए बिहार के लोगों के वोट काटे गए हैं। विपक्ष इन्हीं मुद्दों को लेकर सदन में चर्चा के लिए आखिरी दिन तक अड़ा रहा। संसद में नारेबाजी, बिल फाड़कर फेंकने और तख्तियां लहराने जैसे कई घटनाक्रम देखने को मिले।

**अहमदाबाद के स्कूल में छात्र की हत्या**

## 500 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद के सेवेंथ डे स्कूल में एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद शहर में बवाल मच गया। कई लोगों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया तो पुलिस ने 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज किया है। स्कूल के ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार भीड़ ने स्कूल के दफ्तर, क्लासरूम और बस पर हमला किया, जिसमें भारी नुकसान हुआ। स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। कहा गया कि



यह तोड़फोड़ पुलिस की मौजूदगी में होती रही। पूरे इलाके में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। सेवेंथ डे स्कूल के आसपास और 500 मीटर की दूरी तक पुलिस तैनात है। हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य शख्स को भी हिरासत में लिया है।

**नवादा में पुलिसकर्मी को लगी थी टक्कर**

## राहुल गांधी की गाड़ी के ड्राइवर के खिलाफ मामला कायम

एजेंसी ▶▶ नवादा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी गांधी बिहार के कई जिलों में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। बीते दिनों वे नवादा जिले में यात्रा के दौरान राहुल के वाहन से टक्कर लग जाने के कारण एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। भाजपा ने इस घटना को लेकर राहुल पर निशाना भी साधा था। अब पुलिस ने इस घटना को लेकर राहुल के वाहन के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने राहुल के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज होने की जानकारी दी है। पुलिस



अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। धीमान ने पहले कहा था कि कांस्टेबल काफिले में एक वाहन के सामने गिर गया जिससे वाहन उनके पैरों से थोड़ा सा टकरा गया और उन्हें चोटें आईं।

**देश की शीर्ष अदालत ने की शादी पर बड़ी टिप्पणी**

## रिश्ते में पति व पत्नी पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं, एक-दूसरे पर निर्भर रहना ही होगा

शादी का मतलब ही दो आत्माओं का साथ आना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि विवाह के रिश्ते में पति या पत्नी यह नहीं कह सकते कि वे पूरी तरह स्वतंत्र होकर जीना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि शादी का मतलब ही दो आत्माओं और दो व्यक्तियों का साथ आना है। अगर कोई व्यक्ति स्वतंत्र रहना चाहता है तो उसे विवाह नहीं करना चाहिए। बेंच ने कहा कि विवाह में पति-पत्नी का एक-दूसरे पर भावनात्मक और सामाजिक रूप से निर्भर रहना स्वाभाविक है।

**शादी क्यों की? कोर्ट ने बच्चों पर चिंता जताई**



न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि छोटे बच्चों को टूटे हुए परिवार का बोझ क्यों झेलना पड़े। अदालत ने दोनों पक्षों से आपसी मतभेद दूर करने और बातचीत से हल निकालने की अपील की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि आप यह नहीं कह सकतीं कि आप किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहतीं। अगर ऐसा है तो शादी क्यों की? अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को तय की।

**पति सिंगापुर तो पत्नी हैदराबाद में रह रहे**

पत्नी ने आरोप लगाया कि सिंगापुर में पति के व्यवहार के कारण उसके लिए वापस वहां लौटना मुश्किल है। वह बिना किसी आर्थिक मदद के बच्चों की परवरिश कर रही है। पति की ओर से कहा गया कि दोनों के पास सिंगापुर में अच्छी नौकरियां थीं।

**आवारा कुत्तों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला**

उच्चतम न्यायालय ने दिए थे निर्देश

## तत्काल सुनवाई करने से अदालत ने किया इनकार

### आरोप-एमसीडी ने जल्दबाजी में शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर दायर एक नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई करने



से इनकार कर दिया। यह याचिका आवारा कुत्तों को एमसीडी द्वारा उठाए जाने के खिलाफ दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने इस मामले में कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की। वकील ने दलील दी कि एमसीडी ने बिना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार किए आवारा कुत्तों को उठाने और शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

**एमसीडी के नोटिफिकेशन को बताया न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन**

नई याचिका पर दोबारा की सुनवाई



कोर्ट में दायर नई अर्जी में यह तर्क दिया गया कि सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच को अभी यह तय करना है कि दो जजों की बेंच की ओर से दिए गए आदेश यानी आवारा कुत्तों को उठाकर शेल्टर होम में रखने के निर्देश को बरकरार रखा जाए या नहीं। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि एमसीडी का नोटिफिकेशन न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।

**कोर्ट ने 11 अगस्त को दिया था आदेश**

इससे पहले 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली-एनसीआर में सभी आवारा कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए और उन्हें सड़कों पर वापस न छोड़ा जाए।

**अदालत ने बुनियादी ढांचे के निर्माण का दिया था आदेश**

पीठ ने अधिकारियों को कुत्तों के लिए तुरंत आश्रय स्थल बनाने और 8 सप्ताह के भीतर इस तरह के बुनियादी ढांचे के निर्माण के बारे में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जाएगा और उन्हें सड़कों, कॉलोनियों या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छोड़ा जाएगा। शीर्ष अदालत ने 11 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से खासकर बच्चों में होने वाले रेबीज के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए 28 जुलाई को शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान कई निर्देश जारी किए थे।

**एससी-एसटी व चाय श्रमिकों को छूट**

## असम में वयस्कों का आधार कार्ड बनाने पर लगी रोक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर कई बार चिंता जता चुके हैं। अब उनकी कैबिनेट ने फैसला किया है कि राज्य में वयस्कों को आधार कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। इस फैसले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान समुदायों के सदस्यों को राहत दी गई है, उन्हें एक और साल का समय दिया जाएगा। इस फैसले का ऐलान खुद सरमा ने किया। उन्होंने बताया कि यह फैसला राज्य में आधार कार्ड के सैचुरेशन को देखते



हुए और अवैध प्रवासियों द्वारा इस दस्तावेज तक पहुंचने से रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में लिया गया है। हिमंता ने बताया कि असम में आधार सैचुरेशन 103 फीसदी है, लेकिन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान समुदायों में यह 96 फीसदी है।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## धार के भेरू घाट पर ट्रैफिक जाम में फंसे हजारों वाहन

# 3 किमी लंबा जाम

- नेशनल हाईवे पर एक के बाद 7 गाड़ियां टकराईं
- रॉंग साइड से निकलने के चक्कर में फंसे वाहन
- वाहन चालकों को धार फाटे से बगड़ी होकर मानपुर और फिर इंदौर जाना पड़ा
- 35 किमी का लंबा चक्कर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धामनोद

धार जिले के धामनोद में नेशनल हाईवे -54 के भेरू घाट पर बुधवार रात से सुबह तक 7 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसके चलते सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। गुरुवार सुबह एक लेन बंद होने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कुछ वाहन चालकों ने दूसरी तरफ से निकलने का प्रयास किया, जिससे गाड़ियां उलझकर रह गईं। इसके चलते करीब 3 किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। मानपुर और काकड़दा



पुलिस मौके पर पहुंची है। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे किया गया है। जाम में छोटे-बड़े कई वाहन फंस गए। कार और बस यात्री विशेष रूप से प्रभावित हुए। कई वाहन चालकों को धार फाटे से बगड़ी होकर मानपुर और फिर इंदौर जाना पड़ा। इस मार्ग से जाने वालों को 35 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। काकड़दा चौकी प्रभारी मिथुन चौहान ने बताया कि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में डेढ़ से दो घंटे का अतिरिक्त समय लग रहा है।

### ग्वालियर से पिकनिक मनाने गया था

## धौलपुर के झरने में डूबा एयरफोर्स का जवान, तलाश में जुटे गोताखोर



**पुलिस को 12 घंटे बाद सुबह मिल सकी सूचना**

**धौलपुर।** राजस्थान के धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र स्थित दमोह झरने में एयरफोर्स का एक जवान डूब गया। उसके डूबते ही साथी भाग गए। वह साथियों के साथ ग्वालियर से पिकनिक मनाने आया था। पुलिस को 12 घंटे बाद गुरुवार सुबह 6 बजे हादसे की सूचना मिली। इसके बाद एडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से जवान की तलाश की जा रही है। गुरुवार सुबह ग्वालियर से एयरफोर्स अधिकारी का फोन आया तब जवान के डूबने का पता चला। जानकारी के अनुसार ग्वालियर से एयरफोर्स के कुछ जवान बुधवार को धौलपुर के दमोह झरने पर पिकनिक मनाने आए थे। इस दौरान एक जवान पानी डूब गया। उसकी पहचान तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के तारोड़ा निवासी लक्ष्मी प्रसाद के रूप में हुई। जवान के डूबते ही अन्य जवान बिना किसी को सूचना दिए चले गए। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने लापता जवान की तलाश शुरू कर दी है। राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। साथ ही स्थानीय गोताखोर भी तलाश में जुटे हैं। धौलपुर जिले के सरमथुरा उपखंड में दमोह एक प्राकृतिक झरना है, इसमें 300 फीट ऊंचाई से पानी गिरता है।

## हर समस्या का समाधान अदालत से 'संभव' नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हर समस्या का समाधान सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही किया जाए, ये जरूरी नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर हो रही सुनवाई के दौरान ये तर्क दिया।

केंद्र ने कहा कि कुछ मुद्दों पर मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के साथ बातचीत होनी चाहिए। सरकार ने कहा कि हर मामले में न्यायिक समाधान के बजाए राजनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये सुनवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा अप्रैल में विधेयकों को पारित करने की समयसीमा तय किए जाने के बाद राष्ट्रपति ने रेफरेंस भेजकर कोर्ट से कुछ सवाल पूछे थे। दरअसल, तमिलनाडु, केरल और पंजाब जैसे कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों ने आरोप लगाए थे कि विधानसभा से पारित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा जानबूझकर रोका जा रहा है। तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच तकरार सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई और फिर अप्रैल में शीर्ष अदालत ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए विधेयकों को राज्यपाल या राष्ट्रपति द्वारा 30 दिनों के भीतर मंजूरी दिए जाने की समयसीमा तय किया।

### दीपावली और छठ पर रेलवे की तैयारी

## 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों की मिलेगी सुविधा



**रिटर्न टिकट पर 20 प्रतिशत की छूट**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच जाने वाली यात्रा और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों को रिटर्न टिकट पर 20% की छूट मिलेगी। इस फैसले से त्योहारों पर बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही रेलवे ने चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की भी घोषणा की है, जो गया से दिल्ली, सहरसा से अमृतसर, छपरा से दिल्ली और मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के बीच चलाई जाएंगी। इसके अलावा, एक नई बुद्ध सर्किट ट्रेन भी शुरू की जाएगी, जो वैशाली, हाजीपुर, सोनपुर, पटना, राजगीर, गया और कोडरमा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन में सुविधा होगी। वहीं बिहार में रेलवे के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार कार्य भी शुरू किए जाएंगे। बक्सर-लखीसराय रेल खंड को चार लाइन कॉरिडोर में बदला जाएगा और पटना में रिंग रेलवे प्रणाली विकसित की जाएगी। इसके साथ ही सुल्तानगंज से देवघर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी और पटना से अयोध्या के बीच नई ट्रेन सेवा शुरू होगी।


### सीसीपीए ने बिना किसी देरी पूरा मुआवजा देने के दिए निर्देश

## 'रैपिडो' पर भ्रामक विज्ञापन के लिए लगाया 10 लाख का जुर्माना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ऑनलाइन राइड प्लेटफॉर्म रैपिडो (रॉपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) पर भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, सीसीपीए ने कंपनी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जिन उपभोक्ताओं को ऑटो इन 5 मिनट्स ऑर गेट 50 रुपए ऑफर के तहत 50 रुपए का लाभ नहीं मिला है, उन्हें बिना किसी देरी और शर्त के पूरा मुआवजा दिया जाए। सीसीपीए ने पाया कि रैपिडो के विज्ञापन, जैसे ऑटो इन 5 मिनट्स ऑर गेट 50 रुपए और "गारंटीड ऑटो", झूठे और भ्रामक थे। जांच में पता चला कि विज्ञापन में दिखाया गया 50 रुपए वास्तव में नकद नहीं बल्कि "रैपिडो कॉइन्स" थे, जिनकी वैधता सिर्फ 7 दिनों तक थी और जिन्हें केवल रैपिडो बाइक राइड्स में ही इस्तेमाल किया जा सकता था। इतना ही नहीं, कई मामलों में यह लाभ 50 रुपए तक सीमित था, यानी हमेशा 50 नहीं मिलता था।






# पंजाबी फिल्म में हीरो बनकर आएंगे राज कुंद्रा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा की पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' के ट्रेलर को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लिखा कि वह कई साल से उनके हीरो हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'मेहर' की शानदार झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'वाह, पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन वो कई साल से मेरे हीरो रहे हैं। फिल्मों में आपका स्वागत है राज कुंद्रा आपको और मेहर की पूरी टीम को अपार सफलता की शुभकामनाएं।' इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के निर्देशक राकेश मेहता, निर्माता और गीता बसरा को भी शुभकामनाएं दीं।

लाइफ Style



# सुरवीन
## अचानक दो ड्रैकुला दांत निकल आए

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुरवीन चावला इन दिनों अपनी सुपरनैचुरल वेब सीरीज अंधेरा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह एक हॉरर सीरीज है। इस सीरीज के प्रमोशन के दौरान सुरवीन ने एक डरावनी घटना के बारे में बताया। सुरवीन चावला ने अपनी नई वेब सीरीज अंधेरा के प्रमोशन के दौरान एक डरावनी घटना का जिक्र किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यह सुपरनैचुरल हॉरर शो 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ है। दरअसल, कुछ महीने पहले वह अपने परिवार के साथ बाली गई थीं। जहां उन्होंने इंडोनेशिया के बाली शहर के अपने डरावने अनुभव के बारे में एक दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताया। सुरवीन ने बताया कि एक शाम सुरवीन ने देखा कि बाली के लोग पारंपरिक कपड़ों में पूजा कर रहे थे। उनके जीजा ने उस दौरान दो बाली लड़कियों की तस्वीर खींची।

अगले दिन से अजीब घटनाएं शुरू हो गईं। उनकी ताईजी तालाब में गिर गईं, किसी की कोहनी में चोट लगी, उनकी छह साल की भतीजी को गंभीर एलर्जी हुई और एक भतीजे की हालत इतनी खराब हो गई कि डॉक्टर को बुलाना पड़ा। सबसे डरावनी बात तब हुई जब आखिरी रात को उनके जीजा ने अपने फोन में तस्वीरें देखीं। उन दो बाली लड़कियों की तस्वीर में अचानक ड्रैकुला जैसे दांत नजर आए। सुरवीन ने कहा कि अगर ये दांत पहले दिखे होते, तो उनके जीजा वह तस्वीर नहीं लेते। यह देखकर सब हैरान रह गए कि तस्वीर में अचानक ऐसे दांत कैसे आ गए, जबकि लड़कियां पारंपरिक कपड़ों में बहुत सुंदर लग रही थीं। सुरवीन चावला की वेब सीरीज 'अंधेरा' प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

हॉलीवुड मसाला



# बिस्तर पर न टीवी देखते न किताब पढ़ते

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने सोने के समय की आदतों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वे बिस्तर पर टीवी नहीं देखते। प्रियंका जब बिस्तर पर टीवी देखती हैं, तो निक उनके बगल में कुर्सी पर बैठते हैं। निक का मानना है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होता है। निक जोनस ने कहा, 'मुझे लगता है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होते हैं। मैं बिस्तर पर नहीं बैठता, मैं बिस्तर पर नहीं खाता, मैं बिस्तर पर किताब नहीं पढ़ता या टीवी नहीं देखता। मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे बस गर्मी पसंद नहीं है। मुझे गर्मी लगती है। यह पूरी बात है।'



# सांवले हुस्न से दुनिया को बनाया दीवाना

**लॉस एंजिल्स।** 'जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइज' की फिल्म 'डाई अनदर डे' में अपने सांवले हुस्न से दुनिया को दीवाना बना देने वाली हैल बेरी आपको याद होंगी। हैली 59 साल की हो गई हैं। अमेरिकी एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। बॉन्ड की फिल्मों में बिकिनी पहन पानी से बाहर आकर दिल धड़काने वाली हैल की अदाएं यहां भी मदहोश करने वाली हैं। तस्वीरों में समंदर है, नीला आसमान है, बिकिनी में हैल हैं और साथ हैं उनके बॉयफ्रेंड वैन हंट। इन तस्वीरों को देख फैंस कह रहे हैं कि लाइफ हो तो हैली बेरी जैसी हो। उम्र ने तो जैसे उनपर असर करना ही बंद कर दिया है। फैंस की नजरों में हैली की यह तस्वीर सबसे शानदार है। अपने पैरों से वाइन ग्लास पकड़ने की उनकी असाधारण क्षमता से बहुतों को जलन हो रही है।



# सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज के दो पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** गुरुवार को निर्माताओं ने आगामी फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का पहला लुक जारी कर फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। पहले लुक में ऋतिक रोशन की कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद और आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान नजर आ रही हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली प्लेबैक सिंगर पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने सबा आजाद और सोनी राजदान की म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का एक मोशन वीडियो शेयर किया है। 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का निर्देशन दानिश रेंजू ने किया है। शफत काजी और दानिश रेंजू ने मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद के अलावा जैन खान दुर्रानी, शीबा चड्ढा, तारुक रैना और लिलेट दुबे भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# 30 बाद रजनीकांत के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** वेटरेन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म द बंगाल फाइल्स में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती लगभग 30 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों इससे पहले आखिरी बार साल 1995 में आई बंगाली भाषा की फिल्म भाग्य देवता में नजर आए थे। इस फिल्म में रजनीकांत का स्पेशल अपीयरेंस था और यह उनकी एकमात्र बंगाली फिल्म भी है। इससे पहले मिथुन और रजनीकांत साल 1989 में आई हिंदी फिल्म भ्रष्टाचार में एकसाथ दिखाई दिए थे।

टीवी मसाला



# बिग बॉस का घर बनेगा अखाड़ा, शो में एंट्री लेगा ये इंटरनेशनल खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का हिस्सा कौन बनेगा, इसकी उत्सुकता लंबे समय से ही दर्शकों के बीच बनी हुई है। टेलीविजन के बड़े सितारों का नाम सामने आ रहा है जो सलमान के शो में महीनों के लिए कैद हो सकते हैं। अब इस लिस्ट में एक नया नाम जुड़ गया है जिससे स्पोर्ट्स के दीवाने जरूर परिचित होंगे। इस बार मशहूर बॉक्सर माइक टायसन बिग बॉस का हिस्सा होने वाले हैं। इंस्टाग्राम पेज बिग बॉस ताजा के मुताबिक, माइक टायसन बिग बॉस में नजर आएंगे। हालांकि, वह सिर्फ गेस्ट बनकर आ रहे हैं। वह शो में सिर्फ 7 से 10 दिन तक रहेंगे। फिलहाल, अभी तक माइक टायसन को लेकर मेकर्स ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। माइक टायसन फेमस अमेरिकन बॉक्सर हैं। उन्हें आयरन माइक और किड डायनामाइट के नाम से जाना गया। वह अपने समय के सबसे महान हैवीवेट चैंपियन के रूप में एक माने गए। बिग बॉस का 19वां सीजन 24 अगस्त को टीवी पर प्रीमियर होने वाला है। शो में टीवी के कई बड़े सितारे शामिल होने वाले हैं। हालांकि, अभी तक शो में किसी के नाम को कन्फर्म नहीं किया गया है।

## कीकू - कृष्णा के बीच एक्ट को लेकर हुआ बवाल

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा शो के सेट्स से एक वीडियो वायरल हुआ जिसे देखकर लोग थोड़े शॉक्ड हैं। इसमें कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा बहस करते दिख रहे हैं। उन दोनों को संभालने के लिए क्रू के लोग भी मौजूद हैं। क्लिप देखकर लग रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई है। हालांकि, कई लोग मान रहे हैं कि ये असली लड़ाई नहीं, बल्कि प्रैंक है। वीडियो की शुरुआत में सुनाई देता है कि कीकू शारदा बोले, मैं टाइमपास रहा हूं? कृष्णा बोलते हैं, तो ठीक है फिर आप कर लो। कृष्णा हाथ जोड़कर बोलते हैं, भाई मेरे को कोई प्रॉब्लम नहीं है, आप कर लो। मैं जाता हूं। कीकू शारदा बोलते हैं, बात वो नहीं है, अगर मेरे को बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं ना फिर। कृष्णा बोलते हैं, भाई आई लव यू ऐंड रिस्पेक्ट यू। मैं अपनी आवाज ऊंची नहीं करना चाहता। इस पर कीकू शारदा बोलते हैं, गलत आदमी को अलग तरीके से डील किया गया। वीडियो को देखकर कई लोग शॉक्ड हैं। वहीं, कुछ को लोगों को लग रहा है कि यह प्रैंक है। क्लिप पर कपिल या उनकी टीम की तरफ से कोई कमेंट नहीं आया है।



# आज थिएटर में आएगा भूचाल और ओटीटी पर होगा धमाल

**नई दिल्ली।** शुक्रवार का दिन जहां मेकर्स और एक्टर्स के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होता, तो वहीं सप्ताह का ये एक दिन ऐसा होता है, जिसके इंतजार में फैंस पलके बिछाए रहते हैं और लगातार अपडेट का इंतजार करते हैं। अब तक वॉर 2 से लेकर कूली और ओटीटी-थिएटर में रिलीज होने वाली सीरीज और फिल्मों की अपडेट हम आप तक पहुंचाते रहे हैं। 22 अगस्त को तो थिएटर और ओटीटी दोनों पर कौन-कौन सी फिल्में-सीरीज रिलीज होंगी चलिए देखते हैं

**अमार बोस** : ओटीटी की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आपको यहां पर हर भाषा की फिल्में और सीरीज देखने को मिलेंगी। इन्हीं में से एक है बंगाली फिल्म 'अमार बोस'। ये एक 40 साल की घर की ओनर अनिमेष की कहानी है, जिसे तब चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जब उसकी मां हार्ट सर्जरी के बाद उसके ऑफिस में इंटर्न का काम करने आती है। फिल्म में करण अर्जुन एक्ट्रेस राखी गुलजार मुख्य भूमिका में हैं। इस फैमिली ड्रामा को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।




**एनी मीनी** : मनी हाइस्ट के बाद एक बार फिर से हाइस्ट की कहानी लेकर एनी मीनी आ रहे हैं। इस सीरीज में एनी को अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड को बचाने के लिए अपने पास्ट में लौटना पड़ता है। इस हाइस्ट थ्रिलर फिल्म में समारा वीविंग ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसका निर्देशन शॉन सिमंस ने किया है। इस हॉलीवुड फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**मां** : काजोल थिएटर के साथ-साथ ओटीटी क्वीन भी बन चुकी हैं। उनकी 27 जून को रिलीज हुई सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म मां अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है, जोकि 22 अगस्त है।

**मारीसन** : मारीसन एक ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो ओरिजिनली तमिल भाषा में बनी हुई है। फिल्म में फहाद फासिल और वाडिवेलु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की कहानी अल्जाइमर रोग से पीड़ति एक बूढ़े आदमी की है, जिसकी एक लड़के से दोस्ती हो जाती है और दोनी रोड ट्रिप पर निकल जाते हैं। तमिल भाषा में बनी इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**द केस डायरी** : बॉलीवुड में भले ही इस हफ्ते कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है, लेकिन साउथ में मनोरंजन का सिलसिला इस हफ्ते भी नहीं रुकने वाला है। 22 अगस्त को थिएटर में मलयालम फिल्म द केस डायरी रिलीज हो रही है, जिसकी कहानी पुलिस अधीक्षक के गोद लिए बेटे सैम कोशी की है, जो एक डाकुओं के ग्रुप को पकड़ने के मिशन पर निकलता है।

# एक-दूसरे को अपने जाल में फंसाने में लगे नील-दिव्या

**मुंबई।** नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला की फिल्म एक चतुर नार का टीजर गुरुवार को रिलीज हो गया है। टीजर में नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला का अलग अंदाज देखने को मिला है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। एक चतुर नार 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर की शुरुआत एक मजेदार वॉइस ओवर से होती है। पूरे टीजर में वॉइस ओवर ही सुनाई देता है और दिखाई देता है नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला के बीच जारी शह-मात का खेल। वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'शहर की भीड़ में हर कोई लगता है कॉमन, पर हुजूर किसी की होती है जलेबी जैसी चाल, किसी के पास होता है चूना लगाने का कमाल, इरादे अगर नवाबी हो तो किसकी क्या मजाल, ये खेल ही ऐसा है बाबू, जिसमें बेगम और बादशाह दोनों हैं किस्मत के गुलाम। देखना ये है चतुर कौन है,



शिकारी नेवला या नागिन मचाएगी बवाल।' इस टीजर को साझा करते हुए टी-सीरीज ने लिखा, 'नागिन का बवाल या नेवले का शिकार... इनमें चतुर है कौन?' जबकि दिव्या खोसला ने टीजर को शेयर करने के साथ ही लिखा, "ना चाल सीधी और ना इरादे आम, एक चतुर नार टीजर आउट नाऊ। 2 टीजर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या और नील अपनी-अपनी चाल से एक-दूसरे को फंसाते और मात देने का प्रयास करते नजर आएंगे।

## संगीत की विधिवत शिक्षा भले नहीं मिली, मगर हुनर के बलबूते मिली सबसे अधिक फीस

# एक फिल्म के बाद ओपी नैयर ने कभी नहीं किया लता मंगेशकर के साथ काम

*नई दिल्ली। सिनेमा के पुराने दौर में कई ऐसे सिंगर और म्यूजिक कंपोजर आएं जिनके गाने आज भी कहीं बजे तो कानों को सुकून ही देते हैं। इन्हीं में से एक नाम है इंडस्ट्री के हाइएस्ट पेड संगीतकार ओमकार प्रसाद नैयर जिन्हें इंडस्ट्री में ओ.पी. नैयर के नाम से जाना जाता हैं। वह संगीतकार जिसे भले ही संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं मिली, मगर एक समय अपने हुनर के बलबूते सबसे अधिक फीस मिली। हर धुन में एक खास किस्म का स्वर देने वाले ओ.पी. नैयर के गीत तो कई सुने गए हैं, मगर उनसे जुड़े कुछ किस्से आज भी अनकहे हैं।*

### 17 साल की कम उम्र में म्यूजिक की दुनिया में रखा था

ओंकार प्रसाद नैयर, जिन्हें ओ.पी. नैयर के नाम से जाना गया, एक ऐसे संगीतकार रहे, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं प्राप्त की थी, लेकिन जब वो किसी गीत के लिए संगीत तैयार करते थे तो उसमें रागों का उपयोग इतनी खूबसूरती से करते थे कि पारखियों को इस बात का अनुमान नहीं होता था कि उन्होंने रागों की व्यवस्थित शिक्षा ग्रहण नहीं की। अविभाजित भारत के लाहौर में जन्मे नैयर की बचपन से ही संगीत में रुचि थी। उनके परिवार के लोग उनको संगीत की तरफ जाने से रोकते रहे। उनको लगता था कि अगर वे संगीत से दूर हो गए तो पढ़ाई में मन लगेगा। पर नैयर का मन तो संगीत में रम चुका था। 17 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एचएमवी के लिए कबीर वाणी कंपोज की थी, लेकिन वो पसंद नहीं की गई। बावजूद इसके उन्होंने एक प्राइवेट एल्बम 'प्रीतम आन मिलो' कंपोज किया, जिसमें सी. एच. आत्मा ने आवाज दी।





### नैयर-लता के बीच दरार

जब रिकार्डिंग का समय हुआ तो लता मंगेशकर नदारद। वो तय समय पर नहीं पहुंचीं। बाद में लता ने नैयर को बताया कि उनकी नाक में कुछ दिक्कत थी। डॉक्टर ने उनको आराम करने की सलाह दी थी। तब नैयर ने उनसे दो टूक कहा कि जो समय पर नहीं पहुंच सकता, उसका मेरे लिए कोई महत्व नहीं। लता ने समझाने का प्रयत्न किया पर नैयर नहीं माने। तब लता ने भी कहा कि जो व्यक्ति संवेदनहीन हो, वो उसके लिए नहीं गा सकतीं। इस विवाद के बाद राजकुमारी ने वो गाना गाया। गीत था, 'मोरी निंदिया चुराए गयो'।

***जिंदगी चलाने के लिए बेचना पड़ा घर :*** *ओ. पी. नैयर ऐसे संगीतकार थे, जिन्होंने हारमोनियम, सितार, गिटार, बांसुरी, तबला, ढोलक, संतूर, माउथआर्गन और सेक्सोफोन आदि का जमकर उपयोग किया। इन वाद्ययंत्रों के साथ जब वो प्रयोग करते थे तो गीत के एक-एक शब्द का ध्यान रखते थे। ये बहुत कम लोगों को पता है कि नैयर होम्योपैथ और ज्योतिष के भी अच्छे जानकार थे। एक समय में सबसे अधिक फीस लेने वाले संगीतकार को बाद में जिंदगी चलाने के लिए अपना घर तक बेचना पड़ा था।*

### ये फिल्म लेकर आई थी आशा-ओपी नैयर को करीब

नया दौर में आशा और रफी के गानों ने लोकप्रियता का शिखर छुआ। रफी के साथ उनका गीत उड़ें जब-जब जुल्फें तेरी, कवांरियों का दिल मचले या शमशाद बेगम के साथ रेशमी सलवार कुर्ता जाली का जैसे लोगों की जुबान पर चढ़ गए। जैसे-जैसे आशा और नैयर की नजदीकियां बढ़ीं, गीता और शमशाद की उपेक्षा आरंभ हो गई। नैयर भूल गए कि शमशाद बेगम ने कठिन समय में उनकी मदद की थी और गीता दत्त ने उनको गुरुदत्त से मिलवाया था।

### लाहौर में सब छोड़ कर पटियाला आना पड़ा

इस एल्बम ने नैयर को संगीत और सिनेमा जगत में एक पहचान दी। नैयर खुश हो रहे थे कि उनका सपना पूरा होने वाला है मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। देश का विभाजन हो गया। उनको लाहौर में सब छोड़-छाड़कर पटियाला आना पड़ा। पटियाला में वो संगीत शिक्षक बनकर जीवन-यापन करने लगे। पर मन तो फिल्मों में संगीत देने का था। अब नैयर बांबे (अब मुंबई) पहुंचते हैं। लंबे संघर्ष और जानकारों की सिफारिश के बाद उनको फिल्म संगीत में हाथ आजमाने का अवसर मिला।

### आसमान ने सफलता का क्षितिज खोला

1952 में आई फिल्म आसमान ने नैयर के लिए सफलता का क्षितिज तो खोला पर उनके और लता मंगेशकर के बीच दरार भी पैदा कर दी। दोनों ने फिर कभी साथ काम नहीं किया। ये वो समय था जब लता मंगेशकर फिल्म अनारकली, नागिन और बैजू बावरा जैसी फिल्मों के गाने गाकर प्रसिद्धि की राह पर चल पड़ी थीं। नैयर ने लता से अपनी फिल्म आसमान में गाने का अनुबंध किया था।

## माइनिंग अधिकारी कॉन्क्लेव में व्यस्त, कोई नहीं कार्यवाही करने वाला

# तीन दिन खनन माफिया और चोरों को खुली छूट

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में सक्रिय खनिज माफिया और चोरों के आगे अगले तीन दिनों तक प्रदेश सरकार जिला प्रशासन और चोरी को रोकने के लिए गठित किया गया माइनिंग विभाग लचर,विवश बेबस और नतमस्तक स्थिति में नजर आ रहा है। स्थिति इतनी खराब है कि सूचना देने के बाद भी प्रशासन तंत्र अवैध रूप से खनिज चोरी करने वाले खनिज माफिया ,खनिज चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने से पीछे हट रहा है। उसका यह कारण है कि 23 तारीख को कटनी जिले में माइनिंग कॉन्क्लेव का बड़ा आयोजन होने जा रहा है जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होने आ रहे हैं। माइनिंग अधिकारियों को इस कॉन्क्लेव को सफल बनाने की चिंता है, लेकिन इस बात की चिंता नहीं है कि जो खनिज चोरी रोकने की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका निर्वहन कौन करेगा ? जबलपुर संभाग में खनिज विभाग का इतना बड़ा कार्यालय बना है दर्जनों लोग उसमें पदस्थ हैं । हर क्षेत्र के निरीक्षक को अपने क्षेत्र में खनिज की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन उसके बावजूद भी अगर विभाग खुलेआम सड़क किनारे की जा रही खनिज की चोरी को रोकने से कदम पीछे हटाए तो फिर से विभाग के



औचित्य पर ही सवाल उठने लगते हैं। दो दिन बाद प्रदेश स्तर पर माइनिंग का बड़ा कॉन्क्लेव होने जा रहा है। निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हर स्तर पर संभव प्रयास कर रहे हैं। माइनिंग के बड़े बड़े कारोबारी इस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने आएंगे। उनके सामने क्या इस बात का भी प्रदर्शन होगा कि जबलपुर संभाग के खनिज अधिकारी माफिया और खनिज चोरों के आगे नतमस्तक है।

### 5 दिन से जारी, क्षेत्र निरीक्षक को नहीं जानकारी-

बड़ी विडंबना की बात है कि जिनकी मर्जी के बिना उनके क्षेत्र का एक पत्थर भी कोई ले जा सकता ऐसे खनिज निरीक्षक को इस बात की जानकारी ही नहीं है कि उनके क्षेत्र में बधैयाखेड़ा ग्राम की बरगी नहर की सड़क के किनारे खुले आम 5 दिन पहले से अवैध खुदाई कर मुरम निकाल कर बेची जा रही है। ग्रामीणों के माध्यम से जब यह शिकायत सामने आई तो और खनिज अधिकारियों तक पहुंची तो वे सभी ऐसे अनभिज्ञ बन गए जैसे उन्हें ना तो क्षेत्र की जानकारी है और ना ही 5 दिनों से खुलेआम चल रहे अवैध उत्खनन की।

### थमी कार्यवाही,अधिकारियों में भ्रम की स्थिति

अवैध रूप से होने वाली खनिज चोरी से शासन को राजस्व का भी बहुत बड़ा नुकसान होता है। लेकिन वर्तमान में न्यायिक और गैर न्यायिक कार्यों के गुणा भाग में उलझे तहसीलदार और नायब तहसीलदार के बीच में निर्मित भ्रम की स्थिति के कारण भी कोई भी कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इस व्यवस्था के लागू होने के पूर्व जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर एसडीम जबलपुर अभिषेक सिंह द्वारा टीम गठित कर भेजा गया था। जिसमें तहसीलदार प्रदीप तिवारी ने अकेले ही अपने राजस्व अमले के साथ एक हफ्ते के अंदर 5 से 7 वाहनों को पकड़ा था। जिनमें से कुछ अवैध खनिज का परिवहन करते भी पाए गए थे। लेकिन तहसीलदारों के बीच में निर्मित कार्य विभाजन की विरोधाभासी स्थिति के कारण राजस्व विभाग के माध्यम से होने वाली कार्यवाही भी शिथिल पड़ी है।

### तीन दिन कुछ नहीं हो सकता-

माइनिंग अधिकारी अशोक राय का कहना है कि अगले 3 दिनों तक अवैध उत्खनन के खिलाफ कोई भी कार्यवाही करने की संभावना नहीं है। क्योंकि सभी कटनी में आयोजित होने जा रही माइनिंग कॉन्क्लेव में व्यस्त है। अब खनिज चोरी हो रहा है क्या कर सकते हैं। जो होगा 3 दिन बाद ही हो पाएगा। खनिज अधिकारी के बयान से साफ है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के जबलपुर आगमन और उनकी मौजूदगी को वो नजरअंदाज करते हुए अपने विभागीय नंबर बढ़ाने के लिए पूरा ध्यान खनिज कॉन्क्लेव पर लगा रहे हैं। बड़े आश्चर्य की बात है कि खनिज विभाग की स्थापना मूल अवधारणा जो की खनिज की चोरी रोकना है वह प्राथमिकता से नदारत हो चुका है।

## जिले में चल रहा है गोरखधंधा, कॉलेज में बांटी जा रही सिम

# बीएड कॉलेज में बेची जा रही सीटें

### तय फीस से कई गुना वसूल रहे निजी कॉलेज, विभाग की निगरानी व्यवस्था फेल

हरिभूमि, जबलपुर।

**डायरेक्ट एडमिशन कहकर छात्रों से की जा रही बीएड कॉलेजों में वसूली**

शहर में तथा कथित कॉलेजों ने शिक्षा को बाजार बना दिया गया है। शिक्षक बनने का सपना देखने वाले छात्रों से निजी बीएड और डीएलएड कॉलेज खुलेआम मनमानी वसूली कर रहे हैं। शासन ने बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए जहां 35,000 रुपए फीस तय की है, वहीं शहर के कई कॉलेज इस राशि से दोगुना से भी अधिक रकम छात्रों से ऐंठ रहे हैं। डीएलएड के नाम पर छात्रों से 80,000 हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं। इसी तरह बीएड में 40,000 हजार से 50,000 रुपए तक की वसूली की जा रही है।सीएलसी के नाम पर उगाहीतथाकथित निजी बीएड कॉलेज खुलेआम कॉलेज लेवल काउंसलिंग के नाम पर डायरेक्ट एडमिशन का हवाला देकर छात्रों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। कई जगह तो नॉन अटेंडेंस के नाम पर 5 हजार से लेकर 10 हजार रुपए अतिरिक्त लिए जा रहे हैं। एडमिशन की आखिरी तिथि और सीट फुल होने की बात कहकर कॉलेज मैनेजमेंट अतिरिक्त पैसे वसूलते हैं। अगर फीस नहीं देंगे तो नाम नहीं आएगा लिस्ट में यह कहकर छात्रों को दबाव में बनाया जाता है। विभाग के जिम्मेदार आंखें बंद किए हुए हैं। विदित हो कि शहर में 42 से अधिक बीएड और डीएलएड कॉलेज संचालित है जिनमें कई प्राइवेट कॉलेजो में यह धंधा बेरोक-टोक चल रहा है।मिली भगत से बेखौफ हुए कॉलेजनिजी कॉलेजों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए न तो उच्च शिक्षा विभाग की कोई ठोस निगरानी है और न ही राज्य शिक्षा केंद्र की सक्रियता। कई कॉलेजों में तो बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं न ही प्रशिक्षित फैकल्टी, प्रयोगशालाएं, कमरे फिर भी मोटी फीस वसूली जा रही है। नॉन अटेंडेंस के नाम पर शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। शिक्षा को बाजार बनाकर छात्रों और अभिभावकों को ठगा जा रहा है। शहर में करमेता, स्थित कॉलेज, विजय नगर, आईटीआई, सिविल लाइंस, कटंगी आदि स्थानों पर चल रहे इन कॉलेजो में जमकर उगाही चल रही है।-करमेता स्थित एक निजी बीएड डीएलएड कॉलेज में छात्रों से डीएलएड कोर्स में डॉयरेक्ट एडमिशन के नाम पर 80 हजार रुपए लिए जा रहे हैं।-विजय नगर स्थित कॉलेज में बीएड के सीएलएसी राउंड में प्रवेश लेने के लिए फीस के नाम पर 45 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। इसमें नॉन अटेंडेंस, असाईनमेंट के नाम पर यह फीस मांगी जा रही है।

### विभाग ने तय की है फीस

-विभाग ने तय की है फीस, बीएड और डीएलएड के लिए शासन ने 35,000 फीस फिक्स की है। निर्धारित फीस से अधिक राशि वसूलने की शिकायतें विभाग तक पहुंची हैं। छात्र निर्धारित फीस ही कॉलेज को दें। यदि कॉलेज निर्धारित फीस से अधिक राशि वसूल रहे हैं तो छात्र सीधे शिकायत करें, विभाग इसकी जांच कराएगा।

**-मनोज गुहा, कंट्रोलर, टीचर एजुकेशन, आरएसके**

### छात्र सीधे करे शिकायत

-कॉलेजों को नियमों का पालन करना चाहिए। यदि इस तरह की चीजें हो रही है तो यह गलत है। विभाग इसे संज्ञान में लेगा। छात्र सीधे हमारे कार्यालय में शिकायत करें। संबंधित कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ.पंजाबराव चंदेलकर,**
**अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा**

## पुलिस व स्वास्थ्य विभाग दोनों सक्रिय, राजनैतिक आकाओं की शरण में दे रहा दस्तक

# स्मार्ट सिटी अस्पताल संचालक अमित खरे निकला सजायाफ्ता!

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं पर कब्जा जमाने वाले कथित अस्पताल माफिया डॉ. अमित खरे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में हुए एम्बुलेंस चालक पर हमले के मामले में जब उसका नाम सामने आया, तो पुलिस रिकॉर्ड ने बड़ा खुलासा कर दिया। अस्पताल संचालक खरे पहले से ही सजायाफ्ता रह चुका है। यह तथ्य अब आधिकारिक रूप से पुलिस अभिलेखों में दर्ज है।

### पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों सख्त

खरे की कार्यप्रणाली और फर्जीवाड़ों का पुराना इतिहास सामने आने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। पहले एप्पल अस्पताल में हुए घोटाले से लेकर गरीब मरीजों के आयुष्मान कार्ड के दुरुपयोग तक, खरे के खिलाफ पुराने फाइलों की धूल झाड़ी जा रही है। सूत्र बताते हैं कि विभाग उसकी लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन की पुनः जांच की तैयारी कर रहा है।

### राजनीतिक रसूख का कवच-

हालांकि दूसरी ओर, अमित खरे अपने राजनीतिक रसूख का खुलेआम ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा है। वह पड़ोसी जिले के एक पूर्व राज्य मंत्री और उनके केंद्रीय मंत्री भाई का नाम लेकर पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को खुली चुनौती देता नजर आ रहा है। यही वजह है कि कार्रवाई की राह आसान नहीं दिख रही।

### मुख्यमंत्री की अग्निपरीक्षा

अब सबसे बड़ा सवाल प्रदेश की सियासत और प्रशासनिक साख पर खड़ा हो गया है। क्या मुख्यमंत्री मोहन यादव के राज में ऐसे प्राइवेट अस्पताल माफियाओं पर वाकई शिकंजा कसेगा या फिर उन्हें राजनीतिक छत्रछाया में बख्श दिया जाएगा? जनता की निगाहें इसी पर टिकी हैं।

### कार्रवाई नहीं हौंसले बुलुद

एम्बुलेंस चालक पर हमला यह दिखाने के लिए काफी है कि अस्पताल संचालक और उनके गुर्गे मरीजों की जिंदगी को भी सौदेबाजी का औजार बना रहे हैं। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो यह साफ संदेश जाएगा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर माफिया का राज कायम है और सरकार मौन धारण कर बैठी हैं।

## रंजिश के चलते महिला की हत्या पर आजीवन कारावास

**जबलपुर**। जिला अदालत ने हत्या के आरोपित बरेला, जबलपुर निवासी मोहन सोनी का दोष सिद्ध पाया। विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कृष्णा प्रजापति ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने 21 अप्रैल, 2023 को प्रातः नौ बजे सुधा बाई झारिया की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। ग्राम परतला में इस घटना ने भय फैल गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपित चिरहुल के पेड़ के नीचे बैठा था। पुरानी रंजिश को लेकर सुधा को देखते ही भड़क गया। गाली-गलौच करने लगा। तैश में आकर कुल्हाड़ी चला दी।

## भव्य फ्लाई ओवर के लोकार्पण के बाद यह जबलपुर की जनता को आवागमन में सुगमता देगा

# कांग्रेस ओछी राजनीति बंद करें: भाजपा

जबलपुर।

केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद और जबलपुर की जनता का आशीर्वाद हमारे जनप्रतिनिधियों को मिलने के बाद ही जबलपुर पिछड़े शहर के दंश से बाहर निकाला है, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जी की विकासपरख सोच का का परिणाम है कि मप्र का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर बनने का गौरव हमारे जबलपुर को मिल रहा है, लेकिन कांग्रेस के नेताओं को जबलपुर का विकास हजम नहीं हो रहा, इसीलिए ओछी राजनीति का प्रदर्शन करते हुए जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास करते है, यह बात भारतीय जनता पार्टी महानगर जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने संयुक्त बयान जारी कर कही।भाजपा अध्यक्ष द्वय ने अपने बयान में कहा कि आज जबलपुर में ऐसे विकास कार्य हो रहे जिसकी कल्पना भी पहले नहीं की गई थी, जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर बनकर तैयार है जिसका लोकार्पण आगामी 23 अगस्त को किया जा रहा है, यह फ्लाई ओवर जबलपुर की लाइफ लाइन होगा और लगभग 11 सौ करोड़ की लागत से बने इस भव्य फ्लाई ओवर के लोकार्पण के बाद यह जबलपुर की जनता को आवागमन में सुगमता देगा जिससे न सिर्फ लोगो का समय बचेगा अपितु ईधन की बचत भी होंगी. जब इतना बड़ी सौगात जबलपुर को मिली है और इसे जनता को समर्पित करने देश के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लोकार्पण समारोह में आ रहे है तो समारोह भी भव्य ही होगा, हम मानते है कि लोकार्पण समारोह स्थल पर दो दिन की परेशानी जनता को होंगी, और इसके लिए हम पूरी विनम्रता से जबलपुर की जनता से क्षमाप्रार्थी है लेकिन जनता को ये विश्वास भी दिलाते है कि दो दिन की थोड़ी परेशानी के बाद जीवनभर का सफर आसान होगा इसीलिए कांग्रेस के नेता जो बार बार फ्लाई ओवर को लेकर ओछी राजनीति करते है उसे बंद करें क्योंकि यह सिर्फ राजनैतिक स्टंट का हिस्सा है। यह उसी कांग्रेस के नेता है जब इनकी सरकार कुछ समय के लिए मप्र में बनी तब सरकार में आते ही इन्होने इस फ्लाई ओवर के कार्य को बंद करा दिया था और जब पुनः मप्र में भाजपा की सरकार बनी तो इसके कार्य में तेजी आई, जब यह फ्लाई ओवर बनकर तैयार हुआ तो इन्होने कुछ समय पूर्व लोकार्पण की ओछी राजनीति की थी और आज जब लोकार्पण होने जा रहा है तो इनकी छाती में सांप लोट रहे है। अध्यक्ष द्वय ने कहा पहले भी जबलपुर में लम्बे समय तक कांग्रेस के जनप्रतिनिधि रहे है प्रदेश और देश में भी इनकी सरकारे रही है लेकिन एक भी ऐसा कार्य इन्होने जबलपुर के विकास के लिए नहीं किया जो मील का पत्थर बने। कांग्रेस के नेता तो दो चार लाख के विकास कार्य कराने में भी सक्षम नहीं रहे है और आज जब हजारों करोड़ के विकास कार्य हमारे जबलपुर में हो रहे है तो इनको इस बात का दर्द है कि जबलपुर आज तेजी के साथ विकास कि राह में आगे क्यों बढ़ रहा है।

अध्यक्ष द्वय ने कहा जबलपुर के सर्वांगीण और समन्वित विकास के लिए हमारे सभी जनप्रतिनिधि एक है और आगे भी इसी तरह विकास कार्यों को सौगात जबलपुर को मिलती रहेगी।

## पूजा पाठ के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को कारावास व जुर्माना

**जबलपुर**। जिला अदालत ने पूजा पाठ के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपित बिलहरी, जबलपुर निवासी अनूप कनौजिया का दोष सिद्ध पाया। न्यायाधीश रवींद्र कुमार धुर्वे की अदालत ने आरोपी को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कांता मरावी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित के विरुद्ध घमापुर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था। आशीष कुमार मालवीय ने लिखित शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि आरोपित ने खुद को हस्तरेखा विशेषज्ञ बताकर पूजा पाठ का परामर्श दिया। जिसके नाम पर सोने के गहने हड़प लिए। उसने पोटली में जेवरात रखे। जब दोबारा पोटली खोली गई तो उसमें चावल और नारियल निकला। जेवर गायब थे। इस तरह साफ था कि ठगी की गई। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

### दो आदान विक्रेताओं के कीटनाशक विक्रय लायसेंस निलंबित

**जबलपुर**। कृषि अधिकारियों के आकस्मिक निरीक्षण में अनियमितताएं पाये जाने पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने सिहोरा तहसील के अंतर्गत गांधीग्राम बुढागर के कृषि आदान विक्रेता मेसर्स सुजीत ट्रेडर्स तथा गोसलपुर जुझारी के कृषि आदान विक्रेता मेसर्स हनुमत फर्टिलाइजर्स का कीटनाशक विक्रय लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## रंगदारी वसूलने बदमाशों ने की वारदातें

# मारपीट, तोड़फोड़ की वारदातों में 5 घायल

**जबलपुर**। अधारताल, माढ़ोताल, रांझी और ओमती थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से रुपयों की मांग कर मारपीट व तोड़फोड़ करने की पांच वारदातें सामने आई हैं। मारपीट की इस वारदात में पांच लोग घायल हो गए हैं। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्यूप्लेक्स बी 12 समदड़िया अभिनव गोहलपुर निवासी 48 वर्षीय दूध डेयरी संचालक अजय उर्फ अज्जू यादव से गत दोपहर लगभग 2 बजे धर्मपाल डंडा लेकर उसके घर के सामने आया और उसकी डेयरी के अंदर घुसकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर धर्मपाल उससे अवैध रूप से 5 हजार रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर धर्मपाल ने उसकी पीठ पर डंडे से हमला कर दूध के डिब्बे में और टंकी में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकीदी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 333, 296, 324(4), 119(1), 115(2), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह माढ़ोताल में खजरी खिरिया बायपास माढ़ोताल निवासी 58 वर्षीय किसान किशन पटेल गत दिवस खेत से घर जा रहा था तभी सुबह लगभग 8 बजे राय वेयर हाउस पुलिया के पास मोटर सायकल में 4 अज्ञात लड़के आये और उसकी साईकिल रोक कर उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात चारों लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इसी प्रकार रांझी में गोकलपुर पंचायती कुंआ के पास निवासी 37 वर्षीय गार्ड राकेश यादव के घर गत रात लगभग 10 बजे पड़ोसी शांटू उर्फ सौरभ यादव गालीगलौज करते हुए घर में घुस आया और शराब पीने के लिए रुपए की मांग करते हुए मारपीट कर पीठ व कमर में अंदरुनी चोटें पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 332(सी), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह रांझी में बाजार मेन रोड रांझी निवासी 48 वर्षीय अनूप यादव गत रात लगभग 8.40 बजे शराब दुकान के बाजू से अपनी चिप्स नमकीन की दुकान पर था, उसी समय गोकलपुर रांझी निवासी सांटू उर्फ सौरभ यादव उसकी दुकान पर आया और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर गाल एवं छाती में अंदरूनी चोटे पहुंचाकर, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं ओमती में अमृत अपार्टमेंट कृपाल चौक निवासी 25 वर्षीय ऋषभ पाल गत दिवस अपनी एक्टिवा से अपने दोस्त प्रकाश ठाकुर एवं वेदांत मिश्रा के साथ भरतीपुर गया था, रात लगभग 9.15 बजे सामुदायिक भवन के पास खड़े थे तभी भरतीपुर निवासी बिल्लू उर्फ आकाश सोनकर एवं अर्जुन सोनकर उसके पास आए और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करते हुए गाली गलौज व मारपीट करने लगे, उसके साथियों ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 15 करोड़ के सोना—नगदी की लूट, 12 दिन बाद भी आधी सफलता, आधी नाकामी

**खितौला बैंक डकैती**

# बैंक की लापरवाही से खुला दरवाजा पुलिस की पकड़ से बाहर डकैत

हरिभूमि, जबलपुर।

खितौला थाना क्षेत्र में 11 अगस्त को हुई 15 करोड़ रुपये मूल्य की डकैती ने बैंक प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। आज जब हर बैंक अपनी शाखाओं को हाइटेक सुरक्षा से लैस करने का दावा करता है, वहीं खितौला शाखा में न तो सुरक्षा गार्ड तैनात था और न ही अलार्म या आधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम। करोड़ों रुपये का सोना—नकदी बिना सुरक्षा खुले निमंत्रण की तरह रखी थी। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि समय रहते सुरक्षा पर ध्यान दिया गया होता तो इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देना संभव ही नहीं था।

### चार आरोपी गिरफ्तार, रकम भी बरामद

हरिभूमि फॉलोअप

पुलिस ने अब तक की कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे लूट का कुछ हिस्सा बरामद भी किया गया है। यह जांच की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती अब भी बाकी है डकैती का मास्टरमाइंड और बाकी फरार आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### नाम—पते उजागर पर गिरफ्तारी अधर में

पुलिस ने आरोपियों के नाम-पते तक जुटा लिए हैं और उनकी पहचान भी हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार कई टीमें राजस्थान, झारखंड और बिहार तक दबिश देकर लौट चुकी हैं, लेकिन न तो मास्टरमाइंड मिला और न ही लूट का बड़ा हिस्सा बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही फरार आरोपी शिकंजे में होंगे।

### खानाबदोश गिरोह जांच में बड़ी बाधा-

पुलिस सूत्रों के मुताबिक डकैत दशकों से खानाबदोश की तरह जीवन जी रहे हैं। वे किसी एक जगह महीनों से ज्यादा टिकते नहीं। यही वजह है कि जहां पुलिस पहुंचती है, वहां सिर्फ इतना ही पता चलता है कि आरोपी पहले यहां रह चुके थे। कई बार स्थानीय स्तर पर पुलिस को अपेक्षित सहयोग भी नहीं मिला। इस कारण पूरी पहचान होने के बावजूद मास्टरमाइंड अब तक गिरफ्त से बाहर है।

### सोना गलने और विदेश भेजने की आशंका

सबसे गंभीर चिंता यह है कि बदमाश सोने को गलाकर बाजार में उतार सकते हैं या नेपाल के रास्ते दुबई तक खपा सकते हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि समय बीतने के साथ बरामदगी की संभावना घटती जा रही है। ऐसे में यदि मास्टरमाइंड गिरफ्तार भी हो जाए, तो भी करोड़ों का खजाना वापस मिलना बेहद मुश्किल होगा।

## फिट की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की मौत

**जबलपुर**। कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम थतिया टोला लहसर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया है कि व्यक्ति को फिट की बीमारी थी, जिसे उल्टी हुई और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम थतिया टोला लहसर निवासी 54 वर्षीय तेजीलाल बैगा को फिट आते थे जिसकी दवाई चल रही थी। गत सुबह लगभग 10 बजे तेजीलाल खेत में काम करके शाम लगभग 4 बजे घर वापस आये और खाना खाकर सो गये थे कुछ समय बाद तेजीलाल को उल्टी हुयी और मुंह बंद हो गया जिस कारण वह दवाई नहीं खा पाए, उसके बाद उपचार के लिए बेटे तीरथ सिंह बैगा द्वारा एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल कुण्डम लेकर गये जहां रात लगभग 8.30 बजे डाक्टर ने चैक कर तेजीलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में सहयोगी संस्थाओं को किया गया सम्मानित

# संस्कारधानी से धर्मधानी की ओर बढ़ता जबलपुर






**जबलपुर।**

सनातन धर्म की महान परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण की अलौकिक लीलाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जबलपुर में भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस पावन आयोजन की समीक्षा हेतु श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा नरसिंह मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्री नृसिंह पीठाधीश्वर, पूज्य जगद्गुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज ने की। बैठक में उन्होंने जबलपुर को 'संस्कारधानी से धर्मधानी' बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए संगठित प्रयास और सहयोगी भावना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धर्मनिष्ठ संस्थाओं और समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारी जीवंत परंपरा का हिस्सा है, जो समाज में उत्साह और ऊर्जा का संचार करता है।शोभायात्रा में अतुलनीय सहयोग देने वाली विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को सम्मान पत्र, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इनमें श्रीकृष्ण सनातन मंदिर (छोटी ओमती), श्रीगोपाल लाल जी महाराज मंदिर (हनुमानताल), श्रीराम मंदिर (मदन महल), जगदीश मंदिर (गढ़ा फाटक), गोपाल मंदिर (घमापुर), जयश्री कृष्णी सभा (बाई का बगीचा), गायत्री परिवार (धनवंतरी नगर), दुर्गा मंदिर (धनवंतरी नगर), यादव महासभा (जबलपुर), श्रीगोविंदगंज रामलीला समिति (मिलौनीगंज), श्रीरामलीला समिति (गढ़ा) आदि प्रमुख संस्थाएं शामिल रहीं।इस अवसर पर रत्नेश सोनकर, श्याम साहनी (महासभा अध्यक्ष), पं. रोहित दुबे, महात्मा गोवर्धनदास जी, हरीश सभरवाल, सुभाष यादव, मनोज यादव, लकी भाटिया, डॉ. हितेश अग्रवाल, के. के. शुक्ला, सोनल सेठी, प्रवेश खेड़ा, मीरा दुबे, अनुराधा सोधिया, डॉ. एच.पी. तिवारी, संदीप मिश्रा, राजेंद्र यादव, उज्ज्वल पचौरी सहित अनेक श्रद्धालु व धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। पूज्य महाराज श्री ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि ऐसे आयोजन समाज को धर्म के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ एकता और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे धर्म की इस ज्योति को और अधिक प्रज्वलित करने में सहभागी बनें।



## कान्हा की छठी पर्व पर अन्नपूर्णा मंदिर में भव्य हरिनाम संकीर्तन

**जबलपुर।** भाद्रपद जन्माष्टमी के छः दिन बाद कान्हा की छठ पर्व के शुभ अवसर परंपरानुसार श्री चैतन्य संकीर्तन मंडल जबलपुर के तत्त्वाधान में सुषमा-संजय गोस्वामी के सौजन्य से गल्लामंडी स्थित श्री अन्नपूर्णा मंदिर में बड़ी संख्या में धर्ममयी उपस्थिति में धूमधाम से छठी पर्व मनाया गया। रसिक भक्त जनों द्वारा राधा कृष्ण नाम संकीर्तन हे गोपाल राधे कृष्ण,श्यामा लाड़ली दया करो,बधाई गीत की सुमधुर धुन एवं ढोलक की थाप पर नाचते गाते झुमते हुए राधा कृष्ण नाम के प्रेम रस में सराबोर होकर भक्ति रस में भावविभोर होकर



विभिन्न प्रकार के भोग लगाकर आरती पुष्प वर्षा कर संकीर्तन स्थल को वृन्दावन बना दिया। इस अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संयोजक देवेंद्र नेमा, मनोरमा शुक्ला, रिंकी केशवानी, मीरा पटेल, बनीता नामदेव बिना केशवानी, अंजू चौरसिया, प्रीति सिंह, अर्चना यादव, राशि तिवारी, ममता राय, सत्यप्रकाश नामदेव, प्रभाकर चतुर्वेदी, सुरेंद्र गिरी, रज्जू सोनी, अमित विश्नोई, अवधेश खरे, पप्पू चौबे, मनोज गुलाबवानी, विशाल पंड्या, नरेश कहार, शिवा नामदेव, अवधेश गौतम, विवेक अग्रवाल आदि मातृशक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।

## रजत भार्गव राहुल बजाज उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित




**जबलपुर।** जी.एस. कॉलेज, गोंदिया में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में श्री राजत भार्गव को व्यापार क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु श्री राहुल बजाज उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री वाई.एस. धर्माधिकारी साहब की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के अंतर्गत प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर न्यायमूर्ति श्री सत्यनारायण धर्माधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होनें श्री राजत भार्गव को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित नागरिक, शिक्षाविद्, छात्र तथा समाजसेवी उपस्थित रहे।

## विधायक अभिलाष पाण्डेय ने किया निरीक्षण, विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर लगाने के दिए निर्देश

## कमला नेहरू वार्ड में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन



जबलपुर। उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय द्वारा स्वामी विवेकानंद मंडल के अंतर्गत आने वाले कमला नेहरू वार्ड के कछपुरा पुष्प नगर, गुरुकुंज परिसर एवं गणेश नगर में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रीय विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की एवं आवश्यक स्थानों पर ट्रांसफार्मर तथा विद्युत पोल लगाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अधोसंरचना संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ हो सकें।कार्यक्रम में नगर निगम की MIC सदस्य एवं वार्ड पार्षद श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्री कान्त कुक्की, गोपाल तिवारी, लालू चोबे, योगेश विलोहा, नितिन मिश्रा एवं रंजीत ठाकुर सहित क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म महासभा ने किया गायत्री परिवार को सम्मानित



**जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा की समीक्षा बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन विगत दिवस नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज, जबलपुर में विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में सम्मिलित होकर सहयोग करने वाली संस्थाओं और मंदिरों को सम्मानित किया गया। जगतगुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज ने सनातन धर्म को संरक्षित करने का आव्हान करते हुए जातीय मतभेद दूर कर एकजुट रहने को कहा। जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य ने धर्म एवं संस्कृति के लिए सभी को संगठित होकर काम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाराज श्री ने अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा सनातन धर्म महासभा की शोभायात्रा में सम्मिलित होकर दिए जाने वाले सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उपस्थित गायत्री परिजनों को दुपट्टा पहनाकर तथा मेमोन्टो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रधान ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा, नरेश तिवारी, जगदीश दीक्षित, नारायण दुबे, शंभू दयाल रावत, बृजेश शर्मा, दीपांशु शुक्ला, प्रमेंद्र जाट, भैयालाल पटैल, सरोज विश्वकर्म, वंदना दिनेश-बरसैंया के साथ ही पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा, समाजसेवी के.के. शुक्ला की उपस्थिति रही।

## जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जबलपुर मंडल की 21 अगस्त को जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक सभागृह में किया गया। बैठक में जिला रैली, जबलपुर मंडल में अक्टूबर माह में होने वाली राज्य रैली एवं जिला के वार्षिक कार्यों पर चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक/ मुख्य जिला आयुक्त (स्काउट) सुनील टेलर द्वारा की गई। बैठक में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, जिला आयुक्त स्काउट सुबोध विश्वकर्मा, इंजी. रामबदल मिश्रा, नितेश कुमार सोने, सचिपति नंदन, अनिल चौबे, विमलेश तिवारी, संजीव तिवारी, विजयलक्ष्मी पाणिग्रही सहित रेलवे स्कूल जबलपुर, कटनी के शिक्षक, प्राचार्यगण एवं जबलपुर, कटनी, सतना के यूनिट लीडर उपस्थित रहे।

## नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति किया जागरूक




**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम की आई.ई.सी. टीम और ट्रांसजेंडर समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समाज की प्रतिनिधि राधिका शर्मा, पूजा जायसवाल एवं अब्दुल रहीम (चंदा) सहित व्यापारी संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों और नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें नगर निगम के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर समाज द्वारा बाजार क्षेत्र के सभी व्यापारियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि जबलपुर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। व्यापारियों को समझाया गया कि कचरे का पृथकीकरण करके ही नगर निगम की वाहन सेवा को सौंपें, नालियों और सार्वजनिक स्थानों में कचरा न फेंकें, सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग बंद करें और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखें। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि स्वच्छता केवल सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने कार्यस्थल, घर और आस-पड़ोस में साफ-सफाई बनाए रखें।

## शहर के हास्य कलाकार रजनीकांत त्रिवेदी का निधन



**जबलपुर।** शहर के हास्य कलाकार रजनीकांत त्रिवेदी का गुरुवार को बंगलौर में निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार आज बंगलौर में ही किया जावेगा। स्टेंड अप कॉमेडी की शुरुआत करने वाले शंकर शर्मा (कथाकार राजेन्द्र दानी की बड़ी बहिन आशा शर्मा के पति) रहे हैं। शंकर शर्मा सामान्य जीवन में अंतर्मुखी थे लेकिन मंच पर आते ही उनका बिल्कुल अलग रूप देखने को मिलता था। इसके बाद हास्य कलाकार कुलकर्णी बंधु, केके नायकर व रजनीकांत त्रिवेदी की त्रयी का दबदबा सिर्फ जबलपुर ही नहीं बल्कि पूरे देश में था। जबलपुर में सन 1962 में कुलकर्णी बंधु (हेमंत व दत्तात्रेय) और केके नायकर की साथ-साथ शुरुआत हुई। कुलकर्णी बंधु व नायकर ने 1964 से मंच पर अपने कार्यक्रम देना शुरु कर दिए थे। इनके बाद दृश्य पटल पर उभरे। रजनीकांत को मंच पर लाने का श्रेय जबलपुर के हास्य कलाकार ध्रुव गुप्ता को जाता है। रजनीकांत आर्केस्ट्रा में गाते थे और कव्वाली गाना उनको प्रिय थी। वे हेमंत कुमार व मन्ना डे के गीतों को मंच पर प्रस्तुत करते थे। वे हरफनमौला थे। कांगो वाद्य बजाने में उनको महारत हासिल थी।

**श्रीमती पुष्पा परौहा-** सिहोरा, मझौली बायपास वार्ड क्रमांक 7 निवासी श्रीमती पुष्पा परौहा का 47 की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम गंजताल के मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रदीप परौहा की पत्नी एवं हर्ष परौहा मां तथा संदीप परौहा की भाभी थी।



**श्रीमती खुशवंत कौर संधू-** तेज अपार्टमेंट नर्मदा रोड निवासी श्री मनोहर सिंह संधू की धर्मपत्नी श्रीमती खुशवंत कौर संधू (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लालमन-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री लालमन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. रिया बर्मन-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री दुर्गा प्रसाद बर्मन की पुत्री कु. रिया बर्मन (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ई.टी. वर्गिस-** रामदास का बगीचा सदर निवासी श्री ई.टी. वर्गिस (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवींद्र नाथ तिवारी-** आजाद चौक गोरखपुर निवासी श्री रवींद्र नाथ तिवारी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।




**श्रीमती केवल पाली-** स्नेहनगर गढ़ा रोड निवासी श्री माताबदल पाली की धर्मपत्नी श्रीमती केवल उर्फ कमला पाली (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धीरेंद्र बारी-** बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री देवी प्रसाद बारी के पुत्र श्री धीरेंद्र बारी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अश्विनी कुमार गुप्ता-** गणेश नगर कछपुरा निवासी श्री अश्विनी कुमार गुप्ता (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश सोंधिया-** सेठ गोविंद दास वार्ड लालमाटी निवासी श्री प्रकाश सोंधिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सतीश प्रजापति-** मुंडी टोरिया मोहनिया रांझी निवासी श्री रमेश चंद्र प्रजापति के पुत्र श्री सतीश प्रजापति (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160





## गड़रिया महासभा के सम्मेलन में एक हजार से अधिक महिलाएं सम्मानित

## एक नारी सम्पूर्ण समाज को आत्मनिर्भर बना सकती है : महायोगी दादागुरु

**सिहोरा।** एक नारी सम्पूर्ण समाज को आत्मनिर्भर बना सकती है जिसका जीवंत उदाहरण है लोकमाता देवी अहिल्याबाई जिन्होंने परिवार ही नहीं राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाया आप सभी नारी शक्ति लोकमाता की वंशज हैं जिनका सम्मान आज गड़रिया समाज करके स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है उक्ताशय के उदगार अवधूत महायोगी दादागुरु श्री भैया जी सरकार ने अखिल भारतीय गड़रिया महासभा की ग्रामीण जिलाध्यक्ष पार्षद बेबी विनय पाल के द्वारा पुश्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई बाई होल्कर नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत मझौली बायपास स्थित ध्वनि पैलेस में आयोजित भव्य सम्मेलन

सम्मान समारोह में अपने आर्शीवचन के रुप में व्यक्त किए। समाज की महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम संतोष बरकडे विधायक के मुख्य आतिथ्य,राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल की अध्यक्षता एंव पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नंदनी मरावी,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता सुश्री पूजा पाठक रहीं।



## माटी गणेश पंच तत्व का प्रतीकः यादवेंद्र सिंह

**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर के पाटन विकासखंड अंतर्गत जनपद कार्यालय के सभा कक्ष में माटी गणेश निर्माण प्रशिक्षण एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समाजसेवी यादवेंद्र सिंह ने माटी गणेश को पंच तत्वों का प्रतीक बताया और इसके निर्माण को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि माटी से बने गणेश प्रतिमा का विसर्जन प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने का संदेश देती है। अतिथि वक्ता नन्द किशोर पटेल ने समग्र ग्राम विकास के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने ग्रामीण सहभागिता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया ने प्रस्फुटन समितियों के कार्यों और माटी गणेश निर्माण के पीछे पर्यावरणीय दृष्टिकोण को विस्तार से समझाया। विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक विवेक मिश्रा, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि जितेन्द्र राठौर, उमाकांत यादव, श्रीमती अंजना विश्वकर्मा, परामर्शदाता श्रीमती प्रियंका जैन, यशवंत सेन, नवांकुर सखी प्रेरक मनीष झारिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्राम समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## जिओ स्टोर में आये दिन लटका रहता रहता है ताला

### ग्राहक हो रहे हलाकान




**सिहोरा।** सिहोरा के जिओ स्टोर में आए दिन ताला लटका रहता है जिससे कंपनी के उपभोक्ता बहुत परेशान है जबकि यह बहुनामी कंपनी का अधिकृत सर्विस सेंटर है यहां पर उपस्थित उपभोक्तओ ने बताया गया कि सर्विस के नाम पर कुछ नहीं है वे जब भी सिम रिप्लेसमेंट कराने जाते हैं तो उन्हें हर समय ताला ही लटका मिलता है आखिर वे करें तो क्या करें। स्टोर कब खुलता है कब बंद हो जाता है किसी को नहीं पता रहता और न ही कोई जबाबदार कर्मचारी यहां उपस्थित होकर जानकारी देता है। काम्पीटीशन के इस युग में जहां कम्पनियां ग्राहकों के लिए तरह तरह के लुभावने आफर दे रहीं हैं वहीं इस कम्पनी का अपने उपभोक्ताओं के प्रति इस तरह का रवैया उन्हें दुसरी कम्पनी की सिम लेने मजबूर कर रहा है। इसी तरह अनेक उपभोक्ताओं ने बताया कि सिम रिप्लेसमेंट का 50 चार्ज लगता है लेकिन यहां पर कथित तौर पर कई गुना अधिक चार्ज लिया जा रहा है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है।

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH
I, HARINATH RAMSAKAL TIWARI is legally Father of No 15692607N Rank L/HAV Name INDRAJEET HARINATH TIWARI presently, residing at VILL-A 17, GANGANAGAR NEAR HEAVY WATER COLONY, DANTESHWAR, PO-PRATAPNAGAR, TEH- DANTESHWAR DISTT-VADODARA (GUJRAT)-390004 I, have changed of my name and date of birth from name HARINATH R TIWARI and date of birth 01/07/1964 (Name and date of birth as per my SON, Army service records) to name HARINATH RAMSAKAL TIWARI and date of birth 14/05/1967 (name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 20/08/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR
CORRECT NAME
HARINATH RAMSAKAL TIWARI
INCORRECT NAME
HARINATH R TIWARI
CORRECT DATE OF BIRTH-14/05/1967
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1964

नाम परिवर्तन सूचना
मैं PRANAV RANJAN AGRAWAL उम्र 48 वर्ष S/O SATYA RANJAN AGARWAL मेरे पासपोर्ट न. M4779222 में मेरा नाम PRANAV AGRAWAL लिखा हुआ है जो की बदल कर PRANAV RANJAN AGRAWAL कर लिया है जो मेरे आधार ,पेन और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे नए नाम PRANAV RANJAN AGRAWAL से जाना पहचाना जाए।
नया नाम
PRANAV RANJAN AGRAWAL
पुराना नाम
PRANAV AGRAWAL
पता -: B-1 sky multi Anantara Mandla Road Tilhari Jabalpur

# बैंकिंग व वित्तीय सेवा में 2030 तक 2.5 लाख नौकरियां होंगी सृजित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत का बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 प्रतिशत और 2030 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है, जिससे करीब 2.5 लाख स्थायी नौकरियां उत्पन्न होंगी।

- वर्ष 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 फीसदी वृद्धि का अनुमान

बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में यह वृद्धि छोटे व मझोले श्रेणी के शहरों में बढ़ती मांग के दम पर हो रही है, जो महानगर केंद्रित भर्ती से स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है।

## कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

### सूरत, भुवनेश्वर में 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज

वहीं सूरत, जयपुर, लखनऊ और भुवनेश्वर में 11-13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एडेको इंडिया के निदेशक कार्तिकियन केसवन ने कहा, '' बीएफएसआई क्षेत्र में नियुक्ति परिदृश्य दो अभिसारी बदलावों से नए सिरे से परिभाषित हो रहा है। पहला डिजिटल-प्रथम निवेशकों का तेजी से उदय और दूसरा छोटे व मझोले शहरों की ओर झुकाव।



**ऋण जोखिम विश्लेषकों की भर्ती बढ़ी :** इस बीच, बैंकों ने बिक्री एवं संबंधि अधिकारियों, डिजिटल उत्पाद प्रबंधकों और ऋण जोखिम विश्लेषकों के लिए भर्ती बढ़ा दी है, जो इस वर्ष पारंपरिक बीएफएसआई भर्ती में सबसे अधिक मांग वाली भूमिकाएं हैं।

### म्यूचुअल फंड कंपनियों में भी मजबूत मांग

*बीएफएसआई क्षेत्र में नियुक्ति की मांग मजबूत बनी हुई है। हालांकि म्यूचुअल फंड कंपनियां और वेल्थ मैनेजमेंट कंपनियां इस वृद्धि में नौ प्रतिशत से अधिक का नेतृत्व कर रही हैं, क्योंकि बाजार से जुड़े निवेश महानगरों से आगे बढ़ रहे हैं।*

***वित्तीय योजनाकारों व निवेश सलाहकारों की मांग :*** *रिपोर्ट से पता चला कि वित्त एवं बीमा कंपनियां तेजी से वित्तीय योजनाकारों, निवेश सलाहकारों, 'डिजिटल अंडरराइटर्स' और दावा स्वचालन विशेषज्ञों आदि की मांग कर रही हैं। इसमें कहा गया कि इससे इंदौर, कोयम्बटूर, नागपुर और गुवाहाटी जैसे बाजारों में नियुक्तियों में 15-18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।*

कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, '' बीएफएसआई क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों की बढ़ती मांग के दम पर देश के छोटे व मझोले शहर शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रहे हैं, जहां लगभग 48 प्रतिशत नई नौकरियां सृजित हो रही हैं।''

### पिछले वर्ष की तुलना में भर्ती में 27 फीसदी की तेजी

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में भर्तियों में 27 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। स्थानीय भाषा में दक्षता एवं जमीनी स्तर पर बिक्री का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के अब चयनित होने की संभावना 2.5 गुना अधिक है और उन्हें 10-15 प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### रुपया 18 पैसे टूटकर 87.25 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रूस व यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला।

### आइकिया को भारत में बिक्री 10 फीसदी बढ़ने की उम्मीद




**एल्महुल्ट।** स्वीडन की प्रमुख फर्नीचर एवं गृहसज्जा कंपनी आइकिया को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में उसकी बिक्री 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। आइकिया सितंबर-अगस्त के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। कंपनी भारतीय बाजार में अपने विस्तार को लेकर आश्वस्त है।

### स्टारलिंक सत्यापन के लिए आधार का करेगी इस्तेमाल




**नई दिल्ली।** अरबपति एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक भारत में ग्राहकों को जोड़ने से पहले उनके सत्यापन के लिए ''आधार'' प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करेगी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं देने वाली इकाई स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।

### क्यूब हाइवेज ट्रस्ट ने बांड से जुटाए 820 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** क्यूब हाइवेज ट्रस्ट (क्यूब इनविट) ने बांड जारी कर 820 करोड़ रुपये जुटाए हैं। क्यूब हाइवेज फंड एडवाइजर्स प्राइवेट लि. प्रबंधित कंपनी ने क्यूब हाइवेज ट्रस्ट ने अपने नवीनतम बांड के सफल समापन की घोषणा की। इसमें प्रतिस्पर्धी दरों पर दो अवधियों... 3.5 वर्ष और 10 वर्ष... के लिए 820 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं।

क्यूब इनविट (बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट) के निदेशक मंडल ने 20 अगस्त, 2025 को निजी नियोजन के आधार पर एक लाख रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले 82,000 गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के आवंटन को मंजूरी दी है। यह कुल मिलाकर यह 820 करोड़ रुपये बैठता है। बयान के अनुसार, 20 फरवरी, 2029 की परिपक्वता तिथि वाले 3.5 वर्षीय एनसीडी 6.93 प्रतिशत के ब्याज (कूपन) पर जारी किए गए, जबकि 20 अगस्त, 2035 की परिपक्वता तिथि वाले 10 वर्षीय एनसीडी 7.3015 प्रतिशत ब्याज पर जारी किए गए हैं।

### माइंडस्पेस रीट ने बांड से 550 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट ने बांड जारी कर अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) से 550 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटाई है। आईएफसी विश्व बैंक समूह की निजी क्षेत्र की निवेश इकाई है। 550 करोड़ रुपये की यह अतिरिक्त राशि सस्टेनेबिलिटी-लिंक्ड बॉन्ड (एसएलबी) जारी करके जुटाई गई है।इससे पहले, कंपनी ने जून, 2024 में 650 करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी जुटायी थी। बॉन्ड की अवधि आठ वर्ष है। माइंडस्पेस रीट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रमेश नायर ने कहा, ''इस निर्गम के साथ, हम अपनी हरित यात्रा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

## सेबी के चेयरमैन पांडेय ने किया खुलासा

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए मंच वायदा कारोबार की अवधि बढ़ाने की योजना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक एक विनियमित मंच पेश कर सकता है, जहां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी।

यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।

- कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कारोबार का खुलासा कर पाएगी
- मंच सूचीबद्ध होने के बीच कारोबार की अनुमति दे सकता है
- पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है

### परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार

पांडेय ने साथ ही कहा कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है। इससे ऐसे उत्पादों में व्यापार पर अंकुश लगेगा, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में 91 प्रतिशत व्यक्तिगत व्यापारियों को घाटा हुआ था। पांडेय ने 'फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' 2025 में कहा कि निवेशकों के लिए निवेश संबंधी निर्णय लेने को सूचीबद्ध होने से पहले की जानकारी अक्सर पर्याप्त नहीं होती है।

### आईपीओ बाजार काफी सक्रिय है

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय आईपीओ बाजार 2025 तक 48 मुख्य कंपनियों की सूचीबद्धता के साथ काफी सक्रिय हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में 11 कंपनियों ने अपनी आरंभिक शेयर बिक्री शुरू की। अगले सप्ताह कुछ और कंपनियां भी आईपीओ लाने वाली हैं।

### मिलेगा प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म

'प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर डिपॉजिटरी के साथ कोई चर्चा होने के सवाल पर उन्होंने कहा, '' मैं जो भी कह रहा हूं, वह केवल सैद्धांतिक है।'' यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।



### ग्रे मार्केट खत्म हो जाएगा

पांडेय ने एक पहल का संकेत देते हुए कहा, '' एक विनियमित मंच प्रायोगिक आधार पर ... जहां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियां कुछ खुलासों के बाद व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं।'' यदि इस पहल को क्रियान्वित किया जाता है तो इससे अनियमित मंचों जिन्हें अक्सर 'ग्रे मार्केट' कहा जाता है, उन पर असूचीबद्ध शेयर के व्यापार पर अंकुश लग सकेगा।

**निवेशकों के लिए काफी जोखिम है :** वर्तमान में, आईपीओ के बोली लगाना बंद होने और बाजारों में इसके खुलने में कम से कम तीन कारोबारी दिनों का अंतराल होता है और इस अवधि के दौरान 'ग्रे मार्केट' में व्यापार होता है।

### नकदी शेयर बाजार को मिल रही अहमियत

शेयर वायदा कारोबार के संबंध में सेबी नकदी शेयर बाजारों को गहरा करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। साथ ही लंबी अवधि के उत्पादों के माध्यम से वायदा-विकल्प की गुणवत्ता को भी बढ़ा रहा है। पांडेय ने कहा, '' हम वायदा-विकल्प उत्पादों के परिपक्वता खाके और सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे, ताकि वे 'हेजिंग' (जोखिम प्रबंधन रणनीति) और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर सेवा प्रदान कर सकें।''

### तीन साल में दैनिक कारोबार दोगुना हुआ

पांडेय ने कहा कि नकदी बाजार में कारोबार तेजी से बढ़ा है और तीन साल की अवधि में दैनिक कारोबार दोगुना हो गया है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शेयर वायदा कारोबार पूंजी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन नियामक को गुणवत्ता एवं संतुलन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# भ्रामक विज्ञापन के लिए रैपिडो पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए ऑनलाइन वाहन सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।




- सीसीपीए ने लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना
- पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपए का किया था इस्तेमाल

उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को पैसे देने का निर्देश भी दिया है जिन्होंने कंपनी के '' पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये '' ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं। नियामक ने रैपिडो के विज्ञापनों की जांच के बाद यह कार्रवाई की जिसमें '' पांच मिनट में ऑटो या 50 रुपये पाएं'' और ''गारंटीड ऑटो'' का वादा किया गया था। उसने पाया कि ये विज्ञापन झूठे एवं उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता 'हेल्पलाइन' के आंकड़ों से पता चला है कि जून 2024 और जुलाई 2025 के बीच रैपिडो के खिलाफ शिकायतों की संख्या बढ़कर 1,224 हो गई, जबकि उससे पिछले 14 महीने की अवधि में यह संख्या 575 थी। सीसीपीए की जांच से पता चला कि रैपिडो के विज्ञापनों में 'डिस्क्लेमर' बेहद छोटे या ऐसी शैली में प्रदर्शित किए गए थे कि उन्हें पढ़ पाना बेहद मुश्किल था। 50 रुपये के लाभ का वादा वास्तविक मुद्रा नहीं, बल्कि ''50 रुपये तक'' मूल्य के ''रैपिडो सिक्के'' थे जिनका उपयोग केवल मोटरसाइकिल की सवारी के लिए किया जा सकता था। साथ ही इनकी समय सीमा सात दिन के भीतर समाप्त हो जाती थी।

### प्रतिबंधों ने ऑफर की अहमियत कम की

मंत्रालय ने बयान में कहा, '' इस तरह के प्रतिबंधों ने 'ऑफर' की अहमियत को काफी हद तक कम कर दिया और उपभोक्ताओं को अनुचित रूप से कम समय के भीतर रैपिडो की दूसरी सेवा का उपयोग करने के लिए मजबूर कर दिया।''

### एमार एंटरटेनमेंट का मेक माईट्रिप से करार

**मुंबई।** एमार एंटरटेनमेंट ने ऑनलाइन यात्रा बुंकिग करने से जुड़े मंच मेकमाईट्रिप को भारत में अपना आधिकारिक साझेदार बनाया है। मेकमाईट्रिप ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इसका मकसद दुबई के कुछ सबसे मशहूर आकर्षणों जैसे बुर्ज खलीफा, दुबई एक्वेरियम और अंडरवॉटर जू तक लोगों को आसान पहुंच प्रदान करना है। इसमें कहा गया, इस साझेदारी के जरिये मेकमाईट्रिप के नए मंच 'टूर्स एंड अट्रैक्शन्स' पर एमार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भारतीय यात्रियों को दुबई में अपने पसंदीदा गंतव्यों को खोजने और भारतीय रुपये में इन्हें बुक करने की सुविधा मिलेगी। मेकमाईट्रिप के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी जसमीत सिंह ने कहा, '' एमार एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी से अब दुबई की विश्व प्रसिद्ध जगहों तक भारतीय पर्यटकों की पहुंच और भी आसान हो जाएगी।


**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स वैभव इन्टरप्राईजेज, बढ़ैयाखेड़ा स्टोन क्वारी, माईनिंग प्रोजेक्ट, खसरा नं. 05, पार्ट, ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 3.36 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता 53,590 घन मीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर. (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र जबलपुर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड कमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 24/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 11:00 बजे मेसर्स वैभव इन्टरप्राईजेज, बढ़ैयाखेड़ा स्टोन क्वारी, माईनिंग प्रोजेक्ट, पार्ट, ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/ टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स श्री उपासिनी कन्स्ट्रक्शन (JBP) प्रा.लि., बढ़ैयाखेड़ा स्टोन (Used for Stone Crusher as Gitti) क्वारी माईनिंग ऑफ मिनरल्स, खसरा नं. 27 एवं 28, ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 1.80 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता 23,500 घन मीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर. (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र जबलपुर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 24/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 01:00 बजे मेसर्स श्री उपासिनी कन्स्ट्रक्शन (JBP) प्रा.लि., बढ़ैयाखेड़ा स्टोन क्वारी, माईनिंग प्रोजेक्ट, पार्ट, ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/ टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

**कार्यालय, अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा म.प्र.**
E mail -Jsdjcdw@mp.gov.in, Fax no.-07162-247325

**ई-निविदा वित्तीय वर्ष 2025-2026**
mptenders.gov.in के माध्यम से ई - निविदा सूचना ( प्रथम आमंत्रण )

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला जेल छिन्दवाड़ा में परिरूद्ध बंदियों के विभिन्न पॅथालॉजी टेस्ट एवं जाँचों हेतु www.mptenders.gov.in पर दिनांक 04.09.2025 को शाम 05 :30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 13.08.2025 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |
| 2. | प्रिबिड | 18.08.2025 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |
| 3. | ऑनलाईन फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500 / - तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000 /- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | 02.09.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4. | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 02.09.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| 5. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज परीक्षण) | 04.09.2025 को प्रात: 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |
| 6. | ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 04.09.2025 को शाम 4.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है । निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेंट कर क्रय किया जा सकता है।

G-17550 /25

अधीक्षक
जिला जेल छिन्दवाड़ा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)**

NIT क्रं. 05(E.T.)/जलप्रदाय/न.पा.नि./2025-26 — सतना दिनांक-20/08/2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | निविदा क्र.व. दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री आपूर्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 05/01 20.08.2025 | 2025_UAD_444556_1 | जलप्रदाय व्यवस्था हेतु मोटर / पम्प मरम्मत कार्य एनीकेट एवं फिल्टर प्लान्ट में स्थापित पम्प / मोटर (द्वितीय काल ) | 30,00,000/- | 50,000/- | 5,000/- | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 02. | 05/02 20.08.2025 | 2025_UAD_444557_1 | वार्ड क्र. 01 से 45 तक स्थापित हैण्डपम्पों एवं पावर पंपो की गिरी फसी लाइन निकालने एवं बोर की सफाई का कार्य (द्वितीय काल ) | 8,65,475/- | 17,400/- | 2,000/- | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 03. | 05/03 20.08.2025 | 2025_UAD_444559_1 | जलप्रदाय व्यवस्था हेतु सामग्री की दरें । (द्वितीय काल ) | 12,00,000/- | 24,000/- | 2,000/- | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 04. | 05/04 20.08.2025 | 2025_UAD_444562_1 | बोर खनन हैण्ड पम्प प्लेटफार्म सहित कार्य पार्षद निधि (05 नग) वार्ड क्रमांक 31 (द्वितीय कॉल) | 6,95,141/- | 14,000/- | 2,000/- | 01 माह |
| 05. | 05/05 20.08.2025 | 2025_UAD_445562_1 | बोर खनन हैण्ड पम्प प्लेटफार्म सहित कार्य पार्षद निधि (03 नग) वार्ड क्रमांक 33 (द्वितीय कॉल) | 4,12,155/- | 8,300/- | 2,000/- | 01 माह |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वबसाईट https://mptenders.gov.in पर दिनांक 21.08.2025 समय 15 :30 से दिनांक 06.09.2025 शाम 17 :30 बजे तक ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा में संशोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी,समाचार पत्र में संशोधन की सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, नटेरन, जिला विदिशा (म. प्र.)**

प्र. क्रं. 20/ अपील / 2025-26
1- देवेन्द्र पुत्र हरिनारायण
2- ललित पुत्र ओमप्रकाश जाति साहू निवासीगण ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
..........अपीलांट
बनाम
1- मोहित कुमार पुत्र राजकुमार जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
2- अन्नपूर्णा पुत्री जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम तलैया मोहल्ला मंदिर के सामने विदिशा तहसील विदिशा म.प्र.
3- जमनाबाई पुत्री जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी डंडापुरा विदिशा तहसील विदिशा म.प्र.
4- रामकुमार पुत्र जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
5- रामेश्वरप्रसाद पुत्र जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
6- पर्वतसिंह पुत्र नारायणसिंह मीणा निवासी ग्राम सायर पो. करेला तह. व जिला विदिशा म.प्र.
7- कालूराम पुत्र नारायणसिंह मीणा निवासी ग्राम सायर पो. करेला तह. व जिला विदिशा म.प्र.
........... रेस्पोडेंट
:: सूचना ::
एतद द्वारा रेस्पोडेंट पक्ष को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलांट देवेन्द्र पुत्र हरिनारायण आदि निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र. द्वारा तहसीलदार नटेरन के प्रकरण क्रंमाक 205/अ-27/2020-21 आदेश दिनांक 24.12.2020 देवेन्द्र बनाम ललित के विरूद्ध म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में आगामी दिनाक 29.08.2025 सुनवाई हेतु नियत है। अतः आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक सहित नियत दिनाक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनाक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की प्रदमुदा से जारी किया गया।

(अजय प्रतापसिंह पटेल)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग-नटेरन

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सिवनी**
email-eeresseoni@rediffmail. Phone-07692228140

क्रमाक 1410 / निविदा / ग्रा.या. से. / 2025-26, — सिवनी, दिनांक 18 / 08 / 2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04 / ई. टेण्डरिंग / ग्रायासे. / 2025-26 दिनांक 18/08/ 2025 (द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदाएं केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है । निर्माण कार्य :- प्री-प्राईमरी, अटल टिंकरिंग लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष एवं खेल मैदान निर्माण कार्य (11.04.2022 के एस.ओ. आर. एवं समस्त अद्यतन संशोधन के अनुसार) (द्वितीय आमंत्रण)

| क्र. | सिस्टम टेण्डर आई. डी | कार्य | जिला | निविदा की अनुमानित (लागत रू में) | पूर्णता की समयावधि (माह एवं आमंत्रण क्रम) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_445114_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्या लखनादौन में प्री-प्राईमरी हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं. लखनादौन, जिला- सिवनी | सिवनी | 1107419.00 | 120 दिवस द्वितीय आमंत्रण | ठेकेदार की श्रेणी |
| 2 | 2025_RES_445115_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आदेगांव में अटल टिंकरिंग लेब हेत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, विख.- लखनादौन, जिला- सिवनी | सिवनी | 1107419.00 | 120 दिवस द्वितीय आमंत्रण | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार |
| 3 | 2025_RES_445116_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोरखपुर में अटल टिंकरिंग लेब हेत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.- घंसौर, जिला- सिवनी | सिवनी | 1107419.00 | 120 दिवस द्वितीय आमंत्रण | |
| 4 | 2025_RES_445118_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्या लखनादौन में खेल मैदान निर्माण कार्य, वि.खं.- लखनादौन, जिला- सिवनी | सिवनी | 1107419.00 | 60 दिवस द्वितीय आमंत्रण | |
| | | | कुल | 37,33,584.00 | रूपये | |

कुल :- सेंतीस लाख तेंतीस हजार पांच सौ चौरासी रुपए मात्र

1. उल्लेखित कार्यो की निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर देखा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करने हेतु प्रारंभ का समय प्रात: 10.35 बजे दिनांक 26/08/2025 समय शाम 05.30 बजे तक दिनांक 09/09/2025 तक निर्धारित है ।
3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर न्यूज पेपर में प्रकाशित नही किया जावेगा । निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईड एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है ।

G-17543/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग- सिवनी

## चिंतन

# धनखड़ के इस्तीफे व वोट चोरी के शोर में बीता सत्र

विस्तारित अवधि के साथ संसद के मानसून सत्र का अनिश्चितकाल के लिए अवसान हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 15 विधेयक पारित हुए। सबसे महत्वपूर्ण गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करने वाला विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो गया। सत्र की यह बड़ी उपलब्धि रही। 21 जुलाई से शुरू मानसून सत्र के करीब एक माह की अवधि 21 अगस्त तक में अधिकतर समय विपक्ष का हंगामा ही जारी रहा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर और बाद में एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते व्यवधान उत्पन्न होते रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में चर्चा हुई, पर विपक्ष सरकार के जवाब से नाखुश ही रहा। राज्यसभा में हंगामे की वजह से एक बार भी शून्यकाल और प्रश्नकाल सामान्य तरीके से नहीं हो पाया। लोकसभा में पास विधेयकों में मर्चेंट शिपिंग विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक अहम हैं। एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग के चलते लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही, वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। विपक्ष सहयोग देता तो मानसून सत्र अधिक उत्पादक होता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। विपक्ष ने विधेयकों का तीखा प्रतिकार किया है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। मानसून सत्र इस बात के लिए हमेशा याद रखा जाएगा कि पहले ही दिन 21 जुलाई को देर शाम में राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कारण स्वास्थ्य बताया गया, पर यह किसी को पचा नहीं। भारत के संसद सत्रीय इतिहास में ऐसा पहली बार था कि सभापति ने अचानक चौंकाते हुए सत्र के पहले दिन ही पद छोड़ दिया हो। इस सत्र में एक भी दिन किसी सदन में गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कायदे से देखा जाए तो वोट चोरी के आरोप लगाने वाले विपक्ष के असहयोग के बावजूद सरकार अपने महत्वपूर्ण विधेयक पास करा ले गई। अतीत में भी संसद के अनेक सत्र हंगामे में स्वाहा हुए हैं, यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष अपना दायित्व समझे और सरकार लचीला रुख अपनाए, जिससे सत्र की उत्पादकता बढ़ पाए।



## सेहत
डा. मोनिका हीरा

# एंटी एजिंग दवाओं की सनक से रहें दूर

एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

प्रकृति के नियम के साथ जीवन जीएं, यह सबसे अधिक आनंदपूर्ण है। ग्लैमर इंडस्ट्री में युवतियों पर जवां दिखने का दबाव है, इसके लिए वे एंटी एजिंग दवाओं जैसा रासायनिक तरीका अपनाती हैं, जो शॉर्टकट है, हानिकारक है, कुछेक केस में जानलेवा है। प्राकृतिक जीवनशैली से भी लंबे समय तक जवां रहा जा सकता है और यह तरीका सुरक्षित भी है। महज़ 42 साल की उम्र में अभिनेत्री शेफ़ाली जरीवाला की अचानक मौत ने एंटी एजिंग को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। हालांकि शेफ़ाली की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इस केस की जांच में जुटे कुछ पुलिस अधिकारियों ने ये कहा है कि शेफ़ाली एंटी-एजिंग टैबलेट्स समेत कई दवाइयां ले रही थीं।

संभवतः ये दवाइयां ख़ाली पेट लेने की वजह से उनका ब्लड प्रेशर अचानक गिर गया और फिर उन्हें संभाला नहीं जा सका। एंटी एजिंग श्ब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, उसके साथ ही चेहरे पर महीन रेखाएं, झुर्रियां भी दिखने लगती हैं, चेहरे की त्वचा भी धीरे-धीरे लटकने लगती है। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। आजकल क्रीम, सीरम के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी, इंजेक्टेबल फ़िलर्स, बोटॉक्स वग़ैरह एंटी एजिंग उपायों का चलन बढ़ा है। एंटी एजिंग उपचार कुछ दवाओं और ऐसे कंपाउंड्स के कॉम्बिनेशन से होता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। इन सबमें ज़्यादा प्रचलित बोटॉक्स है जो एक ऐसा पावरफुल इंजेक्शन है, जो कि हमारी मांसपेशियों को बहुत ही छोटे हिस्से में रिलैक्स करता है। 20 साल से भी अधिक समय पहले यूएस फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में इसके इस्तेमाल की मंज़ूरी दे दी थी। बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज़ हुई, जब यूएस सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक चेतावनी जारी करते हुए ये कहा कि 25 से 59 साल की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शंस देखे गए हैं।

डर्मल फ़िलर्स इंजेक्शन होते हैं जो स्किन के अंदर दिए जाते हैं। ये उसी पदार्थ से बनते हैं, जिससे हमारी त्वचा की कोशिकाएं बनी होती हैं। स्किन में उम्र के साथ कोलेजन कम होने लगता है, मगर फ़िलर्स की मदद से कोलेजन वापस डाला जाता है और चेहरा जवान लगने लगता है। एंटी एजिंग के लिए कई लोग ग्लूटाथियोन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करते हैं। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं को होने वाले डैमेज को रोकने में काम आते हैं। ग्लूटाथियोन अक्सर इंट्रावेनस इंजेक्शन और टैबलेट्स के ज़रिए लिया जाता है। ग्लूटाथियोन हमारे शरीर में पहले से ही मौजूद होता है, लेकिन उम्र के साथ-साथ शरीर ग्लूटाथियोन बनाना कम कर देता है। इसलिए इसे बाहर



से लिया जाता है। मगर इसके साइड इफ़ेक्ट्स भी हैं। ये एफ़डीए अप्रूव्ड नहीं हैं। यूएस एफ़डीए ने ग्लूटाथियोन को इसलिए अप्रूव नहीं किया, क्योंकि देखा गया कि इससे कुछ मरीज़ों को एनाफाइलैक्सिस हो सकता है, इंजेक्टेबल दवाओं से स्टीवन जॉनसन जैसी बीमारियां हो सकती हैं, जो लोग स्किन लाइटनिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, उन पर इसका असर तब तक ही होता है जब तक वो इसे ले रहे हैं। इसका असर, हमेशा नहीं रहता।

एंटी एजिंग दवाओं के चलते हार्मोन डिस्टर्ब, पैरालिसिस, स्किन कैंसर आदि साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, एएचए, बीएचए, सैलिसिलिक एसिड और पर्फ्यूम्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा की प्राकृतिक परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा पतली और सेंसिटिव हो जाती है। जब स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, तो वह जलन, खुजली और सूखापन जैसी समस्याओं से जूझने लगती है। कुछ एंटी-एजिंग क्रीम्स और सीरम्स में पैराबेन्स, फाइटोएस्ट्रोजन और अन्य हार्मोन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन के जरिए शरीर में प्रवेश करके हार्मोनल गड़बड़ी का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, मूड स्विंग्स और थायरॉइड असंतुलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। रेटिनॉल और हाइड्रोक्विनोन जैसे तत्व त्वचा को सनलाइट के प्रति ज्यादा सेंसिटिव बना देते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जवां दिखने के लिए, त्वचा में निखार लाने के लिए व गोरापन पाने के लिए क्या एंटी एजिंग दवाएं ही विकल्प हैं? तो जवाब है कि प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

ब्रोकली, पालक, केला में सल्फर की अच्छी मात्रा पाई जाती है जसिसे ग्लूटाथियोन की मात्रा, शरीर में बढ़ती है। विटामिन-सी रचि फ्रूट्स जैसे आंवला या संतरा और नींबू पानी का सेवन करने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ती है। इसी तरह एवोकाडो, अखरोट और बादाम वगैरह का सेवन करने से शरीर को डटिॉक्स करने में मदद मलिती है। ग्रीन टी और हल्दी का दूध पीने से शरीर को एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मलिते हैं। बेरीज फ्री रेडकिल्स की मात्रा को कम करके त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। पानी सबसे बड़ा डटिॉक्स एलिमेंट है। वटिामनि-सी, ई, जकिं और सेलेनयिम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स फलों व सब्जियों से ग्रहण करें। एलोवेरा जेल, गुलाब जल, शहद और नारियल तेल का मिश्रण सबसे असरदार घरेलू एंटी-एजिंग उपाय है। ये त्वचा को पोषण, नमी और नेचुरल ग्लो देता है। डाइट में मूंगफली, अखरोट, ब्लूबेरी, गाजर, चुकंदर, टमाटर, आंवला और सिट्रस फ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। ताजा फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और बीजों को डाइट में शामिल करें। सफेद नमक और चीनी से बचें। जंक व पैक्ड फूड व पेय, तली चीजें, व ट्रांस फैट्स से बचें। नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल या शुद्ध घी में किसी का सेवन करें। स्किन को हेल्दी रखने के लिए फेशियल योग या हल्की मसाज करना फायदेमंद होता है। रोजाना कम से कम एक घंटा योग या व्यायाम करें और साइकिलिंग या तैराकी जैसी एक्टिविटीज अपनाएं। मेडिटेशन करें। अच्छी नींद लें। फिर आपको किसी एंटी एजिंग दवाओं की जरूरत नहीं होगी।

(लेखिका प्राकृतिक चिकित्सक व आहार विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विमर्श
प्रवीण दत्त शर्मा



# समाज के लिए खतरा है ऑनलाइन गेम की लत

यह एक स्वागतयोग्य समाचार है कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगाम कसने को तत्पर हो गयी है। ऑनलाइन गेमिंग को रेग्युलेट करने सम्बन्धी बिल लोकसभा और राज्य सभा से पास हो गया है। इसका मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं । इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है। इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 30 प्रतिशत वार्षिक की तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब भारत में गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी लगता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की गिनती 20 लाख थी। 2022 में यह संख्या 22 करोड़ पहुंच गयी। इस सेक्टर के फलने-फूलने का एक कारण इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट कानून का न होना भी है। साल 1867 का पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट कहता है सार्वजनिक स्थानों पर ऑनलाइन गेम प्रतिबंधित है। हालांकि भारत में ही कुछ राज्य हैं जहां ऑनलाइन गेंमिग अपराध नहीं है। सिक्किम गोवा, और दमन जैसे स्टेट्स में इसे कानूनी मान्यता है क्योंकि संविधान ये कहता है कि गेंमिग कई मामलों में राज्य का विषय है। इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कुछ देशों में सट्टेबाजी लीगल है। साल 1966 में सुप्रीम कोर्ट ने रमी और घुड़दौड़ में भी सट्टेबाजी को लीगल करार दिया लेकिन क्रिकेट में सट्टेबाजी गैर-कानूनी है। दरअसल हर किसी का सपना अमीर और सम्पन्न बनने का होता है। कई युवा तो बिना कुछ किए-धरे, दिन रात अमीर बनने के ख्वाब देखते रहते हैं। ऑनलाइन जुए के वे लुभावने विज्ञापन, जिनमें बड़े-बड़े खिलाड़ी व फिल्म अभिनेता लोगों को ऑनलाइन गेम या सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों की सत्यता का कोई प्रमाण नहीं होता। बस विज्ञापन के नीचे एक चेतावनी कि 'इसको खेलने में जोखिम है, अतः सावधानी से खेलें' लिखकर विज्ञापन कंपनियां अपने कर्तव्य की पूर्ति कर लेती हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी जुए के दुष्परिणामों से वाकिफ थे। इसलिए 26 मई 1921 को मुंबई में उन्होंने कहा था, 'घुड़दौड़ों में दांव लगाना और सट्टा खेलना भी शराबखोरी और वेश्यागमन जैसा ही बुरा काम है। इसके लिए एक प्रबल आंदोलन की जरूरत है"। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने की निर्णय लेकर समाज को इस नए दौर के जुए से बचाने का प्रयास किया है। अब राष्ट्रीय स्तर की एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी बनाने जा रही है। किसी मौजूदा अथॉरिटी या एजेंसी को भी यह भूमिका दी जा सकती है। इसका काम ऑनलाइन गेम्स को कैटिगरी में बांटना और रजिस्ट्रेशन करना होगा। यही अथॉरिटी तय करेगी कि कोई गेम मनी गेम की श्रेणी में आएगा या नहीं। ऑनलाइन गेम्स से जुड़ी शिकायतों को भी यही निकाय देखेगा। नियमों का सही से पालन हो, इसके लिए गाइडलाइंस, आदेश, प्रैक्टिस कोड जारी करने का जिम्मा भी इसी अथॉरिटी का होगा। इस विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग केवल खेल नहीं रहा, यह आज के दौर का जुआ है। इसकी लत ने हजारों युवाओं का भविष्य और परिवारों की शांति छीन ली है। सरकार का यह कड़ा क़दम समय की मांग है। लेकिन केवल कानून ही काफी नहीं होगा, जरूरत है सामाजिक चेतना, माता-पिता की सतर्कता और युवाओं की आत्मसंयम की। सरकार और समाज मिलकर ही इस बुराई से युवा पीढ़ी को बचा पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है



संकलित
## दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# चंद्रदेव को दक्ष ने दे दिया था श्राप



संकलित
## प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## सटाका




## आज की पाती

### नाश का दूसरा नाम है नशा

26 जून, सन 1987 को दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है। *– मनीष सिसोदिया, भाटापारा*

## ट्रेंड

### कांग्रेस गैरजिम्मेदार



130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष और उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस का रवैया न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है। सदन में बिल को फाड़कर फेंकना दर्शाता है कि ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी संवैधानिक परंपरा का अपमान कर सकते हैं।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### स्वदेशी सामान खरीदें



जो चीजें भारत में बनती है, वही खरीदें, इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम सेल्फ हेल्प ग्रुप का बना सामान खरीदें, इससे हमारी बहनों-बेटियों को रोजगार भी मिलेगा और हमारा पैसा हमारे ही लोगों के पास रहेगा। भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### पुनर्विचार करे सरकार



130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हमला निंदनीय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा चीन

चीन के सरकारी अधिकारियों ने पिछले महीने तिब्बती पठार के ऊंचाई वाले इलाके में एक स्थान दिखाया और दावा किया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म होगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्रफल 610 किलोमीटर होगा, जो अमेरिका के शिकागो शहर के बराबर है। चीन दुनिया के किसी भी अन्य स्थान की तुलना में बहुत तेजी से सौर पैनल स्थापित कर रहा है और उसे इस क्षेत्र में निवेश करने का लाभ भी मिलना शुरू हो गया है।



बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन में बताया गया है कि देश का कार्बन उत्सर्जन एक साल पहले की तुलना में, इस वर्ष के पहले छह महीनों में एक प्रतिशत कम हो गया। अध्ययन में कहा गया है कि मार्च 2024 में कार्बन उत्सर्जन में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ था, जो जारी है। लेकिन दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक चीन को वैश्विक जलवायु परिवर्तन को धीमा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए कार्बन उत्सर्जन में और भी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। फिनलैंड में रहने वालीं अध्ययन की लेखिका तथा ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र की प्रमुख विश्लेषक लॉरी माइलीविर्ता ने कहा कि चीन को 2060 तक कार्बन तटस्थता के अपने घोषित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अगले 35 वर्षों में उत्सर्जन में औसतन तीन प्रतिशत की गिरावट की आवश्यकता होगी।

## ऑफ बीट

# मालिक पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे

यूरोप में पवन-फार्म मालिक अपनी पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे हैं ताकि वे उनसे अधिकतम बिजली पैदा कर सकें। पवन टर्बाइनों को 25 वर्षों



तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बिजली की कीमतों में वृद्धि के चलते मालिकों की गणना में बदलाव आया है। उद्योग प्रतिनिधि विंड यूरोप के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की तुलना में केवल 454 मेगावाट (एमडब्ल्यू) पुराने टर्बाइनों को बंद किया गया था। यह 1,000 से अधिक टर्बाइनों के बराबर है जिनका जीवन यूरोप में बढ़ा दिया गया है। वास्तव में, यह स्पष्ट रूप से लगातार तीसरा वर्ष है जिसमें पवन टर्बाइनों के डिकमीशनिंग को कम किया गया है। इस बीच, वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद ने बताया है कि उत्तर अमेरिकी टर्बाइन डीकमीशनिंग साल दर साल 668एमडब्ल्यू से घटकर 276एमडब्ल्यू हो गई है। यह उस समस्या को हल करने के लिए थोड़ी और अधिक गुंजाइश बनाता है जिसने कुछ समय से रीसाइक्लिंग विशेषज्ञों को परेशान कर रखा है। जबकि अधिकांश पवन टर्बाइन को दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, उसके ब्लेड को नहीं। वे अधिकतर ग्लास फाइबर या कार्बन-फाइबर प्रबलित प्लास्टिक से बने होते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

धारदार हथियार से किया हमला, आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# किराएदार ने की बुजुर्ग मकान मालकिन की हत्या, बेटी भी घायल



**छतरपुर।** शहर की विश्वनाथ कॉलोनी में गुरुवार दोपहर एक किराएदार ने अपनी 60 वर्षीय मकान मालकिन की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने मकान मालकिन की बेटी पर भी हमला किया, जो कि बुरी तरह घायल हुई है। चूंकि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भाग निकला था इसलिए पुलिस की टीमें लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे श्रीमती सरमन पाठक पत्नी स्व. सुरेश पाठक उम्र करीब 60 वर्ष, अपनी पुत्री प्रियंका पाठक के साथ घर में थी। तभी उनके घर में किराए से रहने वाली शालू राय का पति महेश राय धारदार हथियार (बका) लेकर आया और सरमन पाठक के ऊपर पर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरु कर दिए। मां के ऊपर हमला होते देख उसकी पुत्री प्रियंका बचाने दौड़ी तो आरोपी ने उस पर प्रहार कर दिए, जिससे वह भी घायल हो गई। सरमन की पड़ोसी विद्या विश्वकर्मा ने बताया कि घटना के समय सरमन का बेटा बाबू पाठक अपने काम पर गया था। घटना के बाद प्रियंका ने कुछ दूरी तक आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह फरार हो गया। सूचना मिलते ही सीएसपी अरुण मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल प्रियंका को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया गया है कि आरोपी महेश राय की पत्नी शालू राय पिछले करीब एक साल से सरमन के घर में किराए पर रह रही था, जबकि महेश राय कभी-कभार घर पर आता था, वह नशे का आदी भी है।

### हत्या के कारण को लेकर हो रही यह चर्चा

विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी महेश को अपनी पत्नी शालू राय और मृतिका श्रीमती सरमन पाठक के पुत्र बाबू पाठक के बीच अवैध संबंध होने का संदेह था। संभवतः इसी संदेह के चलते वह गुरुवार की दोपहर में सरमन के घर पहुंचा और उसने बाबू पाठक की मां सरमन पाठक को मौत के घाट उतार दिया, साथ ही उसकी बहन प्रियंका पर भी हमला किया। हालांकि पुलिस ने अभी इस कारण की पुष्ट नहीं की है, पुलिस अभी मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### इनका कहना है -

धारदार हथियार से बुजुर्ग महिला की उसके किराएदार ने हत्या की है। शुरुआती जांच में आरोपी की पहचान होने के साथ-साथ हथियार बरामद कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। घटना के सटीक कारण अभी सामने नहीं आए हैं, जांच के बाद ही कारण स्पष्ट होगा।

**अरुण मिश्रा,**
सीएसपी, छतरपुर

फोरलेन पर हुआ भीषण हादसा

# खड़े ट्रक से टकराई कार मां-बेटे की दर्दनाक मौत



**छतरपुर।** गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन पर कैंड़ी गांव के समीप हुए भीषड़ सड़क हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि भाई-बहन सहित तीन घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची ओरछा रोड थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, साथ ही मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चौबारा के रहने वाले विश्राम राजावत की 45 वर्षीय पत्नी संतोषी राजावत, 27 वर्षीय पुत्र आशीष राजावत, 24 वर्षीय पुत्री आकांक्षा रावत, 19 वर्षीय पुत्र आयुष राजावत सहित एक अन्य महिला नौगांव से पन्ना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में कैंड़ी के पास फोरलेन पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण संतोषी राजावत और उसके पुत्र आशीष राजावत की मौके पर मौत हो गई, जबकि आकांक्षा, आयुष सहित एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही सीएसपी अरुण कुमार सोनी, ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। दुर्घटनाग्रस्त वाहन से मृतकों और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। चूंकि घायलों की हालत गंभीर थी, इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है।

## जिला जेल में बंद कैदी को लगा आकाशीय बिजली का झटका, अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** बीती शाम छतरपुर में हुई बारिश के दौरान जिला जेल में बंद एक कैदी को आकाशीय बिजली का झटका लगने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे फौरन जिला अस्पताल लाना पड़ा। हालांकि समय पर उपचार मिल जाने के कारण कैदी का हालत में सुधार है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब 8 बजे बारिश के दौरान मेघ गर्जना के साथ ही तेज चमक हुई और तभी जेल में बंद कैदी मुकीम पुत्र अनवर उम्र 20 वर्ष निवासी सबनीगर मोहल्ला छतरपुर झटका खाकर जमीन पर गिर गया। जिला जेल में पदस्थ आरक्षक ज्ञान सिंह तुरंत मुकीम को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर आए, जहां कैदी वार्ड में डॉ. ऋषि द्विवेदी द्वारा उसका इलाज किया गया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इलाज के बाद कैदी की हालत में सुधार है।

पांढुर्ना में विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेले का आयोजन

# गोटमार मेला कलः मोहब्बत की याद में फिर बहेगा लहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल 23 अगस्त को पांढुर्ना में विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेले का आयोजन होने जा रहा है। पूरे विश्व में अनोखे इस गोटमार मेले में हर वर्ष की भांति कल भी मोहब्बत की याद में लोग खूशी से अपना लहू बहाएंगे। गोटमार मेला अर्थात पत्थर मारनेवालों का मेला और मेले के दौरान लोग एक दूसरे को खूब पत्थर मार मार कर घायल कर देते है। कुछ लोग मेले में एक दूसरे को पत्थर मारने की बुरी प्रथा को खत्म करने की पक्षधर है लेकिन कुछ लोग इसे धर्म और आस्था का प्रतीक मानते हुए इस अनोखेपन के जीवंत रखने की बात करते है। बाप दादाओं द्वारा बताई जा रहे किस्से कहानियों के मुताबिक जाम नदी के किनारे पर एक भव्य किला था जिसके आजू बाजू पिंडारियों की बस्ती थी। यहां पर दूसरी बडी बस्ती यादवों की भी थी। वाद विवाद के दौरान पिंडारी तीर कमान से यादवों पर हमला करते और यादव पथराव कर उनका प्रतिकार करते। कालांतर में यह क्षेत्र नागपुंर के राजा भोसले के अधिन हो गया। राजे भोसले ने इस क्षेत्र में दलपत शाह जाटबा को क्षेत्र में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया।

इनका शासन देवगढ से लेकर मोहगांव हवेली तक फैला था। दलपत शाह मां चंडिका का अनन्य भक्त था। आज भी गुजरी बाजार क्षेत्र में किले के करीब चंडी माता का मंदिर है जो गोटमार में विश्वास रखने वालों के लिए आस्था का केंद्र है। किवदंती के अनुसार गोटमार मेले की शुरूआत 16 वीं और 17 वीं शताब्दी के बीच हुई है। बीते 40-50 साल के रिकॉर्ड के अनुसार आज तक गोटमार मेले में पत्थरबाजी के कारण अनेक लोगों को जान से हाथ धोना पडा है। इसके अलावा सैकडों लोगों ने अपनी आंख, पैर, हाथ और दांत जीवन भर के लिए गंवा दिए है। इसके बाद भी गोटमार का जुनून कम होता नहीं दिख रहा है।

## ग्राम रक्षा समिति में शामिल हुए 25 ग्रामीण



**सिंगोड़ी :** सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में वोकल फॉर लोकलप्रोग्राम के तहत बुधवार को 25 ग्रामीण ग्राम रक्षा समिति में शामिल किया गया है। अमरवाड़ा एसडीओपी कल्याणी बरकड़े ने ग्राम रक्षा समिति में शामिल ग्रामीणों को आई कार्ड वितरित किए। उन्होंने ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्यों के साथ गांव की रखवाली, अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त, प्राकृतिक आपदाओं में पुलिस की सहायता कैसे करें। इन सभी मुद्दों से समिति सदस्यों को अवगत कराया। सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने गांव के लोगों से सीसीटीवी कैमरे लगाने लगातार प्रोत्साहित किया जाता रहा है, फलस्वरूप गांव के मुख्य मार्ग समेत पांच स्थानों पर ग्रामीणों ने कैमरे लगाए है। इस अवसर पर अन्य ग्रामीण भी शामिल रहें।

## शिक्षिका की मौत, मायके पक्ष पर लगाया पति सहित ससुराल पक्ष पर आरोप

रीवा

चुरहट से गंभीर हालत में उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाई गई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पेशे से शिक्षक महिला की हुई मौत पर परिजनों ने पति सहित सास ससुर पर मारपीट व जहर देकर नहत्या का बल्कि प्रताडन्ना का भी आरोप लगाया है। महिला की मौत के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव का पीएम कराया गया जिसके उपरांत उसे परिजनों को सौप दिया गया है। घटना सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र ग्राम डगडैया की है। बताया गया कि संदिग्ध परिस्थितियों में हालत गंभीर होने पर महिला को पहले तो सीधी के निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की मां ने जानकारी देते हुए बताया कि पुत्री डाली उर्फ नीतू तिवारी का विवाह साल 2013 में डगडैया निवासी नीरज के साथ हुई थी। बताया गया कि शादी के बाद से ही पति व ससुरालजन द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाता था, जबकि वह चुरहट में एक निजी विद्यालय में शिक्षक के रूप में काम कर परिवार का भरण पोषण करती थी। आरोप है बीते दिवस पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि घटना की जानकारी पुत्री को फोन करने पर उन्हे मिली। फोन को महिला के बच्चे ने रिसीव कर बताया कि मां खून की उल्टियां कर रही है। जिसके बाद मायके पक्ष के लोग पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है, पुलिस की माने तो पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगे जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## बच्चे ने सांप के बिल में डाला हाथ, अंदर बैठे सांप ने काटा



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम छापर में बीते रोज एक बच्चे को उस वक्त सांप ने काट लिया, जब बच्चे ने खेलते वक्त अपना हाथ सांप के बिल में डाला। सर्पदंश के बाद बच्चे को उसके परिजन अस्पताल लेकर आए लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

छापर निवासी रामू राजपूत ने बताया कि उसके परिवार के जीतेन्द्र राजपूत का 4 वर्षीय पुत्र आदित्य बुधवार को खेत की मेंढ़ पर खेल रहा था। इसी दौरान आदित्य ने एक बिल में अपना हाथ डाल दिया, जहां जहरीला सर्प बैठा हुआ था। हाथ अंदर जाते ही सांप ने आदित्य को डस लिया, जिससे वह चीखने लगा। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर आए लेकिन इलाज के दौरान आदित्य की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद आदित्य का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहां हादसे के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**रीवा।** सेमरिया पुलिस ने युवती से दुष्कर्म कर मारपीट करने वाले आरोपी को शिकायत के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। पीड़िता ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी प्रशांत शर्मा निवासी ग्राम बींडा उसके साथ जबरजस्ती बलात्कार किया साथ ही विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने दुष्कर्म सहित मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की। बताया गया कि आरोपी घर गांव से भागने हेतु बीड़ा में बस का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सेमरिया थाना में पूर्व से तीन प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस ने आरोपी प्रशांत शर्मा पिता मोतीलाल शर्मा 22 वर्ष निवासी तिलखन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## तीजा पर्व पर महिलाओं को रेलवे देगी विशेष सुविधा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तीजा पर्व पर महिला यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू ट्रेन का परिचालन गाड़ी संख्या 06803/06804 रायपुर-अनूपपुर-रायपुर 24 व 28 अगस्त को किया जा रहा है। मध्य प्रदेश का सीमावर्ती जिला अनूपपुर छत्तीसगढ़ से तीज त्यो-हार में समानता होने और लोगो का भवानात्महक जुड़ाव हैं, तीजा पर्व छत्तीसगढ़ सहित पूरे मध्य प्रदेश में विशेष रूप से मनाया जाता है। तीजा पर्व पर महिलाओं द्वारा बड़े उत्साह और परंपरा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सामाजिक और पारिवारिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है, जिसमें विवाहित महिलाएँ विशेष रूप से अपने मायके जाकर त्यौहार मनाती है। इस दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ रहती है, इस स्थिति को देखते हुए महिला यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु अतिरिक्त फास्ट मेमू ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे खासकर महिलाओं यात्रियों को सुगम, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा मिलेगी।

### ऐसी होगी समय-सारिणी

गाड़ी संख्या 06803 रायपुर-अनूपपुर तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू रायपुर से 24 व 28 अगस्त को प्रातः 04.50 बजे रवाना होकर सिलयारी 05.07 बजे, प्रस्थान 05.09 बजे, तिल्दा 05.21, प्रस्थान 05.23 बजे, हथबंध 05.33, प्रस्थान 05.35 बजे, भाटापारा 05.46, प्रस्थान 05.48 बजे, बिल्हा 06.13 बजे, प्रस्थान 06.15 बजे, उसलापुर 07.10 बजे, प्रस्थान 07.15 बजे, करगी रोड 07.32 बजे, प्रस्थान 07.34 बजे, बेलगहना 07.47 बजे, प्रस्थान 07.49 बजे, टेंगनमाड़ा 07.56 बजे, प्रस्थान 07.58 बजे, खोंगसरा 08.04 बजे, प्रस्थान 08.06 बजे, सारबहरा 08.40 बजे, प्रस्थान 08.42 बजे, पेंड्रारोड 08.48 बजे, प्रस्थान 08.50 बजे, जैतहरी 09.29 बजे, प्रस्थान 09.31 बजे एवं 10.15 बजे अनूपपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी गाड़ी संख्या 06804 अनूपपुर-रायपुर के लिए 24 व 28 अगस्त को दोपहर 13.30 बजे रवाना होकर, जैतहरी 13.42 बजे, प्रस्थान 13.44 बजे, पेंड्रारोड 14.11 बजे, प्रस्थान 14.13 बजे, सारबहरा 14.18 बजे, प्रस्थान 14.20 बजे, खोंगसरा 14.58 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे, टेंगनमाड़ा 15.08 बजे, प्रस्थान 15.10 बजे पहुंचेगी।

1 लाख 18 करोड़ की राशि की वसूली होगी आरआरसी के माध्यम से

# पीएम आवास योजना के 85 हितग्राहियों को नोटिस जारी

### राशि लेकर नहीं किया हैं आवास का निर्माण




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने आवास निर्माण के लिए नगरपालिका परिषद वारासिवनी से राशि लेने के बावजूद भी मकानों का निर्माण नहीं किया हैं और ना ही नोटिसों के बाद भी राशि वापस की हैं, ऐसे हितग्राहियों पर अब प्रशासन की वक्र दृष्टि पड़ गई हैं। एसडीएम कार्यालय से अब ऐसे हितग्राहियों को ली गई रकम को वापस करने के लिए आरआरसी के तहत नोटिस जारी कर 10 दिनों का समय दिया गया हैं। इन 10 दिनों के अंदर यदि हितग्राहियों द्वारा रकम वापस नहीं की जाती हैं, तो फिर उनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जा सकती हैं।

### रकम ले ली, मकान का निर्माण नहीं किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नगर में सैकड़ों कच्चे मकान धारकों को पक्के मकान बनाने के लिए योजना का लाभ दिलवाया गया हैं। जिसमें से कुछ हितग्राहियों द्वारा इस योजना के तहत मिली हुई राशि का दुरुपयोग करते हुए मकानों का निर्माण नहीं किया गया हैं। जिसको लेकर नगरपालिका परिषद द्वारा ऐसे हितग्राहियों को मकान निर्माण करने या फिर राशि वापस करने के लिए कई नोटिस भेजे गए, किंतु इन हितग्राहियों ने ना तो मकान का निर्माण किया और ना ही रकम वापस की।

### एक से लेकर ढ़ाई लाख तक की राशि दी हैं नगरपालिका ने

जिसके बाद नगरपालिका परिषद ने इन हितग्राहियों से वसूली के लिए 15 वार्डो के लगभग 85 हितग्राहियों के नाम शासन के माध्यम से एसडीएम कार्यालय को भेज दिये। इन हितग्राहियों में किसी को एक लाख रुपये, किसी को 2 लाख रुपये और किसी को ढ़ाई लाख रुपये की पूरी राशि प्रदान कर दी गई हैं। इस प्रकार 85 हितग्राहियों से लगभग 1 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि वसूल की जानी हैं।

### मकान निर्माण नहीं हुए और पूरी ढ़ाई लाख रुपये की राशि दे दी नपा ने

अब यहॉ सोचने वाली बात यह हैं कि इस योजना के तहत 50 हजार रुपये की अंतिम किस्त की राशि का भुगतान मकान का निर्माण पूर्ण होने के बाद किया जाता हैं। यदि हितग्राही का मकान पूर्ण नहीं हुआ था या उसने मकान का निर्माण नहीं किया था, तो फिर नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने ढ़ाई लाख रुपये की पूरी राशि किस आधार पर हितग्राही के खाते में जमा करवा दी थी?

### बड़े नामदारों के भी बकाया सूची में हैं नाम

विदित हो कि इन 85 बकायादारों में शहर के नामी गिरामी लोगों के नाम भी शामिल हैं, नगरपालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों ने अलग-अलग फेस में एक ही परिवार के दो लोगों को भी इस योजना का लाभ देते हुए उनके खाते में प्रथम किस्त के रुप में एक-एक लाख रुपये की राशि जमा करवा दी है। लेकिन इन हितग्राहियों का पहले से ही पक्का मकान होने के कारण उन्होंने इस राशि का अपने व्यक्तिगत खर्च में इस्तेमाल कर लिया और आवास का निर्माण नहीं किया और ना ही परिषद को राशि वापस लौटाई हैं।

### 10 दिन के भीतर पीएम आवास की राशि वापस करें हितग्राही

एसडीएम कार्यालय से जारी सूचना पत्र में उल्लेख है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी ने मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के अधीन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत प्राप्त राशि को इस सूचना पत्र की प्राप्ति से 10 दिन के भीतर शास्ति एवं आदेशिका फीस 20 रुपये सहित उक्त रकम नहीं चुकाई, तो आपके विरूद्ध प्राप्त रकमों की वसूली के लिये विधि अनुसार बलात कार्यवाही की जायेगी। पेशी दिनांक को संबंधित बैंक या नगरपालिका परिषद वारासिवनी में राशि जमा कर स्वयं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर रसीद पेश करें अन्यथा बकाया राशि की वसूली बलपूर्वक की जावेगी।

### 85 हितग्राहियों से राशि वसूली के लिए एसडीएम ने किया हैं नोटिस जारी- सूर्यप्रकाश उके प्र. सीएमओ नपा वारासिवनी

नगरपालिका परिषद द्वारा 5 डीपीआर के माध्यम से हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत मकान निर्माण के लिए राशि आवंटित की गई थी। जिसमें से लगभग 85 हितग्राहियों द्वारा मकानों का निर्माण नहीं किया गया हैं। जिसके कारण उनसे वसूली के लिए पत्र एसडीएम कार्यालय भेजा गया था। जहॉ से हितग्राहियों को नोटिस जारी हुए हैं। जिसके बाद लगभग 12 हितग्राहियों द्वारा राशि जमा करवा दी गई हैं। यदि शेष हितग्राही भी राशि जमा करवा देते हैं, तो उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी, अन्यथा शासन के नियमों के तहत उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## नहीं मिली एंबुलेंस, महिला ने बस में दिया बच्चा को जन्म, पन्ना भोपाल बस के ड्राइवर सिद्दीक राइन और कंडक्टर आशीष पाल की तत्परता और सूझबूझ से गर्भवती महिला और नवजात बच्चे की बची जान

पन्ना।



भोपाल से पन्ना जा रही बस में अमानगंज के पहले कुछ महिलाएं एक गर्भवती महिला को लेकर बस में बैठीथीं उसको प्रसव पीड़ा हो रही थी उक्त महिलाएं सिमरिया के पास वीरासन गांव की थी 22 वर्षीय महिला निशा कुशवाहा को प्रसव होना था तब बस के कंडक्टर आशीष पाल ने उनको बताया कि आप अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र जाएं तो महिलाओं ने बताया कि डॉक्टर ने बताया है कि पन्ना अस्पताल लेकर जाओ. कंडक्टर आशीष पाल ने महिला को एक खाली सीट पर लेटा लिया और अमानगंज के थोड़ी दूर आने के बाद महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई एवं वह जोर-जोर से रोने लगी. बस में कोई ऐसा जानकार व्यक्ति नहीं था जो उसकी सहायता कर पाता. इस समय बच्चों का सर बाहर आ गया और ऐसी स्थिति में किसी को कुछ सूझ नहीं रहा था क्या किया जाए. तब ड्राइवर और कंडक्टर ने दोनों ने मिलकर यह तय किया कि हम जितनी जल्दी हो सके पन्ना अस्पताल पहुंच जाएं. और उन्होंने समय रहते पन्ना अस्पताल के गेट तक बस को पहुंचा दिया. उसके बाद सूचना देने के बाद अस्पताल से दो दाई आती है और जच्चा बच्चा को सुरक्षित रूप से प्रसव कराकर अस्पताल ले जाती हैं. वहीं पीड़ति महिला के साथ वाली महिलाओं ने बताया की रात से एंबुलेंस को हम लोग लगातार फोन कर रहे हैं किंतु 2 बजे रात से अभी तक एंबुलेंस वालों ने हमारी कोई मदद नहीं की। फिलहाल जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं. लेकिन स्वास्थ्य केदो से लोगों को एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है जिससे लोग भारी परेशान है जबकि जिले में तीन दर्जन से अधिक एम्बुलेंस विभिन्न स्वास्थ्य केदो में लगी हुई है तथा प्रति माह लाखों रुपए भुगतान हो रहा है।

## आकाशीय बिजली से दो मवेशियों मौत

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरद्वहा (झमटुली) में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की दो भैंसों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब किसान अपनी भैंसों को जंगल से चराकर लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम करीब 6 बजे बरद्वहा (झमटुली) निवासी हक्कू पटेल अपनी भैंसों को जंगल से चराकर घर लौट रहे थे। गांव के पास सकरा में चिल्ला के पेड़ पर अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में उनकी दो दूध देने वाली भैंसें आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हक्कू पटेल इस हादसे में बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पर पशु चिकित्सक डॉ. गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर दोनों भैंसों का पोस्टमार्टम किया। बताया गया है कि हक्कू पटेल भैंसों के दूध और घी बेचकर अपने तीन बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाते थे। इस हादसे ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा आघात पहुंचाया है।

गगनयान मिशन इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी

मिशन की कुल लागत 20,193 करोड़ रुपए

# भारत तैयार: दिसंबर में इसरो लॉन्च करेगा पहला गगनयान परीक्षण

पहली दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएगी

तीसरी फ्लाइट में एक रोबोट भेजा जाएगा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसरो दिसंबर तक पहला गगनयान परीक्षण मिशन लॉन्च करेगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो प्रमुख वी. नारायण और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मीडिया से यह बात की। शुभांशु ने गगनयान मिशन पर कहा कि जल्द ही भारत अपने रॉकेट और कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि 20 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद शरीर गुरुत्वाकर्षण भूल जाता है और जमीन पर वापसी पर उसे दोबारा ढलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक्सिओम मिशन इसके तहत वे दो हफ्तों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में रहे। इस दौरान वे मिशन पायलट और कमांडर के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## निसार उपग्रह सही ढंग से काम कर रहा

*इसरो प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट ने नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। यह उपग्रह पूरी तरह से सही ढंग से काम कर रहा है। नारायणन ने कहा कि अगले दो से तीन महीनों में भारत 6,500 किलो का अमेरिकी कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी अपने लॉन्च व्हीकल से प्रक्षेपित करेगा।*

### आईएसएस का अनुभव यादगार

शुक्ला ने इस मिशन को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने बताया कि आईएसएस पर रहते हुए कई प्रयोग किए गए और पृथ्वी व अंतरिक्ष से जुड़ी तस्वीरें भी ली गईं। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबी ट्रेनिंग ली गई थी और यह अनुभव उनके जीवन का सबसे अलग और यादगार रहा।

### भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन

*शुभांशु शुक्ला ने भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की कुल लागत लगभग 20,193 करोड़ रुपए है। शुक्ला ने कहा कि गगनयान की तैयारी के लिए पहले दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएंगी, इसके बाद एक फ्लाइट में रोबोट भेजा जाएगा। जब यह सब सफल हो जाएगा।*

### पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को मिली नई गति

*कार्यक्रम में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई गति मिली है। उन्होंने याद दिलाया कि दक्षिण एशियाई सैटेलाइट को भारत ने बनाकर सदस्य देशों को समर्पित किया। इसके अलावा भारत ने जी20 देशों के लिए भी एक सैटेलाइट तैयार किया। नारायणन ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ एक स्पेस स्टार्टअप था, लेकिन आज 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। निजी कंपनियों ने अब तक दो सब-ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। यह दिखाता है कि भारत की स्पेस इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसका और विस्तार होगा।*

### राजनाथ सिंह की शुभांशु से मुलाकात

## कहा- उनकी उपलब्धियों पर देश को गर्व



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की। शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष सफर, कक्षा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयोगों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने उनके प्रेरणादायक अंतरिक्ष सफर, अंतरिक्ष में किए गए अहम प्रयोगों, विज्ञान और तकनीक में हो रही प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की।

### यूक्रेन पर रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला

# 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर, 1 की मौत, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ कीव



यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस अब लगातार शाहिद ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और ग्लाइड बमों का उपयोग कर यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहा है। इससे यूक्रेन की एयर डिफेंस व्यवस्था पर भारी दबाव है।

### यूएस बोला- कीव की सुरक्षा यूरोप करे

अमेरिका धीरे-धीरे यूक्रेन की मदद से अपने हाथ पीछे खींच रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब यूरोप को लेनी चाहिए। भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यूक्रेन की मदद की पहली जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है, लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की भागीदारी को न्यूनतम करना चाहते हैं। वेंस ने कहा मुझे नहीं लगता कि अब हमें इस बोझ को और आगे जारी रखना चाहिए। अगर युद्ध को समाप्त कराने के लिए जरूरी हुआ तो हम मदद के लिए तैयार हैं। हम उम्मीद है और राष्ट्रपति भी यही चाहते हैं कि यूरोप अब नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। राष्ट्रपति ने साफ कहा है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन तब तक हम कोई वचन नहीं दे सकते, जब तक हम युद्ध को रुकवाने का रास्ता नहीं ढूंढ लेते।

### राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले 10 दिन में करेंगे मंथन

*यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी। इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा। यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा ट्रंप प्रशासन की तरफ से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को सौंपा गया है।*

### रूस दौरे के अंतिम दिन जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना, कहा

# हम नहीं, चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, 50% टैरिफ 'गलत'

एलएनजी के रूस से बड़े खरीदार यूरोपीय देश

एजेंसी ▶▶ मॉस्को


भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी रूस यात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को मीडिया से चर्चा में एक बार फिर कहा कि हम (भारत) रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, वह चीन है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। हम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश हैं, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है।

वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा कि मैंने रूस की सेना में सेवा कर रहे भारतीयों का मुद्दा भी उठाया। कई लोगों को रिहा किया गया है, लेकिन अब भी कुछ मामलों में लोग लापता हैं या प्रक्रिया लंबित है। हमें उम्मीद है कि रूसी पक्ष जल्द इन मामलों का समाधान करेगा।

> *जयशंकर ने कहा कि भारत एक ऐसा देश हैं, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है*

रूस ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत के संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन किया

भारत कृषि, दवा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों से रूस को निर्यात बढ़ाएगा



### भारत संग विशेष रणनीतिक साझेदारी

रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा रूस भारत के साथ अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है।

### व्यापार असंतुलन को ठीक करना जरूरी

जयशंकर ने कहा कि भारत-रूस ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और टिकाऊ तरीके से बढ़ाने की अपनी साझा इच्छा दोहराई है। इसके लिए भारत को रूस को होने वाले निर्यात को बढ़ाना जरूरी है। इसके लिए गैरजरूरी शुल्क बाधाओं और नियमों से जुड़ी अड़चनों को जल्दी दूर करना होगा। भारत के कृषि, दवा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर इस व्यापार असंतुलन को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा रक्षा और सैन्य तकनीकी सहयोग भी मजबूत बना हुआ है। रूस भारत के 'मेक इन इंडिया' लक्ष्य का समर्थन करता है, जिसमें संयुक्त निर्माण और तकनीक हस्तांतरण शामिल है।

### दुनिया में सबसे स्थिर रहे भारत-रूस संबंध

जयशंकर ने कहा कि बुधवार को उनकी रूसी डिप्टी पीएम डेनिस मांतुरोव के साथ अंतर-सरकारी आयोग की बहुत कामयाब बैठक रही। हमने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की और कई समाधान भी निकाले। जयशंकर ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से भारत और रूस के संबंध दुनिया के सबसे स्थिर और मजबूत संबंध रहे हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापार और निवेश के जरिए सहयोग बनाए रखना भी बहुत जरूरी है।

### द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा सार्थक रही

जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक की। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत रूस से राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और लोगों के आपसी संबंधों पर विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता है। हमारे नेताओं ने पिछले साल जुलाई में 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में और फिर कजान में मुलाकात की थी। अब हम साल के अंत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। हमारे नेताओं ने हमेशा हमें विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने कहा कि इस बैठक के दौरान राजनीतिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा सार्थक रही।

## खबर संक्षेप

### इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की 9 मई, 2023 के दंगों से संबंधित 8 मामलों में दाखिल जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इमरान खान की तरफ से सलमान सफदर जबकि पंजाब के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद शफी सिद्दीकी और मियांगुल हसन औरंगजेब भी शामिल थे।

### 29 अगस्त को जापान जाएंगे पीएम मोदी



**क्योटो।** पीएम नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित तीन दिवसीय जापान यात्रा 29 अगस्त को शुरू होगी। मई 2023के बाद यह उनकी पहली जापान यात्रा होगी। तब वह हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। वहीं, जापान दस वर्षों के लिए भारत में 10 ट्रिलियन येन (करीब 68 अरब डॉलर) के निजी निवेश का लक्ष्य तय करने पर विचार कर रहा है। उनकी जापान यात्रा के दौरान इसका ऐलान किया जा सकता है। यह नया लक्ष्य 2022 में घोषित पांच वर्षों में पांच ट्रिलियन येन के निवेश लक्ष्य का विस्तार होगा।

भारत ने मदद के लिए बढ़ाए हाथ

# पेरू को भेजी 32 टन मानवीय सहायता, नेपाल में बनाया पुल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने पेरू को 32 टन मानवीय सहायता भेजी है। इसमें ढाई लाख यूनिट फिजियोलॉजिकल सलाइन सॉल्यूशन भी शामिल है। यह दक्षिण अमेरिकी देश में निर्जलीकरण से पीड़ित मरीजों की मदद करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा कि वैश्विक दक्षिण भागीदारों के रूप में एक-दूसरे का ख्याल रखते हुए भारत ने पेरू को 32 टन मानवीय मदद भेजी है। ढाई लाख यूनिट फिजियोलॉजिकल सलाइन सॉल्यूशन की एक खेप पेरू में निर्जलीकरण से पीड़ित मरीजों की मदद करेगी। मंत्रालय के मुताबिक, मंत्रालय के पूर्व सचिव पी कुमारन 21 से 26 अगस्त तक कोलंबिया और पेरू की यात्रा पर रहेंगे। यहां वे बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के अलग-अलग पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

**हेवा खोला पुल का किया उद्घाटन**

नेपाल के पंचथर जिले में हेवा खोला नदी पर भारत की मदद से बने 70 मीटर लंबे मॉड्यूलर पुल का बुधवार को उद्घाटन हुआ। भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव और नेपाल के परिवहन मंत्री देवेंद्र दहल ने इसे संयुक्त रूप से शुरू किया। यह नेपाल का अब तक का सबसे लंबा मॉड्यूलर पुल है, जो कोशी प्रांत के उत्तर व दक्षिण हिस्सों को जोड़ता है। भारतीय दूतावास के अनुसार, सितंबर 2024 की बाढ़ के बाद भारत ने 40 करोड़ नेपाली रुपए की लागत से नेपाल को 10 पूर्वनिर्मित स्टील पुल उपहार में दिए थे। हेवा खोला पुल कई बार ढह गया था। तीसरे प्रयास में भारतीय तकनीशियनों की मदद से पूरा हुआ। इसमें 21 भारतीय इंजीनियर सहित कुल 30 इंजीनियर लगाए गए थे।

निक्की हेली ने ट्रंप को चेताया

# 50% टैरिफ विवाद से भारत-यूएस के वर्षों पुराने मजबूत संबंध होंगे प्रभावित

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ का उन्हीं की पार्टी की नेता और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने विरोध किया है। निक्की हेली ने ट्रंप टैरिफ की खामियां गिनाते हुए तर्क दिया है कि टैरिफ नीति से भारत-अमेरिका के वर्षों से चले आ रहे मजबूत संबंध प्रभावित होंगे। इसका प्रतिकूल असर यूएस पर पड़ सकता है। अमेरिका को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। निक्की ने तर्क दिया है कि भारत को एक विरोधी की तरह नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए।

## चीन को छूट, भारत पर सख्ती क्यों?

निक्की हेली ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाना और उसे कमजोर करने की कोशिश बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा कि भारत का विकास सभी के लिए एक मौके की तरह है। यह चीन की तरह खतरनाक नहीं है। चीन रूस से तेल खरीदने के बावजूद अमेरिका के कड़े प्रतिबंध से बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत को साझेदार के बजाय दुश्मन की तरह देखना 'एक बड़ी और रोकी जा सकने वाली गलती होगी।'

### ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी गलती

भारतीय-अमेरिकी पत्रकार, राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने भी ट्रंप प्रशासन के फैसले पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत पर जबरदस्ती टैरिफ थोपना और पाकिस्तान के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती है। इस फैसले से भारत, अमेरिका को लेकर सतर्क हो जाएगा। वहीं,वो रूस और चीन से अपने रिश्तों को और बेहतर बनाएगा।

### दो दशकों की मेहनत पर पानी फेर रहे ट्रंप

अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी टैरिफ को लेकर ट्रंप प्रशासन के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने ट्रंप के इस फैसले को राजनीतिक मूर्खतापूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बेहतर संबंध बनने में दो दशक लगे हैं।

### गाजा पर कब्जे के लिए इजराइली हमले तेज

# 75 प्रतिशत हिस्से पर आईडीएफ का कब्जा, गाजा कॉरिडोर्स पर पूरा नियंत्रण

एजेंसी ▶▶ गाजा

इजराइल ने गाजा पर पूर्ण कब्जे की कोशिश शुरू कर दी है, जिसके चलते इजराइल के हमलों में तेजी आई है। इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि गाजा में उनके सैनिकों की जमीनी स्तर पर कार्रवाई शुरू होने के बाद से अब तक हमास के 2000 आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। इस दौरान 10 हजार आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और गाजा के कॉरिडोर्स पर नियंत्रण कर लिया गया है, जिससे हमास पर दबाव बना है। आईडीएफ ने बताया कि गाजा के 75 प्रतिशत हिस्से पर उनका कब्जा हो गया है। गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए इजराइल ने ऑपरेशन गिदोन चैरिएट शुरू किया है, जिसके लिए 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाया गया है।



### वेस्ट बैंक सेटलमेंट परियोजना को मंजूरी

इजराइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक बस्ती बसाने की विवादास्पद परियोजना को अंतिम मंजूरी दे दी है। परियोजना लागू होने के बाद वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंट सकता है। इस मामले में फिलस्तीनी और मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में स्वतंत्र फिलिस्तीनी की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।

### यूएस ने आईसीसी जजों पर लगाया प्रतिबंध

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।

### गाजा में तत्काल युद्धविराम होः यूएन

इजराइल और हमास के बीच गाजा में चल रहा संघर्ष नागरिकों के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। गुटेरेस ने कहा कि गाजा में तुरंत युद्धविराम और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई जरूरी है। गाजा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से होने वाली मौत और विनाश से बचना जरूरी है।

### हमास ने संघर्षविराम की इच्छा जताई

इजराइली हमलों में तेजी के बाद हमास ने संघर्षविराम समझौता करने की इच्छा जताई है। मिस्त्र ने इस मुद्दे पर इजराइली सरकार से बात की, लेकिन इजराइली पीएम फिलहाल इस समझौते में रुचि नहीं ले रहे हैं। इजराइली सरकार ने फिलहाल संघर्षविराम पर बातचीत के लिए अपनी टीम कतर और मिस्त्र नहीं भेजने का फैसला किया है।

### भारत-वियतनाम के बीच उच्चस्तीय बैठक

# 'समुद्री सुरक्षा' सहयोग और क्षमता निर्माण क्षेत्र में सहयोग पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और वियतनाम के कोस्ट गार्ड्स के बीच छठी उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को हनोई में आयोजित हुई। दोनों देशों की कोस्ट गार्ड एजेंसियों के बीच यह बैठक 2015 में हुए समझौते के तहत हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय कोस्ट गार्ड के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद प्रकाश बडोला और वियतनाम कोस्ट गार्ड के वाइस कमांडेंट मेजर जनरल वू ट्रुंग कियेन ने की। बैठक में समुद्री खोज एवं बचाव समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने हाल ही में हुई जहाज यात्राओं और पेशेवर आदान-प्रदान की समीक्षा की और भविष्य में संयुक्त गतिविधियों को जारी रखने का निर्णय लिया। खास तौर पर सीमा-पार समुद्री अपराधों जैसे तस्करी, मानव तस्करी और अवैध मछली पकड़ने से निपटने में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# वेल्लोर इंस्टीट्यूट ने आयोजित किया छात्र सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चेन्नई

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई ने आयोजित क्रिस्टल कनेक्शंस पूर्व छात्र सम्मेलन के दौरान अपने पूर्व छात्रों को पूर्व छात्र उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए। सिनेमा जगत के दिग्गज और सांसद डॉ. कमल हासन ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, वीआईटी के संस्थापक-कुलपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने समारोह की अध्यक्षता की और वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ.जीवी सेल्वम ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। डॉ. कमल हासन ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को जीवन में असफलताओं का साहस के साथ सामना करना चाहिए और सफलता की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम शायद ही कभी स्वतंत्रता की बात करते हैं - असफल होने की स्वतंत्रता, जिसके बिना कोई भी नवाचार संभव नहीं है, क्योंकि जो देश असफलता से डरता है, वह कभी अपनी वास्तविक क्षमता का पता नहीं लगा पाएगा। भारत में, असफलता को भी अक्सर आजीवन कारावास की तरह माना जाता है, और यह डर गरीबी से कहीं ज़्यादा सपनों को मार देता है।' उन्होंने बताया कि हर सफलता की कहानी में लोग उन असफलताओं की लंबी सूची की प्रशंसा करते हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखीं। डॉ. कमल हासन ने कहा कि हर 100 विचारों में से 90 पहले पाँच सालों में ही विफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा, 'सिलिकॉन वैली में इसे एक अनुभव माना जाता है। भारत में इसे शर्म की नज़र से देखा जाता है।' वीआईटी के संस्थापक और कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि केवल शिक्षा, विशेषकर उच्च शिक्षा ही भारत को एक विकसित देश बना सकती है।



### *छात्र नौकरी ढूंढ़ने के बजाए उद्यमी बनें और दूसरों को नौकरी प्रदान करें*

*वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ.जी.वी.सेल्वम ने कहा कि छात्र नौकरी ढूंढ़ने के बजाय उद्यमी बनें और दूसरों को नौकरी प्रदान करें। उन्होंने कहा, 'जो लोग अपनी आजीविका के लिए विदेश जाते हैं, मैं उनसे कहूंगा-वहां जाएं, वहां सीखें, वहां कमाएं और लौटकर अपनी मातृभूमि (भारत) की सेवा करें। इस समारोह में डॉ. वीएस कंचना भास्करन, कुलपति, वीआईटी, डॉ. टी.त्यागराजन, प्रो वाइस चांसलर, वीआईटी चेन्नई, डॉ. के.सत्यनारायणन, निदेशक, वीआईटी चेन्नई, डॉ. पीके मनोहरन, अतिरिक्त रजिस्ट्रार, वीआईटी चेन्नई और डॉ. मनोज कुमार राजगोपाल, अध्यक्ष, इंस्टीट्यूशनल चेन्नई चैप्टर, वीआईटी एलुमनी एसोसिएशन (वीआईटीएए) शामिल रहे।*

## केपी ग्रुप ने किया सरकारी साझेदारियों का समर्थन प्राप्त

**नई दिल्ली।** केपी ग्रुप 2030 तक 10 गीगावाट क्षमता तक पहुंचने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ अपने विस्तार को आगे बढ़ा रहा है। गुजरात में पहले से ही चल रही परियोजनाओं के साथ, यह ग्रुप राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसे मजबूत ऑर्डर बुक और सरकारी साझेदारियों का समर्थन प्राप्त है। केपी ग्रुप ने 2.6 गीगावाट से अधिक क्षमता वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए गुजरात, ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, साथ ही अन्य राज्यों में नए अवसरों की तलाश भी कर रहा है। केपी ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, डॉ. फारुक पटेल ने कहाकि राज्य सरकारों, खासकर गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा के साथ हमने जो साझेदारियां की हैं, वे तो बस एक शुरुआत हैं।

# शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 82,000 अंक पार

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- बीएसई सेंसेक्स में 143 अंक की तेजी
- आईसीआईसीआई बैंक व रिलायंस में रही तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 82,000 अंक के स्तर को पार कर गया। आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित दायरे में कारोबार के बाद 142.87 अंक चढ़कर 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 373.33 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 33.20 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,083.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। छह दिनों की तेजी में सेंसेक्स कुल 1,765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी 596 अंक यानी 2.4 प्रतिशत चढ़ चुका है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में एसएंडपी द्वारा भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाए जाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर राज्यों के मंत्रियों के समूह ने केंद्र के पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब संरचना अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी परिषद अगले महीने इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला ले सकती है।

### बाजार में मिले जुले संकेत

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "वायदा अनुबंध सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में ढीला-ढाला कारोबार देखने को मिला। मिले-जुले संकेतों के बीच बाजार काफी हद तक स्थिर ही रहे। निफ्टी की शुरुआत सपाट हुई और पूरे कारोबारी सत्र में यह एक सीमित दायरे में बना रहा।"

## रिपोर्टः रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान सबसे सस्ते, मिल रहा अधिक डेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान अन्य टेलीकॉम ऑपरेटरों की तुलना में अभी भी सबसे सस्ते बने हुए हैं। एनालिस्ट हाउस बीएनपी पारिबास ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हालिया टैरिफ में किए गए बदलावों के बावजूद जियो के लोकप्रिय प्लांस सस्ते होने के साथ अधिक डेटा भी उपलब्ध करा रहे हैं। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि टेलीकॉम सेक्टर की तीनों बड़ी कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के एंट्री लेवल प्लान्स अब 299 रु के हो गए है। पर रिलायंस जियो के ग्राहकों को एक जैसी कीमतों के बावजूद अधिक डेटा मिल रहा है। बीएनपी पारिबास ने एक टेबल जारी कर बताया है कि कीमतों के हिसाब से देखे तो 299 रु वाले 28 दिनों के प्लान में रिलायंस जियो 1.5 जीबी डेटा रोजाना उपलब्ध कराता है। वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 299 रु में सिर्फ 1 जीबी डेटा प्रतिदिन ही ग्राहकों को इस्तेमाल के लिए देते हैं। रिलायंस जियो 28 दिनों के 1.5 जीबी प्लान के लिए 299 रु ले रहा है वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया समान अवधि के 1.5 जीबी प्लान के लिए 50 रु ज्यादा यानी 349 रु चार्ज कर रहे हैं। इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय प्लान्स मे से एक 84 दिनों वाले 1.5 जीबी प्रतिदिन के प्लान के लिए जहां एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 859 रुपए ले रहे हैं। वहीं जियो इसी तरह के प्लान के लिए 60 रु कम यानी मात्र 799 रु ही ग्राहकों से ले रहा है। इसी 799 रुपए वाले रिलायंस जियो के रिचार्ज प्लान को बंद करने की खबरें आई थी, जिसका कंपनी ने खंडन किया है।

## 128 टेंट व्यापारी 5 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने श्रीलंका के लिए रवाना



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश 128 टेंट व्यापारी श्रीलंका की राजधानी कोलंबो रवाना हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि इस अधिवेशन देशभर से 26 प्रदेशों के व्यापारी अपनी सहभागिता कर रहे हैं। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष संजय जैन, महासचिव (संगठन) राजेश हार्डिया ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन 5 दिवसीय होगा, जो कि 20 से 24 अगस्त तक रहेगा। महासचिव गुड्डा अग्रवाल ने कहाकि अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाने है जिसमें प्रमुख रूप से जीएसटी की दरों को 18 फीसदी से कम कर 12 फीसदी कि एजाने का प्रस्ताव पास किया जाना है। राष्ट्रीय अधिवेशन श्रीलंका में रवाना होने वालों में मुख्य रूप से परमजीत सिंह खनूजा, प्रदीप अग्रवाल, राजेश हडिया, संजय जैन,स्वदेश सोनी, मुन्ना वर्मा,अमित खनूजा, मुकेश वर्मा, प्रदीप जैन, हरिनारायण गुप्ता आदि व्यापारी शामिल हैं।

# विप्रो करेगी हर्मन के डीटीएस कारोबार का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- सौदे का मूल्य 3,270 करोड़ रुपए तक होगा
- हर्मन, सैमसंग की अनुषंगी कंपनी है

देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने सैमसंग की अनुषंगी हर्मन की डिजिटल रूपांतरण समाधान (डीटीएस) इकाई का अधिग्रहण करने के लिए पक्का समझौता किया है। इस सौदे का मूल्य 37.5 करोड़ डॉलर (करीब 3,270 करोड़ रुपये) तक होगा। विप्रो ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिका, यूरोप और एशिया में कार्यरत डीटीएस के 5,600 से अधिक कर्मचारी विप्रो का हिस्सा बन जाएंगे। कंपनी ने कहा, /"विप्रो (अपनी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से) ने 21 अगस्त, 2025 को हर्मन कनेक्टेड सर्विसेज इंक और उसकी अनुषंगी इकाइयों एवं कुछ अन्य परिसंपत्तियों में 100 प्रतिशत शेयरधारिता हासिल करने के लिए हर्मन इंटरनेशनल इंडस्ट्रीज इंक के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।/"यह अधिग्रहण सौदा 31 दिसंबर, 2025 तक पूरा होने की संभावना है। अधिग्रहण के बाद डीटीएस को विप्रो के इंजीनियरिंग वैश्विक व्यवसाय खंड में शामिल कर लिया जाएगा।

## सैमसंग ने पेश किए गैलेक्सी बड्स थ्री एफई

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने गैलेक्सी बड्स लाइनअप में नया सदस्य गैलेक्सी बड्स थ्री एफई लांच करने की घोषणा की। कंपनी का उद्देश्य है कि और अधिक लोगों तक ऑडियो इनोवेशन पहुंचाया जाए। गैलेक्सी बड्सथ्री एफई को प्रीमियम फीचर्स और किफायती दाम पर तैयार किया गया है। इनमें शामिल हैं- आइकॉनिक ब्लेड डिजाइन, अपग्रेडेड ऑडियो परफॉर्मेंस और गैलेक्सी एआई क्षमताएँ, जो इन्हें गैलेक्सी इकोसिस्टम से और भी मजबूती से जोड़ती हैं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितंबर/25)

**फायनेंस**

फाइनेंस- आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्क:- 9310481187 (रायपुर /22/अगस्त/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## क्रॉम्पटन स्थापित करेगा 1,884 सोलर वाटर पंप

**मुंबई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने हरित ऊर्जा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से मागेल त्याला सौर कृषि पंप योजना, पीएम-कुसुम बी योजना से अनुमोदन प्राप्त कर लिया है। इस अनुबंध में 1,884 ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवोल्टाइक वाटर पंपिंग सिस्टम्स (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परिवहन, इंस्टॉलेशन, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य है।

## इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जारी की 'आईटीआर- 6 एक्सेल यूटिलिटी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर-6 फॉर्म का एक्सेल यूटिलिटी जारी कर दी है। यह यूटिलिटी कंपनियों के लिए है। इसकी मदद से कंपनियां इनकम टैक्स रिटर्न आसानी से फाइल कर सकती हैं। यह नया टूल ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है और इसमें कई अपडेटेड फीचर्स शामिल हैं, जो कंपनियों के लिए रिटर्न भरने की प्रक्रिया को और आसान बनाते हैं। आइए जानते हैं कि यह फॉर्म कौन भर सकता है, यह किसके लिए है और इसे भरने के लिए क्या चाहिए। आईटीआर-6 फॉर्म खास तौर पर उन कंपनियों के लिए है, जो कंपनी एक्ट, 2013 या उससे पहले के कंपनी एक्ट, 1956 के तहत रजिस्टर्ड हैं। इसमें प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां, पब्लिक लिमिटेड कंपनियां और वन पर्सन कंपनियां शामिल हैं। हालांकि, वे कंपनियां जो इनकम टैक्स एक्ट की धारा 11 के तहत छूट का दावा करती हैं, वे इस फॉर्म को नहीं भर सकतीं।

## एचडीएफसी बैंक ने किया एआई कंपनी कोरोवर में निवेश किया

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एआई कंपनी कोरोवर में निवेश की घोषणा की है। कोरोवर एक अग्रणी, संप्रभु और उद्यम-स्तरीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) है जिसने भारतजीपीटी का निर्माण किया है। कोरोवर का उपयोगकर्ता आधार लगभग 1 अरब है और इस पर 25,000 से अधिक उद्यम और डेवलपर्स भरोसा करते है जो संवादात्मक एआई एजेंट, एआई सहायक (वीडियोबॉट, वॉयसबॉट, चैटबॉट) और टेलीफोनी एआई समाधान विकसित करता है। ये समाधान भारतजीपीटी द्वारा संचालित हैं।

## ईएसआईसी ने जून में जोड़े 19.37 लाख नए सदस्य




**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून में 19.37 लाख नए सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी नवीनतम पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा, " जून, 2025 में 34,762 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई।" ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि जून में 19.37 लाख नए कर्मचारी जुड़े। इनमें से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 9.58 लाख लोग हैं जो कुल पंजीकरण का 49.50 प्रतिशत हैं। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.13 लाख रहा। इसके अलावा कुल 87 ट्रांसजेंडर कर्मचारी भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत थे।

## राशिफल

**मेष** - मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** - मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** - वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** - आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** - किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** - किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** - आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## आईसीएआई भोपाल शाखा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवदृष्टिः एक्सप्लोरिंग न्यू होराइजंस टुगेदर' कल से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सीआईआरसी) की भोपाल शाखा का बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवदृष्टिः एक्सप्लोरिंग न्यू होराइजन्स टुगेदर' का आयोजन 23 एवं 24 अगस्त को कोर्टयार्ड बाय मैरियट डीबी सिटी मॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक और आईसीएआई भोपाल शाखा के अध्यक्ष सीए अर्पित राय ने बताया कि यह महत्वपूर्ण व्यावसायिक आयोजन आईसीएआई की कंटिन्यूइंग प्रोफेशनल एजुकेशन (सीपीई) समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है तथा इसमें भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को 12 सीपीई घंटे प्रदान किए जाएंगे। शनिवार को तकनीकी सत्र 1 में आयकर कानून में हाल के न्यायिक निर्णय पर चर्चा की जाएगी जिसमें वक्ता दिल्ली के कपिल गोयल रहेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं वित्तीय पेशेवरों को नवीनतम रुझानों, न्यायिक निर्णयों, कर नीतियों, डिजिटल नवाचारों और उभरते वैश्विक अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक समय मंच उपलब्ध कराना है। सुव्यवस्थित तकनीकी सत्रों और विशेषज्ञों द्वारा संचालित संवाद के माध्यम से यह सम्मेलन प्रतिभागियों को ऐसे उपयोगी दृष्टिकोण प्रदान करेगा जो उनके पेशेवर कौशल को सुदृढ़ करेंगे और उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाएंगे।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - मण्डला ( म.प्र.)**
modgmmad@mp.gov.in

क्रमांक MIN/2/0007/2025-O/OMINING-COLL-MDL मण्डला दिनाक 14.08.2025

**-: सूचना :-**

(म. प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 ) )

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति श्रद्धा उइके करवेती निवासी ग्राम टिकरवारा तहसील मंडला जिला मंडला म.प्र. द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18–(1) के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन कर इस कार्यालय में दिनांक 05.08.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

**अनुसूची -सारिणी**


| ग्राम पटवारी ह.न. | तहसील का नाम | खसरा नंबर | आवेदित खनिज का नाम | आवेदित क्षेत्र का रकवा | भूमि का विवरण शासकीय / निजी | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| करवाही | बिछिया | 225 | गिट्टी, बोल्डर, एम सेण्ड | 2.48 | निजी | - |
| | | | | कुल रकवा 2.00 हे. | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मण्डला में आपत्ति का लेख / कारण दशार्ते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

सहायक खनि अधिकारी
जिला मण्डला म.प्र.

G-17529 /25

## शब्द पहेली - 5965



**बाएँ से दाएँ**
1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40.वहम,संदेह-2

### शब्द पहेली -5964 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | म्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |

## सूडोकु नवताल - 5975

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5974 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

MANGAL SENACHA BANGALORE



कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।


तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी



ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी वर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

एआई इमेज

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी

बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *




**किताब** : मारी का सफर, **लेखिका** : लावण्या कार्तिक, **अनुवाद** : सीमा, **मूल्य** : 70 रुपए, **प्रकाशक** : एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु


जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर




छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *

### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया, 'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'



एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



रितेश, मटियारी



भव्या, बिलासपुर



प्रगति, बिलासपुर



गोपिका, ईमेल से



शुभम, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, हीथर की वापसी

**लंदन।** पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उने 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं।

### खेल दिवस पर देश में होंगे तीन दिन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें नागरिकों को 'एक घंटा खेल के मैदान पर' देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा,' जब भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को यह दिखाना जरुरी है कि देश में खेल अब जन आंदोलन का रुप ले रहा है।'

### सेमीफाइनल में श्रुति सारिका और काजल




**समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा।

### 23 अगस्त से राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे,



जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख रुपए है। प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के खेलने के कारण हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है और मेरा मानना है कि यह प्रतियोगिता देश भर के कई और खिलाड़ियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।'

---

**द हंड्रैड**

# हेनरी ने चौंकाया, 16 बॉल फेंकी डॉट, 5 रन देकर चटकाए दो विकेट, बने दूसरे किफायती गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में खेले जा रहे द हंड्रैड में न्यूजीलैंड के धाकड़ गेंदबाज मैट हेनरी ने कमाल कर दिया है। हेनरी ने महज 20 गेंदों में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिससे उनका नाम द हंड्रैड के इतिहास में दर्ज हो गया है। हालांकि, हेनरी का ये कारनामा उनकी टीम को जीत नहीं दिला सका लेकिन फिर भी उनकी गेंदबाजी ने सभी को चौंका दिया। दरअसल, मैट हेनरी ने वेल्श फायर और साउदर्न ब्रेव के बीच कार्डिफ में खेले गए द हंड्रैड 2025 के 21वें मुकाबले में गेंद से कहर बरपाया। हेनरी ने






20 गेंदों में 16 गेंदें डॉट फेंकी। उन्होंने सिर्फ 5 रन खर्च किए और साउदर्न ब्रेव के 2 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस तरह वह द हंड्रेड के इतिहास में दूसरा सबसे किफायती स्पेल डालने वाले गेंदबाज बन गए। बता दें, द हंड्रेड में सबसे किफायती गेंदबाजी का रिकॉर्ड स्पेंसर जॉनसन के नाम है। जॉनसन ने साल 2023 में अपनी 20 गेंदों में सिर्फ 1 रन देकर तीन विकेट झटके थे। वेल्श फायर बनाम साउदर्न ब्रेव मैच में भले ही स्पेंसर जॉनसन का रिकॉर्ड नहीं टूट सका लेकिन द हंड्रैड में मैट हेनरी की गेंदबाजी का डंका बज गया।

### साउदर्न ब्रेव की रोमांचक जीत

*मैट हेनरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेल्श फायर की टीम साउदर्न ब्रेव को 129/8 रन के स्कोर पर रोकने में सफल रही लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी। 130 रनों के लक्ष्य के जवाब में वेल्श फायर की टीम 100 गेंदों में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। इस तरह साउदर्न ब्रेव ने 4 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।*

### आर्चर ने झटके सबसे ज्यादा विकेट

*साउदर्न ब्रेव के लिए गेंदबाजी में इंग्लिश गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा विकेट झटके। आर्चर ने 20 गेंदों में 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने 9 गेंदें डॉट फेंकी। आर्चर के अलावा जेम्स कोल्स और क्रेग ओवरटन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। गौरतलब है कि द हंड्रैड 2025 में साउदर्न ब्रेव 6 मैचों में 12 पॉइंट के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है जबकि वेल्श फायर 5 मैचों में अब तक सिर्फ एक ही जीत दर्ज कर सकी है। वेल्श फायर 4 पॉइंट के साथ आखिरी पायदान पर है।*

---

## कड़े मुकाबले में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 से हराया

# अमेरिकी ओपन : इरानी और वावसोरी ने जीता मिक्सड डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर ( करीब 8.71 करोड़ रुपए ) की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पहले इस नए प्रारुप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।




### 24 अगस्त से शुरू होंगे सिंगल मुकाबले

*वावसोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।*

### हमारे लिए खेलना जरूरी था

*वावस्सोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे लिए खेलना जरूरी था। जैसे, मुझे कहना होगा कि यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह वाकई एक संदेश था कि युगल मुकाबले कुछ बेहतर बन सकते हैं। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। लोग इसका आनंद ले रहे थे। अगर कुछ काम नहीं करता है, जैसे, हमने आज दिखाया कि वह काम कर रहा है। लोग तो पागल हो रहे थे। यह एक ऐसा माहौल था, जिसका आनंद युगल खिलाड़ियों को कम ही मिलता था और अमेरिकी ओपन के आयोजकों ने भी यही चाहा था जब उन्होंने अपने टूर्नामेंट में आमूलचूल परिवर्तन किया और इसे एकल मुकाबले शुरू होने से पहले रविवार को आयोजित किया, इस उम्मीद में कि टेनिस के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी इसमें खेलेंगे।*

### अमेरिकी ओपन में नहीं चल पाए बड़े नाम

इस आयोजन में पूर्व अमेरिकी ओपन एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज, एम्मा राडुकानू, नोवाक जोकोविच, नाओमी ओसाका और डेनियल मेदवेदेव जैसे दिग्गज शामिल थे, जो पहले दिन ही हार गए थे। उनके बिना भी,आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए तीनों मैचों के लिए लगभग सभी सीटें भरी हुई थीं, हालाँकि दोपहर में ज़्यादातर बारिश होने के कारण स्टेडियम की छत बंद थी।

### अमेरिकी टेनिस संघ ने उठाया साहसिक जोखिम

रूड ने स्वीकार किया कि अमेरिकी टेनिस संघ ने अपने बदलावों के साथ एक साहसिक जोखिम उठाया है,आलोचकों का कहना है कि इसने चैंपियनशिप को, पहले तीन राउंड में चार सेटों तक छोटा करके, एक शानदार प्रदर्शन में बदल दिया है, न कि पहले के दो हफ़्ते, 32-गेम वाले आयोजन में। लेकिन युगल में विशेषज्ञता रखने वाले खिलाड़ी भी इस बात से सहमत थे कि इस आयोजन को उनकी आदत से कहीं ज़्यादा ध्यान मिला।

---

**सिंकफील्ड कप**

# गुकेश को सेवियन ने ड्रा पर रोका, प्रज्ञाननंदा ने बांटे अंक



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

### प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना संयुक्त बढ़त पर

एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ के साथ अंक बांटे।



इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने यहां अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल कर खाता खोला है।

---

**रणजी ट्रॉफी**

# रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी, कहा-नए कप्तान तैयार करने का सही समय

एजेंसी ▶▶| मुंबई



अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र से पहले गुरुवार को मुंबई के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि यह नया नेतृत्वकर्ता तैयार करने का सही समय है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि एक बल्लेबाज के रूप में टीम में बना रहेगा। रहाणे ने अभी तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 201 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 14 हजार से अधिक रन बनाए हैं। रणजी सत्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी।

### एमसीए के साथ सफर रखूंगा जारी

रहाणे ने एक्स पर लिखा, 'मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। आगे नए घरेलू सत्र को देखते हुए मेरा मानना है कि नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है और इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और एमसीए (मुंबई क्रिकेट संघ) के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हमें और अधिक ट्रॉफी जीतने में मदद मिल सके। मैं आगामी सत्र में खेलने को लेकर उत्साहित हूं।'

### मुंबई ने 2023-24 में रणजी ट्रॉफी का जीता था खिताब

रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 के सत्र में फाइनल में विदर्भ को हराकर रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी जीती थी। रहाणे की कप्तानी में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीती थी लेकिन अब राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की उनमें कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बावजूद यह स्टार बल्लेबाज राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें आखिरी टेस्ट जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उन्होंने 90 एकदिवसीय और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी देश



का प्रतिनिधित्व किया है। रहाणे ने सबसे छोटे प्रारुप में भी अपने खेल को निखारा, जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान बनाया गया। रहाणे और एक अन्य सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद में अब भी घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं।

---

# गेंदबाजों को पास करना होगा ब्रोंको टेस्ट, बीसीसीआई ने बदला फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड खिलाड़ियों की फिटनेस को जांचने के लिए एक नया नियम लाया है। इस नियम का नाम ब्रोंको टेस्ट है। यह रग्बी से क्रिकेट में लिया गया है। इससे खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को परखा जाएगा। साथ ही यह टेस्ट मैदान पर टिके



रहने और लंबी दूरी तक रनिंग क्षमता की परीक्षा लेगा। मुख्य रूप ये ब्रोंको टेस्ट गेंदबाजों के लिए है। इस टेस्ट को पास करने के बाद ही खिलाड़ी को टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खिलाड़ियों के स्टैमिना को बढ़ाने और उन्हें लंबे समय तक फिट रखने के लिए ब्रोंको टेस्ट अनिवार्य किया गया है।

**क्या है ब्रोंको टेस्ट** : ब्रोंको टेस्ट से ही अब खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को परखा जाएगा। इसमें खिलाड़ी को एक सेट में 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की शटल रन पूरी करनी होती है। इस तरह से कुल पांच सेट बिना रुके पूरे करने होते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों को ब्रोंको टेस्ट 6 मिनट के अंदर पास करने को बोला गया है।

---

# विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है, जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा।

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे।



इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।'

### 1990 के दशक में नियम को कर दिया किनारा

ओलंपिक खेलों में पहले गुणसूत्र परीक्षण आम था, लेकिन 1990 के दशक में इससे किनारा कर दिया गया था क्योंकि ठोस परिणाम पर नहीं पहुंचा जा रहा था। कई खेलों ने लिंग योग्यता निर्धारित करने के लिए हार्मोन परीक्षण का सहारा लिया, लेकिन इन परीक्षणों के लिए नियामक निकायों को उन खिलाड़ियों को लेकर कड़ा फैसला करना पड़ता है, जिनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर अधिक पाया जाता है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने इसके साथ ही कहा कि परीक्षण कराने और परिणाम प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की है। इस साल की शुरुआत में विश्व एथलेटिक्स गुणसूत्र परीक्षण को फिर से शुरू करने वाला पहला ओलंपिक खेल बना था।

---

## एशिया कप : चीन के हांगझोउ में 5 से 14 सितंबर तक होगा टूर्नामेंट

# महिला हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा की कप्तानी बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर 6 सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच 8 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।



### महिला भारतीय टीम

**गोलकीपर:** बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम
**डिफेंडर:** मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी
**मिडफील्डर:** नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो
**फारवर्ड:** नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।

### सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं

टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है, जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं।

### टीम में अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का संतुलन

हॉकी इंडिया के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं।' सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं। हरेंद्र ने कहा, 'यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।'

सीबीआई कोर्ट का फैसला

# 1.21 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में तीन डाक अधिकारियों को जेल भेजा



**जबलपुर ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने मध्य प्रदेश के डाक विभाग के तीन अधिकारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और सजा सुनाई । इससे सरकारी खजाने को 1.21 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सीबीआई के अनुसार, अदालत ने बुधवार को सागर जिले के बीना एलएसजी उप डाकघर के तत्कालीन उप डाकपाल विशाल कुमार अहिरवार को 39 हजार रुपये के जुर्माने के साथ पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशाल कुमार अहिरवार के सहयोगी हेमंत सिंह और रानू नामदेव, जो दोनों उसी शाखा में उप डाकपाल के रूप में कार्यरत थे, को चार-चार साल के कठोर कारावास और सात हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। सीबीआई ने 17 नवंबर, 2022 को विशाल कुमार अहिरवार और अन्य के विरुद्ध एक जनवरी, 2020 से पांच जुलाई, 2021 के बीच आरोपित अधिकारियों द्वारा डाकघर में अपने पदों का दुरुपयोग करने के आरोपों के बाद अन्य लोगों पर आरोप तय किए गए। जांच से पता चला कि उन्होंने कई डाक बचत खातों में हेराफेरी की और जाली पासबुक जारी करके सरकारी धन का गबन किया। सीबीआई के बयान में कहा गया कि आरोपितों ने सरकारी खजाने को 1,21,82,921 रुपये का गलत नुकसान पहुंचाया और खुद को भी गलत लाभ पहुंचाया। जांच के बाद, 29 दिसंबर, 2023 को जबलपुर स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया गया। विस्तृत सुनवाई के बाद, अदालत ने तीनों को भ्रष्टाचार और संबंधित आरोपों में दोषी ठहराया। अधिकारियों ने कहा कि यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि न्यायपालिका सार्वजनिक धन के संरक्षकों से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों को कितनी गंभीरता से लेती है। सीबीआई ने हाल के महीनों में डाक और बैंकिंग क्षेत्रों में वित्तीय धोखाधड़ी पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, जो सीधे तौर पर .नागरिकों की बचत को प्रभावित कर सकता है। यह दोषसिद्धि केंद्रीय एजेंसी के सरकारी विभागों, विशेष रूप से सार्वजनिक धन का प्रबंधन करने वाले विभागों में प्रणालीगत भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने पर केंद्रित होने को भी उजागर करती है, क्योंकि इससे आम आदमी को कष्ट होता है और सरकार को नुकसान होता है।

## संस्कृत विद्यालयों के परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों के लिए होगी विशेष परीक्षा

**जबलपुर।** पूर्व आदेश की अवहेलना के मामले में महर्षि पतंजली संस्कृत संस्थान भोपाल के संचालक प्रभात राज तिवारी एवं असिस्टेंट डायरेक्टर रेशमा लाल गुरुवार को हाईकोर्ट में हाजिर हुए। उन्होंने कोर्ट में अभिवचन दिया कि संस्कृत विद्यालयों के जो विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हुए हैं, उनके लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। ऐसे छात्रों की संख्या दो हजार से अधिक है। छात्रों को आवेदन पेश करने पोर्टल खोला जाएगा। उन्हें 7 दिन के भीतर आवेदन पेश करना होगा। अधिकारियों के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने 45 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। विगत 14 अगस्त को हाईकोर्ट ने उक्त अधिकारियों को नोटिस जारी कर पूछा था कि नियम स्थगित करने के बावजूद याचिकाकर्ता संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल क्यों नहीं किया गया। पुष्पांजली संस्कृत विद्यालय सिंगरौली व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एनएस रूपराह व मुस्कान आनंद ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पतंजली संस्थान ने एक आदेश जारी कर यह शर्त रखी थी कि उनके संस्थान से संबद्ध जिन विद्यालयों के छात्रों ने माशिमं या सीबीएससी से नौवीं या ग्यारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें दसवीं और बारहवीं में परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा। इससे क्षुब्ध होकर पूर्व में एक याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2025 को संस्थान के उक्त आदेश को स्थगित कर दिया था। इसके बावजूद संस्थान ने याचिकाकर्ता विद्यालयों के करीब 22 सौ विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल नहीं किया। दलील दी गई कि 22 अगस्त से पूरक परीक्षाएं होनी हैं, इसलिए अवमानना याचिका दायर की गई है।

**महर्षि पतंजली संस्कृत संस्थान भोपाल के संचालक एवं असिस्टेंट डायरेक्टर ने हाईकोर्ट में दिया अभिवचन**





# ट्रांसमिशन लाइनों के समीप घातक निर्माणों से सचेत करने अभियान

**जबलपुर।**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा प्रदेश में एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के आसपास प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा के निर्धारित मानकों की अनदेखी कर बने घातक व अवैध निर्माणों को हटाने और नागरिकों को विद्युत सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

नियमानुसार विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से 132 के.वी. व उससे अधिक क्षमता की ट्रांसमिशन लाइनों के दोनों ओर 27 मीटर का कॉरीडोर प्रतिबंधित क्षेत्र है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण वर्जित है, क्योंकि ट्रांसमिशन तारों के हवा के दबाव से झूलने (स्विंग) की स्थिति में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**ट्रांसको ने अब तक 3 हजार 610 को दिए नोटिस : तोमर**

### 600 से 950 गुना घातक है घरेलू बिजली से

प्रदेश में अनेक स्थानों पर ऐसे अवैध निर्माण पाए गए हैं, जो न केवल मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा हैं बल्कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति को भी लंबे समय के लिए बाधित कर सकते हैं। घरेलू बिजली की तुलना में ट्रांसमिशन लाइनों में प्रवाहित धारा लगभग 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

### प्रदेश में दिये गये 3610 नोटिस

पूरे प्रदेश में 3610 नोटिस ऐसे लोगों को दिए गए हैं जिन्होंने पहले से विद्यमान ट्रांसमिशन लाइन के समीप प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र में अपने निर्माण कर लिए हैं। इनमें से सर्वाधिक संख्या इंदौर की है जहां 1031 नोटिस दिए गए हैं। इसके अलावा राजधानी भोपाल में 855 जबलपुर में 544 तथा ग्वालियर क्षेत्र में 277 नोटिस दिए गए हैं। इंदौर शहर के अलावा मालवा - निमाड़ क्षेत्र में 903 नोटिस एम.पी. ट्रांसको द्वारा जारी किये गए हैं।

### दी जा रही है लगातार समझाइश

एम.पी. ट्रांसको की टीमें प्रदेश में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, जनजागरूकता कार्यक्रम और नोटिस के माध्यम से लोगों को समझाइश दे रही हैं। अब तक अनेक नोटिस जारी किए जा चुके हैं और अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई प्रशासन की मदद से की जा रही है।



## सरकारी स्कूलों में अब 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षा भी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर

**जबलपुर।** पहले सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक की त्रैमासिक और छमाही परीक्षा कब हो जाती थी, पता नहीं चलता था। इस बार भी ये परीक्षाएं होंगी। लेकिन इस बार इन परीक्षाओं को लगभग लगभग बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर कराया जाएगा। इस बार परीक्षा में संयुक्त संचालक शिक्षा व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित दल न केवल परीक्षाओं का निरीक्षण करेंगे, बल्कि परीक्षा का रिजल्ट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। लोक शिक्षण विभाग ने परीक्षाओं की समय सारणी भी घोषित कर दी हैं। अब शिक्षा विभाग परीक्षाओं को सुचारू कराने के लिए दल गठित करने का काम शुरू कर दिया है।

पहले त्रैमासिक परीक्षा व छमाही परीक्षा की समय सारणी स्कूल अपने स्तर से बनाते थे और अपनी सुविधा अनुसार ही परीक्षा कराते थे। अब पूरे प्रदेश में एक साथ परीक्षा होगी। हालांकि बोर्ड 9वीं से 12वीं तक की परीक्षाओं की तिथि व समय सारणी जारी करता था। पहले त्रैमासिक व छमाही की परीक्षा स्कूल स्तर पर होती थी और प्रश्नपत्र भी स्कूल के शिक्षक ही बनाते थे। अब लोक शिक्षण विभाग ही प्रश्न पत्र बनाएगा और पोर्टल पर प्रश्नपत्र वाले दिन उपलब्ध होंगे। जिनकी प्रिंट लेकर फोटो कापी कराकर प्रश्नपत्र छात्रों को दिए जाएंगे। पहले शिक्षा विभाग के दल भी इन परीक्षाओं का निरीक्षण नहीं करते थे। लेकिन इस बाद संयुक्त संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित दल परीक्षाओं का निरीक्षण करेंगे। इन्हें भी एक दिन में कम से कम 10-10 स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। पहले त्रैमासिक व छमाही परीक्षा का परिणाम व छात्रों के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं होते थे। अबकी बार परिणाम 20 सितंबर तक पोर्टल पर अपलोड करना है।

**लोक शिक्षण विभाग ने परीक्षाओं की समय सारणी घोषित की, परीक्षा का रिजल्ट पोर्टल पर किया जाएगा**

### क्यों किया गया है ऐसा

विभाग के अफसरों का कहना है कि इससे छात्र व स्कूलों के शिक्षक परीक्षा की गंभीरता को समझेंगे। साथ ही प्रश्नपत्र भी बोर्ड स्तर के होंगे। इससे छात्रों को वार्षिक परीक्षा के लिए तैयारी करने में भी आसानी होगी।

# अफगानियों के मददगार भी रडार पर

## जांच एंजेसियां तलाश में जुटी

**जबलपुर।**

छोटी ओमती क्षेत्र में पकड़े गए अफगानी युवक सोहबत खान के मामले में अब एटीएस और अन्य जांच एजेंसियां उन लोगों की भी तलाश में जुट गई हैं, जिन्होंने उसे फर्जी दस्तावेज तैयार कराने, पुलिस वेरिफिकेशन कराने और पासपोर्ट बनवाने में मदद की थी। जांच टीम को संदेह है कि इस पूरे नेटवर्क में कुछ स्थानीय लोग भी शामिल थे, जिनकी भूमिका बेहद अहम रही है।

एटीएस ने पूछताछ के दौरान पाया कि फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों के साथ-साथ पुलिस वेरिफिकेशन में सहयोग देने वाले और पासपोर्ट कार्यालय या पोस्ट ऑफिस से मिलकर पासपोर्ट जारी कराने वाले लोग भी इस गिरोह का हिस्सा थे। अब एजेंसियां इनकी पहचान कर रही हैं और जल्द ही कई नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि अगर इस तरह की मददगार श्रृंखला का भंडाफोड़ नहीं हुआ तो विदेशी नागरिकों को आसानी से भारतीय पहचान मिलती रहेगी, जिससे गंभीर सुरक्षा खतरे पैदा हो सकते हैं। यही कारण है कि जांच का दायरा सिर्फ आरोपी सोहबत खान तक सीमित न रहकर उन सभी तक बढ़ाया जा रहा है जिन्होंने इस नेटवर्क को खड़ा करने में सहयोग किया।गौरतलब है की 1 अगस्त को एटीएस ने कार्रवाई करते हुए सोहबत खान पिता बदरुद्दीन खान को गिरफ्तार किया था। सोहबत ने जबलपुर में रहते हुए एक युवती से निकाह भी कर लिया था। उसने साल 2015 में ड्राइविंग लाइसेंस और 2020 में फर्जी दस्तावेजों से भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। इसके अलावा वह पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में रहने वाले अपने अफगानी साथियों के लिए भी जबलपुर के पते पर पासपोर्ट बनवा रहा था। इस मामले में एटीएस ने सोहबत खान के साथ-साथ दिनेश गर्ग (विजयनगर), महेंद्र कुमार सुखदन (कटंगा) और चंदन सिंह (शंकर शाह नगर) को भी गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियां अब उन लोगों तक भी पहुंच रही हैं, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज बनाने, पुलिस वेरिफिकेशन कराने और पोस्ट ऑफिस से पासपोर्ट दिलवाने में मदद की थी।

## वृद्धा के गले से सोने की चैन उतरवाकर भागे

**जबलपुर।** अपराधियों के हौसले तेजी से बुलंद है। पुलिस अपराधों पर लगाम कसने के लिए तमाम जतन कर रही है। वाहनों की चैकिंग, गुंडा परेड कराई जा रही हैं लेकिन नए नए गुंडे, लुटेरे पैदा हो रहे है जो पुलिस को चुनौती दे रहे है। गुरुवार की सुबह एक वृद्धा को दो ठगों ने रोका और उससे बोले कि आगे चाकू छुरी चल रही है चैन उतार लो, पुलिस आने वाली है। वृद्धा ने जैसे ही चैन उतारी ठगों ने उसे रुमाल में बांधने के बहाने लिया और भाग गए, ठगों का पीछा करते हुए वृद्धा गिर गई जिससे उसे चोटें आ गई है। लार्डगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेषनाग मंदिर के सामने सुपर मार्केट निवासी 69 वर्षीय श्रीमति सुधा जैन गुरुवार की सुबह अपने घर से पैदल लाखा भवन आचार्य श्री के दर्शन करने जा रही थी, सुबह लगभग 8 बजे लार्डगंज थाने के बगल के स्थित भूरामल धर्मशाला के सामने मोटर सायकल सवार दो अज्ञात ने वृद्धा को रोका और उससे बोले कि लक्ष्मी भंडार के पास चाकू छूरी चल रही है वहां काफी भीड़ जमा है पुलिस आने वाली है आप अपनी चैन उतारकर रख लो, तो उसने अपनी चैन उतार ली।

**लार्डगंज थाने के सामने ठगों ने दिखाए हौसले**

# फल व दवा व्यवसायियों के घर लाखों की चोरी

**जबलपुर।**

माढ़ोताल और विजयनगर थाना क्षेत्रों में चोरी की दो वारदाते सामने आई हैं। माढ़ोताल ग्रीनसिटी में एक फल व्यापारी के घर के दरवाजे का कुंदा काटकर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी ले गए। वहीं विजयनगर कचनार सिटी में दरवाजे की लकड़ी काटकर एलड्राफ मोड़कर दरवाजा खोलकर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गए।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई के सामने ग्रीन सिटी निवासी 42 वर्षीय फल व्यापारी बिजेंद्र पटेल गत शाम अपनी पत्नी को लेने रायगढ़ गया था। गुरुवार की सुबह लगभग 5.30 बजे घर पहुंचकर बाहर के गेट का ताला खोला तो देखा कि दरवाजे का कुंदा कटा हुआ था, अंदर रखी आलमारी का भी ताला टूटा था जिसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, चैन, 4 नग अंगूठी, बाली, चांदी की थाली, 2 करधन, 5 जोड़ी पायल, 4 जोड़ी बच्चों की पायल, कड़े, तथा नहीं थे। कोई अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गए है।

**माढ़ोताल और विजयनगर थाना क्षेत्र में वारदातें**

इसी तरह विजयनगर में कचनार सिटी निवासी 52 वर्षीय दवाई व्यापारी अजय अग्रवाल गत शाम लगभग 7.30 बजे घर का ताला लगाकर अग्रसेन कल्याण मंडपम में अग्रवाल सभा की मीटिंग के लिये चला गया था रात लगभग 9 बजे घर वापस आया और सामने के दरवाजे का ताला खोला और धक्का दिया तो दरवाजा नहीं खुला, पीछे आंगन के दरवाजे के पास जाकर देखा तो दरवाजे की लकड़ी कटी थी और एलड्राफ मुड़ा हुआ था। अज्ञात चोर दरवाजे की लकड़ी काटकर और एलड्राफ मोड़कर दरवाजा खोलकर घर में घुसकर आलमारी में रखी 1 डायमंड अंगूठी, चांदी की 4 जोड़ी पायल, एवं नगदी चोर चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




# रादुविवि में अब पेंशन का टेंशन बढ़ा

## 70 पदोन्नति पद निरस्त होने के बाद असमंजस की स्थिति

**जबलपुर।**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में 70 पदोन्नति पद निरस्त होने के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन का निर्धारण बड़ी समस्या बन गया है। तकनीकी अड़चन के चलते न केवल पेंशन मामलों का निपटारा अटका हुआ है, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, शासन के निर्देश पर आरडीयू में सभी पेंशन प्रकरणों का प्री-ऑडिट कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान ऑडिट विभाग ने कुलसचिव कार्यालय से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि शासन द्वारा निरस्त किए गए 70 पद वास्तव में कौन से हैं और किन कर्मचारियों को इन पदोन्नतियों का लाभ मिला था। चूंकि अब पेंशन का निर्धारण केवल मूल पद के आधार पर होना है, इसलिए यह जानकारी आवश्यक है।



जानकार बताते हैं कि शासन ने 1991 के बाद बिना अनुमति सृजित किए गए 70 पद निरस्त कर दिए थे। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया। यही वजह है कि पेंशन प्रकरण तकनीकी तौर पर उलझ गया है और कोई भी विभाग इस जिम्मेदारी को अपने ऊपर लेने को तैयार नहीं है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की नाराजगी

मामले के कारण सबसे ज्यादा परेशान वे कर्मचारी हैं जो विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनका कहना है कि जिस पद से वे रिटायर हुए, उसी के आधार पर उन्हें पेंशन मिलनी चाहिए। दूसरी ओर, ऑडिट विभाग का रुख साफ है कि पद निरस्त हो चुके हैं, इसलिए पेंशन मूल पद के अनुसार ही तय की जाएगी। इस खींचतान ने पेंशनर्स की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी है।

### अभी स्थिति जस की तस

फिलहाल, न तो विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट कदम उठाया गया है और न ही शासन स्तर पर समाधान निकला है। नतीजा यह है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन फंसी हुई है और विश्वविद्यालय के गलियारों में इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240